नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जन-जन की आवाज

# द न्यूज फिफ्टीन

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in



वर्ष :01 | अंक : 170 | नई दिल्ली, शनिवार 17 अगस्त 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |

टाइम ट्रेवल पर आधारित फिल्म में नजर... पेज-12

## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इजराइली समकक्ष नेतन्याहू से बात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फोन किया। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने स्थिति को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने सभी बंधकों की तत्काल रिहाई और प्रभावितों के लिए निरंतर मानवीय सहायता की आवश्यकता के लिए भारत के आह्वान को दोहराया। उन्होंने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं और भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नेतन्याहू के फोन कॉल और हार्दिक शुभकामनाओं की सराहना करता हूं।

### कांग्रेस ने कारा को सौंपी जम्मू कश्मीर की कमान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता तारीक हामिद कारा को जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल में यह जानकारी देते हुए आज देर रात बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे उनके नाम को मंजूरी दी है। इसके साथ ही पार्टी ने वरिष्ठ नेता तारा चंद और रमन भल्ला को प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने वरिष्ठ नेता विकार रसूल वानी को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति का विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया है। अब तक इस पद का दायित्व निभा रहे श्री कारा को इस जिम्मेदारी से मुक्त किया गया है। पार्टी ने निवर्तमान अध्यक्ष विकार रसूल वानी के अध्यक्ष के रूप में किए गए कार्यों की प्रशंसा की है।

### बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया ने किया मोदी को टेलीफोन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस से टेलीफोन पर बातचीत की, जिसमें उन्होंने लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण और प्रगतिशील बंगलादेश के लिए भारत का समर्थन दोहराया तथा बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता से अवगत कराया। पीएम मोदी ने बातचीत में लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण और प्रगतिशीलबांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने विभिन्न विकास पहलों के माध्यम से बांग्लादेश के लोगों का समर्थन करने की भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य सभी अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्व को भी रेखांकित किया। प्रो. यूनुस ने बदले में आश्वासन दिया कि अंतरिम सरकार बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यक समूहों की सुरक्षा, सुरक्षा को प्राथमिकता देगी।

# हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में चुनाव का ऐलान

## जम्मू में 3 और हरियाणा में 1 चरण में होगा मतदान, 4 अक्टूबर को आएंगे नतीजे

द न्यूज 15 ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभाओं के लिए चुनाव कार्यक्रम की शुक्रवार को घोषणा कर दी जिसमें कश्मीर में तीन चरणों में 18 और 25 सितम्बर तथा एक अक्टूबर को मतदान होगा जबकि हरियाणा की सभी सीटों पर एक अक्टूबर को वोट डाले जायेंगे। दोनों विधानसभाओं के लिए मतों की गणना चार अक्टूबर को होगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा डा सुखबीर सिंह संधू ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जम्मू कश्मीर में चुनाव की अवधि लोकसभा चुनाव की तुलना में कम रखी है। केन्द्र शासित प्रदेश में लोकसभा चुनाव पांच चरणों में कराये गये थे।




### अमित शाह ने विधानसभा चुनाव की घोषणा का किया स्वागत

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री शाह ने एक्स पर पोस्ट में कहा, मैं आज भारत के चुनाव आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत करता हूं। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने कई अथक प्रयासों के माध्यम से जम्मू-कश्मीर में शांति, विकास और लोकतंत्र को मजबूत करने का एक नया युग शुरू किया है। विधानसभा चुनाव लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करेगा, जिससे क्षेत्र के लिए विकास के एक नए दौर का द्वार खुलेगा। मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों से अपील करता हूं कि वे चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लें और बड़ी संख्या में मतदान करके ऐसी सरकार बनाएं जो शांति और विकास को बनाए रखे और युवाओं के लिए एक उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करे। शाह ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि बीते 10 सालों में हरियाणा में मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने खर्ची-पर्ची मुक्त नौकरी से लेकर ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया और किसान व गरीब कल्याण के कार्यों द्वारा सुशासन का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि इस विधानसभा चुनाव में हरियाणा के मतदाता प्रचंड बहुमत से प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनायेंगे।

श्री कुमार ने बताया कि 90 सदस्यीय जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 24 सीटों के लिए अधिसूचना अमरनाथ जी यात्रा समाप्त होने के अगले दिन 20 अगस्त को जारी की जायेगी और नामांकन पत्र 27 अगस्त तक दायर किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 28 अगस्त को और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अगस्त होगी। जम्मू कश्मीर में 74 सीटें सामान्य श्रेणी की, सात अनुसूचित जाति तथा नौ सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। जम्मू कश्मीर में पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 निरस्त कर उसे पुर्नगठित कर दो केन्द्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया गया था। इससे पहले राज्य में अंतिम विधानसभा चुनाव वर्ष 2014 में हुए थे।

उन्होंने बताया कि जम्मू कश्मीर में दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए चुनाव 25 सितम्बर को होगा जिसके लिए अधिसूचना 29 अगस्त को जारी की जायेगी। इस चरण में पांच सितम्बर तक नामांकन भरे जा सकेंगे, नामांकन पत्रों की जांच 6 सितम्बर को की जायेगी तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि 9 सितम्बर होगी।

तीसरे और अंतिम चरण में 40 सीटों पर मतदान एक अक्टूबर को होगा। इसके लिए अधिसूचना 5 सितम्बर को जारी की जायेगी और नामांकन 12 सितम्बर तक किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 13 सितम्बर को की जायेगी और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 17 सितम्बर होगी।

उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में 20 अगस्त को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी जायेगी। जम्मू कश्मीर में 87 लाख से अधिक मतदाताओं के लिए 11838 मतदान केन्द्र बनाये जायेंगे। पहले चरण में पुलवामा, सोंपियां, कुलगाम, अनंतनाग, रामबन, डोडा और किश्तवाड़ जिलों की सीटों पर चुनाव होगा। दूसरे चरण में पुंछ, राजौरी, बडगाम, श्रीनगर, गंदेरबल और रियासी जिलों में मतदान होगा। तीसरे और अंतिम चरण में हिमाचल और पंजाब से लगे कठुआ जिले के साथ साथ उधमपुर, सांबा और जम्मू जिलों के अलावा उत्तर कश्मीर के बारामूला, कुपवाडा और बांदीपोरा की सीटों पर मत डाले जायेंगे।

श्री कुमार ने कहा कि जम्मू कश्मीर में चुनाव आयोग के हाल के दौरे में लोगों में इन चुनावों को लेकर ललक देखी गयी। उन्होंने विश्वास जताया कि लोकसभा चुनाव की तरह ये चुनाव भी 'बुलेट पर बैलेट' की जीत साबित होंगे। उन्होंने कहा कि आयोग ने राजनीतिक दलों के सुझाव पर सभी प्रत्याशियों को समान रूप से पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था कराने का निर्णय लिया है।

### अब क्या है जम्मू-कश्मीर में सीटों का समीकरण

परिसीमन के बाद जम्मू इलाके में 6 विधानसभा सीटें बढ़ गईं और कश्मीर में भी एक सीट का इजाफा हुआ। जम्मू-कश्मीर में आखिरी 2014 में विधानसभा चुनाव हुए थे। इलेक्शन के बाद अप्रत्याशित बदलाव हुआ था। भाजपा और पीडीपी ने साथ मिलकर सरकार बनाई थी, जो पूरे 5 साल नहीं चल पाई। फिर 2019 आया तो राज्यपाल शासन के दौरान ही आर्टिकल 370 हट गया और फिर पुनर्गठन होने के बाद जम्मू-कश्मीर राज्य की बजाय केंद्र शासित प्रदेश बन गया। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट 30 सितंबर तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने का आदेश दिया है।

### 2019 में हरियाणा में कितनी सीटें जीती थी भाजपा

बता दें कि हरियाणा में विधानसभा की कुल 90 सीटें हैं, जिनमें से भाजपा के पास फिलहाल 40 विधायक ही हैं। निर्दलीयों के साथ वह सरकार चला रही है, लेकिन इस बार वापसी करने की चुनौती उसके सामने होगी। भाजपा ने 2014 में पहली बार हरियाणा में अपने दम पर सरकार बनाई थी और तब से लगातार दो बार सत्ता में रह चुकी है। चुनाव से कुछ महीने पहले ही उसका राज्य की सत्ता में शामिल रही जननायक जनता पार्टी से गठबंधन टूट चुका है, जो 2019 के विधानसभा इलेक्शन के बाद हुआ था। इस तरह लगातार तीसरी बार भाजपा अकेले ही चुनावी समर में उतरने जा रही है।

### हरियाणा में लोकसभा चुनाव में 44 सीटों पर आगे थी भाजपा

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को राज्य की 10 में से 5 सीटों पर जीत मिली थी। विधानसभा के अनुसार देखें तो उसे कुल 90 में से 44 विधानसभाओं में बढ़त मिली थी। यही वजह है कि तीसरी बार भी भाजपा में सत्ता में बने रहने की उम्मीद के साथ चुनाव में उतरने जा रही है। वहीं कांग्रेस को उम्मीद है कि दो बार की हार के बाद इस बार माहौल उसके पक्ष में आ सकता है। हरियाणा में आमतौर पर एक ही राउंड में मतदान होता रहा है। इसकी वजह यह है कि हरियाणा छोटा राज्य है और सुरक्षा की चुनौतियां भी जम्मू-कश्मीर या फिर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों जैसी नहीं हैं।

# संसद सुरक्षा में चूक, दीवार कूदकर परिसर में घुसा युवक

द न्यूज 15 ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अति सुरक्षित माने जाने वाले संसद भवन की सुरक्षा में एक बार फिर चूक का मामला सामने आया है और शुक्रवार को एक युवक दीवार फांद कर संसद भवन परिसर में कूद गया।

सूत्रों के अनुसार यह युवक रेड क्रॉस रोड की तरफ से दीवार फांद कर लोकसभा की ओर परिसर में कूदा था। कुछ कर्मचारीयों ने उसे दीवार से कूदते हुए देख लिया था। बाद में सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया।

इस वर्ष के शुरू में केंद्रीय ओद्योगिक सुरक्षा बल (सी आई एस एफ) द्वारा संसद परिसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने के करीब छह महीने के अंदर ही सुरक्षा में चूक का यह बड़ा मामला सामने आया है। इससे पहले संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस के पास थी। सूत्रों ने बताया कि परिसर में कूदने से पहले इस युवक को दीवार के पास घूमते देखा गया था। खबर



लिखे जाने तक संसद भवन के सुरक्षाकर्मी उससे पूछताछ कर रहे थे। बाद में उसे दिल्ली पुलिस को सौंप दिया जायेगा। अभी यह नहीं पता चला है कि वह किस उद्देश्य से संसद भवन परिसर में घुसा था।

दिसंबर 2023 में संसद पर 2001 के हमले की वर्षगांठ के दिन दो व्यक्ति लोकसभा की कार्यवाही देखने के नाम पर दर्शक दीर्घा में पहुंच गए थे। बाद में वे सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देकर सदन में कूद गए और वहां गैस छोड़ी। उस समय लोक सभा की कार्यवाही चल रही थी। उसी समय संसद भवन परिसर के बाहर भी इनके दो सहयोगियों ने गैस छोड़ी। इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जा रहा है।

# डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर केंद्र सख्त

## कहा, हिंसा होने पर 6 घंटे के भीतर ही दर्ज हो एफआईआर

द न्यूज 15 ब्यूरो

**नई दिल्ली।** डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय सख्त हो गया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को सभी सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के लिए एक सख्त निर्देश जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि अस्पताल परिसर में कर्मचारियों और स्वास्थ्य कार्यकताओं के खिलाफ कोई भी हिंसा होने पर छह घंटे के भीतर पुलिस में शिकायत दर्ज करानी होगी। इसकी जिम्मेदारी संबंधित संस्थान के प्रमुख की होगी। शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ हिंसा की घटनाएं सामने आईं है। किसी भी तरह की




हिंसा और हमले की रिपोर्ट संस्थान प्रमुख को 6 घंटे में करनी होगी। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एफआईआर दर्ज कराने की जिम्मेदारी पूरी तरह से संस्था प्रमुख की होती है। यह आदेश सभी एम्स और मेडिकल कॉलेजों के लिए लागू होगी।

डीजीएचएस की ओर से शुक्रवार को जारी ऑफिस मेमोरेंडम में स्पष्ट किया गया है कि हाल में डॉक्टर्स और अन्य हेल्थ केयर स्टॉ फ जो सरकारी अस्पतालों में कार्यरत हैं, उन पर ड्यूटी के दौरान हिंसा करने की घटनाएं लगातार सामने आई है। हेल्थ वर्कर को ड्यूटी के दौरान फिजिकल हिंसा का भी शिकार होना पड़ा है। कई मामले ऐसे सामने आए हैं कि उनको धमकियां और मौखिक तौर पर धमकाने का काम भी किया गया, जिसकी कई घटनाएं आई हैं। अधिकांश हिंसा के मामलों में मरीज या फिर मरीज के अटेंडेंट की तरफ से ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। 6 घंटे के भीतर दर्ज करवानी होगी एफआईआरः इस तरह के सभी मामलों को देखते हुए यह निर्देश दिए गए हैं कि हेल्थ केयर वर्कर पर ड्यूटी के दौरान किसी भी तरह की हिंसा होती है तो इसके खिलाफ इंस्टीट्यूशन के प्रमुख की जिम्मेदारी बनती है कि वह घटना के 6 घंटे के भीतर संस्थागत एफआईआर दर्ज करवाएं। केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की ओर से जारी इस आदेश के प्रति सेंट्रल गवर्नमेंट अस्पतालों और इंस्टिट्यूट के निदेशक, चिकित्सा अधीक्षकों के अलावा दिल्ली व अन्या एम्स के निदेशक और सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रिंसिपल्स को भी भेज दी गई है।

# पेरिस ओलंपिक में भाग लेकर लौटे भारतीय सेना के खिलाड़ी सम्मानित

- सूबेदार मेजर नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में एकमात्र रजत पदक जीता
- सूबेदार बोम्मांडेवारा धीरज को तीरंदाजी (रिकर्व) में चौथा स्थान मिला

द न्यूज 15 ब्यूरो

**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को साउथ ब्लॉक में पेरिस ओलंपिक से लौटे भारतीय सेना के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल ने कुल छह पदक (एक रजत और पांच कांस्य) जीते, जिसमें भारतीय सेना के सूबेदार मेजर नीरज चोपड़ा ने भारत के लिए भाला फेंक में एकमात्र रजत पदक जीता। उनके इस प्रदर्शन ने ओलंपिक खेलों में भारतीय सेना को बड़ी उपलब्धि दिलाई है।

सेना के खिलाड़ियों के साथ उपलब्धियों का यह जश्न देश में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने में भारतीय सेना की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करने का भी अवसर था। भारत 2036 के अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा है, ऐसे में भारतीय सेना ओलंपिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। भारतीय सेना ने 2001 में मिशन ओलंपिक विंग स्थापित किया था, जो खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के लिए समर्पित है। भारतीय सेना ने दो गर्ल्स स्पोर्ट्स कंपनियां और 18 बॉयज स्पोर्ट्स कंपनियां स्थापित की हैं। इनका उद्देश्य युवा एथलीटों को कौशल निखारने, उनमें आत्मविश्वास पैदा करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

पिछले दो दशक की ओलंपिक और एशियाई खेल यात्रा में भारतीय सेना ने 24 पदक जीते हैं, जिनमें 10 रजत, चार स्वर्ण और 10 पदक हैं। 2004 के एथेंस ओलंपिक में कर्नल आरवीएस राठौर ने निशानेबाजी में रजत पदक दिलाया था। 2012 में लंदन ओलंपिक में सब मेजर (मानद कैप्टन) विजय कुमार ने निशानेबाजी में रजत पदक जीता था। 2020 के टोक्यो ओलंपिक में सब मेजर नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में स्वर्ण पदक हासिल किया था। भारतीय सेना के एथलीटों ने एशियाई खेल 2023 के दौरान 03 स्वर्ण, 07 रजत और 10 कांस्य पदक जीते थे। पेरिस ओलंपिक में सब मेजर नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में रजत पदक हासिल किया है। पेरिस ओलंपिक में ही सूबेदार बोम्मांडेवारा धीरज को तीरंदाजी



(रिकर्व) में चौथा स्थान मिला है।

पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने गए भारतीय दल के 117 खिलाड़ियों में 13 भारतीय सेना के थे। सेना के खिलाड़ियों ने कुल पदक तालिका में 16.66% का योगदान दिया, जिसमें सबसे ज्यादा रजत पदक शामिल है। पुरुषों की स्पधाओं में भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व 18.2% (12/66) था। पेरिस ओलंपिक में भारतीय सेना ने मुक्केबाजी में अपनी पहली महिला खिलाड़ी हवलदार जैस्मीन को मैदान में उतारा। सेना प्रमुख ने सैन्य खिलाड़ियों की अविश्वसनीय उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया।

थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना राष्ट्र के लिए शक्ति, वीरता और अनुशासन का एक स्तंभ है। हमारी सीमाओं की रक्षा करने के अपने प्राथमिक मिशन से परे, सेना लगातार खेल सहित विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक जुड़ावों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करती है, जो राष्ट्र निर्माण में समग्र रूप से योगदान है। सेना प्रमुख ने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय सेना के खिलाड़ी उत्कृष्टता की अपनी खोज जारी रखकर आने वाले दिनों में और अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।

# रूसी मिसाइलों को खराब होते देख भारतीय वैज्ञानिकों ने नया हथियार बनाया

- समर मिसाइल सिस्टम का पहला वर्जन पहले ही चीन सीमा पर लद्दाख में है तैनात
- एयर डिफेंस सिस्टम 'समर-2' का जल्द ही परीक्षण करने की तैयारी में वायु सेना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूस से एक जमाने में खरीदी गईं मिसाइलों को खराब होते देख भारतीय वैज्ञानिकों ने नया हथियार बना दिया है। इसी साल फरवरी में भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक पोखरण फायरिंग रेंज (राजस्थान) में युद्धाभ्यास 'वायु शक्ति' में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल की मारक क्षमता का प्रदर्शन किया था। अब भारतीय वायु सेना हवा से हवा में मार करने वाली इन मिसाइलों को नए एयर डिफेंस सिस्टम 'समर-2' के साथ लैस करके जल्द ही परीक्षण करने की तैयारी में है।

दरअसल, काफी समय पहले रूस से खरीदी गईं हवा से हवा में मार करने वाली आर-73 और आर-27 मिसाइलों की 'शेल्फ लाइफ' खत्म हो रही थी। वायु सेना के खजाने में बेकार हो रही इन मिसाइलों की संख्या हजारों में है, इसलिए करोड़ों रुपये बर्बाद होते देख वायु सेना की रखरखाव कमान ने इनकी जिंदगी बदलने का फैसला लिया। वायु सेना के 7 बेस रिपेयर डिपो तुगलकाबाद (बीआरडी) और 11 बेस रिपेयर डिपो ओझर ने निजी क्षेत्र की दो भारतीय कंपनियों सिमरन फ्लोटेक इंडस्ट्रीज और यामाजुकी डेन्की के साथ मिलकर एक प्रणाली विकसित की। भारतीय वायु सेना के लिए बनाई गई छोटी दूरी की त्वरित प्रतिक्रिया वाली इस प्रणाली को सरफेस टू एयर मिसाइल फॉर एश्योर्ड रीटैलिएशन (एसएएमएआर) यानी 'समर' नाम दिया गया।

# स्वतंत्रता दिवस का भाव एक दिन के लिए ही केंद्रीकृत नहीं होना चाहिए : प्रो.बलराम पाणि












दिल्ली विश्वविद्यालय के श्यामलाल कॉलेज (सांध्य) में 78वें स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेज प्रो.बलराम पाणि थे ।

कैप्टन अनिल वर्मा की अगुवाई में मुख्य अतिथि के आगमन पर कॉलेज परिसर में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।कॉलेज के प्राचार्य के सान्निध्य में ध्वजारोहण एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

उसके बाद कॉलेज के सेमीनार हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ दीपप्रज्वलन से हुआ।इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो.नचिकेता सिंह ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपने स्वागत वक्तव्य में कहा कि इतनी व्यस्तता के बावजूद मुख्य अतिथि के रूप में पाणि जी का आना हम सबके लिए उत्साहित करने वाली बात है।स्वतंत्रता केवल बाहरी दिखावे की चीज नहीं है,यह मन में अवस्थित भाव है।इसीलिए हमें इसे हमेशा मन से महसूस करना होगा।तभी सही मायने में इस दिन की महत्ता है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को बहुत सीखने को मिलता है।उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम के कन्वेनर के साथ जुड़े सभी अध्यापकों,नॉन टीचिंग स्टाफ के पदाधिकारियों और विद्यार्थियों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेज प्रो.बलराम पाणि ने बच्चों को इस कार्यक्रम के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस का भाव एक दिन के लिए ही केंद्रीकृत नहीं होना चाहिए।हमें हर रोज इस भाव को जाग्रत रखना चाहिए। स्वतंत्रता हर व्यक्ति का अधिकार है।व्यक्ति की स्वतंत्रता सच्चे राष्ट्र निर्माण की नींव होती है।इसलिए इसे सहेजने की बहुत जरूरत है।

इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनेक विद्यार्थियों ने देशभक्ति की कविताओं ,भाषण एवं नृत्य आदि कलाओं का कलात्मक प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की कन्वेनर प्रो.सुमित्रा महरोल ने मंचासीन सभी सम्मानित सदस्यों के साथ सभागार में उपस्थित सभी अध्यापकों, नॉन टीचिंग स्टाफ और विद्यार्थियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रो. बलराम पाणि जैसे व्यक्तित्व का सान्निध्य और आशीर्वाद हमारे अंदर मानवीय मूल्यों को मजबूत करेगा।उन्होंने आगे कॉलेज के प्राचार्य जी का आभार व्यक्त करते हुए उनकी कार्यशैली, सक्रियता को प्रेरणादायक बताने के साथ,यह विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में कॉलेज नवीन ऊंचाइयों को छुएगा।

## केजरीवाल सरकार पर सीएजी रिपोर्ट दबाने का आरोप

### विधानसभा में पेश करने के लिए एलजी ने स्पीकर को लिखा पत्र




**नई दिल्ली, एजेंसी।** उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली सरकार पर अलग-अलग विभागों के कुल 11 सीएजी रिपोर्ट दबाने का आरोप लगाया है। उपराज्यपाल ने शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल को पत्र लिखकर सीएजी रिपोर्ट विधानसभा में सदन पटल पर रखने को कहा है।

पत्र में एजी ने सरकार के वित्त, प्रदूषण, दिल्ली में शराब के विनियमन और आपूर्ति, सार्वजनिक उपक्रमों और सामाजिक और सामान्य क्षेत्रों से संबंधित विभागों के खातों और शेल्टर होम से संबंधित कुल 11 सीएजी रिपोर्ट वित्त मंत्री आतिशी के पास लंबित होने की बात कही है। इनमें से कुछ रिपोर्ट 2022 से लंबित हैं। उपराज्यपाल ने पत्र में लिखा है कि वर्ष 2017-18 से 2021-22 की अवधि के दौरान दिल्ली में शराब की खरीद-बिक्री से संबंधित ऑडिट पर सीएजी की रिपोर्ट 4 मार्च 2024 को दिल्ली सरकार को भेजी गई थी, और यह 11 अप्रैल 2024 से मंत्री आतिशी के पास लंबित है। दिल्ली सरकार की विवादास्पद दिल्ली आबकारी नीति और उसकी ऑडिट रिपोर्ट काफी महत्वपूर्ण है। इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। जिसे बाद में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद केजरीवाल सरकार ने रद्द कर दिया था। उपराज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को लिखा है कि 18 जुलाई 2024 को दिल्ली के लेखा नियंत्रक ने एलजी सचिवालय को सूचित किया कि उपरोक्त सभी सीएजी ऑडिट रिपोर्ट वित्त मंत्री आतिशी के पास लंबित है।

एलजी ने पत्र लिखकर आग्रह किया है कि इन रिपोर्टों को जल्द से जल्द विधानसभा में पेश किया जाए। मुख्यमंत्री से भी किया था अनुरोधः उपराज्यपाल सचिवालय ने बताया कि 22 फरवरी को उपराज्यपाल ने सभी लंबित 11 सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा में पेश किए जाने में देरी के संबंध में सीएम अरविंद केजरीवाल को भी लिखा था। तब उनसे अनुरोध किया था कि वे "वित्त मंत्री को सलाह दें कि वे इन्हें विधानसभा के समक्ष पेश करें। क्या है नियमः दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 की धारा 48 के साथ संविधान के अनुच्छेद 151 और दिल्ली सरकार के नियम 210 के अनुसार, राज्य के वित्त और दिल्ली में शासन से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों के प्रदर्शन पर सीएजी रिपोर्ट रखना संवैधानिक जनादेश है। उपराज्यपाल ने कहा, "सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा में न रखकर, दिल्ली सरकार विधानसभा और बड़े पैमाने पर जनता की जांच से बच रही है, जो लोकतांत्रिक जवाबदेही के आधार को कमजोर कर रही है।" एलजी ने कहा, "लंबित रिपोर्ट को दिल्ली विधानसभा के समक्ष रखने के मामले में दिल्ली सरकार द्वारा इस तरह की चूक उनके संवैधानिक दायित्वों की घोर उपेक्षा है।" बता दें, इससे पहले भी दिल्ली जल बोर्ड और दिल्ली में निजी बिजली डिस्कॉम के कामकाज सहित कई सीएजी रिपोर्टों को आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा जानबूझकर कई वर्षों तक लंबित रखा गया था।

## पुरानी रंजिश में युवक के सिर में मारी गोली, एएटीएस ने दो आरोपियों को पकड़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पूर्वी दिल्ली में रिजवान नाम युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की गुत्थी को एएटीएस ने सुलझा लिया है। एएटीएस ने हत्या में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल दो पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया है कि पुरानी रंजिश की वजह से उन्होंने रिजवान की हत्या की है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया की आरोपी की पहचान सुहैल(22) और मेहरान(22) के तौर पर हुई है। डीसीपी ने बताया कि 13 अगस्त को चौहान बांगर क्षेत्र में गोलीबारी की घटना के संबंध में एक जाफराबाद थाने को मिली थी। जहां रिजवान नाम का युवक खून से लत पथ हालत में मिला। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। इंस्पेक्टर योगेश वशिष्ठ के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी निगरानी, स्थानीय स्त्रोतों से खुफिया जानकारी जुटाई। क्षेत्र में लगे कैमरों की सीसीटीवी फुटेज की स्कैनिंग एवं विश्लेषण के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की गई। गुप्त सूचना के आधार पर लोनी रोड पर स्कूटी से जा रहे दोनों आरोपी सोहैल और मेहरान को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके कब्जे से 2 पिस्तौल और 5 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पूछताछ में उन्होंने ने अपना अपराध स्वीकार किया है। आरोपियों ने बताया कि मृतक के साथ उनकी पुरानी दुश्मनी थी। उन्होंने बताया कि अपराध के समय आरोपी मेहरान ने रिजवान को बातचीत में उलझाए रखा और दूसरे आरोपी सुहैल ने उसके सिर में पीछे से गोली मार दी और मौके से भाग गए।

## मियांवाली में सीवर की समस्या 15 दिनों में खत्म करने के निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीरागढ़ी के पास स्थित मियांवाली कॉलोनी के लोगों में तीन महीने से बनी सीवर ओवरफ्लो की समस्या अब जल्द ही खत्म होने की उम्मीद जगी है। हंगामे और प्रदर्शन के बाद लोगों की शिकायत पर शुक्रवार को भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कॉलोनी में पहुंचकर निरीक्षण किया। इस समस्या के लिए एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे दिल्ली जल बोर्ड और डीएमआरसी के अधिकारी भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। सांसद ने उन्हें 15 दिन में समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए हैं। मियांवाली कॉलोनी में सीवर लाइनें जाम होने की वजह से गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। करीब तीन महीने से लोग परेशान हैं।

एक माह पूर्व उन्होंने पीरागढ़ी लालबत्ती पर धरना देकर विरोध जताया था। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ तो स्थानीय निवासियों ने भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया से शिकायत की। कॉलोनी निवासी पुरुषोत्तम कालरा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान भी दिल्ली जल बोर्ड और डीएमआरसी के अधिकारी समस्या का ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़ रहे थे। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि डीएमआरसी ने सीवर लाइन क्षतिग्रस्त कर दी है, जिसकी वजह से निकासी नहीं हो पा रही है। वहीं, डीएमआरसी का तर्क है कि सिर्फ दो-तीन मेनहोल क्षतिग्रस्त हुए हैं और इनकी वजह से कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने सीवर लाइनों की डी-सिल्टिंग न होने की वजह से ओवरफ्लो की समस्या होने की बात कही है। डीएमआरसी ने क्षतिग्रस्त मेनहोल को दो-तीन दिन में रिपेयर करा देने का आश्वासन दिया है। भाजपा सांसद ने आउटर रिंग रोड स्थित नागिन लेक अपार्टमेंट के पास प्रभावित साइट का भी निरीक्षण किया।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हिंसा के खिलाफ रैली में बांसुरी स्वराज, जेएनयू की कुलपति ने हिस्सा लिया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद बांसुरी स्वराज और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ कथित अत्याचार के विरोध में शुक्रवार को यहां निकाली गई रैली में हिस्सा लिया। सैकड़ों महिलाओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े नारी शक्ति फोरम द्वारा आयोजित इस रैली में हिस्सा लिया।

मंडी हाउस से शुरू हुई यह रैली जंतर-मंतर पर समाप्त होनी है। भाजपा की निलंबित नेता नूपुर शर्मा ने भी इसमें हिस्सा लिया। धार्मिक झंडे और तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा बंद होनी चाहिए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने हाथों में काली पट्टी बांध रखी 2 तो कुछ ने ऐसी ही काली पट्टियों से अपना मुंह ढक रखा था। बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार गिरने के बाद हिंदू समुदाय के सदस्यों के खिलाफ हिंसा बढ़ी है। हसीना नौकरियों में विवादित आरक्षण व्यवस्था को लेकर अपनी सरकार के खिलाफ हुए व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर पांच अगस्त को भारत आ गई थीं। बांग्लादेश नेशनल हिंदू ग्रैंड अलायंस नामक एक गैर-राजनीतिक हिन्दू संगठन ने दावा किया है कि पांच अगस्त को शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार गिरने के बाद से 48 जिलों में 278 स्थानों पर अल्पसंख्यक समुदाय को हमलों और धमकियों का सामना करना पड़ा है। संगठन ने इसे हिंदू धर्म पर हमला करार दिया है।

## जनकपुरी में आप नेताओं और कार्यकताओं ने मनाया सीएम केजरीवाल का जन्मदिन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का आज जन्मदिन है। यह पहला उनका जन्मदिन है जब वो तिहाड़ जेल में बंद हैं। इसके बावजूद दिल्ली में जगह-जगह आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने केजरीवाल के जन्मदिन को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया। इस मौके कार्यकताओं ने केक भी काटा है। कार्यकताओं ने केक को खास तौर पर ऐसा बनाया, जिस पर अरविंद केजरीवाल की तस्वीर लगाई गई है। यह लोग अरविंद केजरीवाल के 56वें जन्मदिन को उसी जोश और उत्साह के साथ मनाया, जैसा उनके जेल जाने से पहले हर साल मनाया करते थे। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश कुमार का साफतौर पर कहना है कि वह भले ही जेल में हो लेकिन पार्टी के कार्यकताओं के मन में कोई उत्साह में कमी नहीं है।

सुरेश कुमार ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि वह जल्द जेल से बाहर आएंगे। इतना ही नहीं पत्रकारों ने जब पूछा कि कुछ महीनों बाद दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में अगर केजरीवाल जेल में रहते हैं तो चुनाव पर क्या असर पड़ेगा? इस बारे में कार्यकताओं का साफ कहना है कि अगर केजरीवाल जेल से बाहर नहीं भी आते हैं तब भी इस बार चुनाव में हालात एक तरफ होगा। दिल्ली की सभी विधानसभा आम आदमी पार्टी जीतेगी। बता दें, सीएम केजरीवाल अभी शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को हिरासत में लिया।

उन्होंने मई में 21 दिन की अंतरिम जमानत हासिल की, जिसे लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए शीर्ष अदालत ने मंजूर किया था। वहीं 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने ईडी मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी थी। हालांकि, इसी मामले में 26 जून को सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी के बाद से केजरीवाल हिरासत में ही हैं।

## कोलकाता में बलात्कार-हत्या को लेकर प्रदर्शन के आह्वान पर मध्य दिल्ली में निषेधाज्ञा जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने कोलकाता बलात्कार-हत्या मामले के खिलाफ प्रदर्शन के लिए विभिन्न संगठनों के आह्वान के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के मध्य क्षेत्रों में निषेधाज्ञा जारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मियों की तैनाती बढ़ा दी गई है और संसद भवन तथा मध्य दिल्ली के अन्य हिस्सों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 (निषेधाज्ञा) लागू कर दी गई है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के चलते शहर में अलर्ट जारी है। उन्होंने बताया कि विरोध प्रदर्शनों की घोषणा के चलते मध्य दिल्ली में कुछ स्थानों पर मार्ग परिवर्तन किया गया है। कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के कथित बलात्कार और हत्या के कारण देश के कई हिस्सों में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), राम मनोहर लोहिया अस्पताल सहित कई अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने शुक्रवार को निर्माण भवन के पास प्रदर्शन की घोषणा की है।

## दिल्ली पुलिस ने मानी बात, प्रदर्शनकारी छात्रों ने खत्म किया धरना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में 27 जुलाई को यूपीएससी की तैयारी करने वाले तीन छात्रों की बेसमेंट में डूबने से मौत हो गई। जिसके अगले दिन से लगातार छात्र न्याय की मांग करते हुए ओल्ड राजिंदर नगर में विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। गुरुवार को छात्रों ने तब अपना धरना स्थगित कर दिया, जब दिल्ली पुलिस ने उनके मुद्दों पर ध्यान देने के लिए छात्र शिकायत केंद्र स्थापित करने पर सहमति जताई। इससे पहले दिन में छात्रों ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर धरना स्थल के पास 'तिरंगा' मार्च निकाला, जिसके बाद डिप्टी पुलिस कमिश्नर (मध्य) हर्षवर्धन ने मौके पर मौजूद छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'हम विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से ही आपके साथ हैं। हमने आपकी सभी शिकायतें सुनी हैं। पटेल नगर, करोल बाग और राजिंदर नगर में हमारे बीट अधिकारियों ने मुद्दों को समझने के लिए आप में से 2,000 लोगों से बात की है। हमने आपको होने वाली किसी भी समस्या से निपटने के लिए यहां एक छात्र शिकायत केंद्र स्थापित करने का फैसला किया है। बूथ को जल्द ही स्थापित किया जाएगा।' डीसीपी ने कहा कि बूथ पर छात्रों के लिए एक रजिस्टर रखा जाएगा, जिसमें वे अपनी शिकायतें लिख सकते हैं। उन्होंने कुछ दिनों के अंदर इन शिकायतों पर कार्रवाई करने का वादा किया। 28 साल के संस्कार जैन नामक प्रदर्शनकारी ने कहा कि उन्होंने अस्थायी रूप से विरोध प्रदर्शन बंद कर दिया है, क्योंकि उन्हें अक्टूबर में परीक्षा देनी है। उन्होंने कहा, 'हम सभी को पढ़ाई करनी है। हमारी शिकायतें सुनी गईं और कुछ पर कार्रवाई भी की गई। अगर हमें लगेगा कि कोई उदासीन रवैया अपनाया जा रहा है, तो हम फिर से प्रदर्शन शुरू करेंगे।' 27 जुलाई की रात को, सिविल सेवा की तैयारी करने वाले तीन छात्र- 22 साल की तान्या सोनी, 25 साल की श्रेया यादव और 29 साल के नेविन डेल्विन, की राव कोचिंग के बेसमेंट में डूबने से मौत हो गई थी।

## एक नजर

### पिटाई का बदला लेने के लिए युवक की हत्या, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जाफराबाद के चौहान बांगर इलाके में पिटाई का बदला लेने के लिए युवक की हत्या मामले में पुलिस ने गुरुवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उत्तर पूर्वी जिला एएटीएस को इनके पास से दो सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, पांच कारतूस और स्कूटी बरामद हुई है। इनमें से एक पिस्टल और स्कूटी हत्या की वारदात में इस्तेमाल की गई थी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान चौहान बांगर निवासी सुहैल और ब्रह्मपुरी निवासी मेहरान के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी मेहरान और रिजवान के बीच करीब दो महीने पहले झगड़ा हुआ था। इस दौरान रिजवान ने मेहरान की जमकर पिटाई कर दी थी। इसी का बदला लेने के लिए दोनों आरोपी रिजवान के पास गए। मेहरान ने रिजवान को बातों में उलझाया। इसी दौरान सुहैल ने रिजवान के सिर में गोली मार दी। उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि रिजवान की हत्या 13 अगस्त को हुई थी। पूछताछ में पता चला कि दो अज्ञात लोगों ने गोली चलाई है। एएटीएस इंजार्ज इंस्पेक्टर योगेश वशिष्ठ की टीम ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस टीम ने मौके के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के अलावा संबंधित लोगों से पूछताछ की। एक फुटेज में दो संदिग्ध दिखाई दिए और उनकी पहचान के बाद लोनी रोड इलाके में योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया गया। इसी बीच दोनों स्कूटी से जाते दिखे तो उन्हें मौके पर ही दबोच लिया गया।

### छात्रा के धक्के से गिरे बदमाश, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुखर्जी नगर इलाके में रविवार को मोबाइल झपटकर भाग रहे स्कूटी सवार दो बदमाशों को छात्रा ने धक्का देकर गिरा दिया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे कांस्टेबल ने एक बदमाश सागर को दबोच लिया। इसके कब्जे से फोन एवं चोरी की स्कूटी बरामद हुई है। सागर पर लूट-झपटमारी के 22 मामले दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय अंकिता हडसन लेन में पीजी में रहती है। वह इन दिनों सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अंकिता अपनी सहेली के साथ रविवार को हडसन लेन से गुजर रही थी।

तभी स्कूटी पर पीछे बैठे युवक ने फोन छीन लिया। छात्रा ने तुरंत स्कूटी को जोर से धक्का दे दिया। इसकी वजह से संतुलन बिगड़ गया और दोनों गिर गए। इसी दौरान बीट में तैनात कांस्टेबल प्रदीप मौके से गुजर रहा था। उसने सागर को दबोच लिया। दूसरा बदमाश राजन स्कूटी मौके पर छोड़कर भाग गया। राजन पर लूट और झपटमारी के 30 मामले दर्ज हैं। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पश्चिम विहार वेस्ट इलाके में गुरुवार दोपहर को बाइक सवार बदमाशों ने रजनीश का फोन छीन लिया। पीड़ित ने बाइक पर पीछे बैठे युवक का हाथ पकड़ कर अपनी ओर खींचा। इससे बाइक सवार तीनों शख्स गिर गए। हालांकि, दो बदमाश भागने में कामयाब हो गए, लेकिन एक को पीड़ित ने राहगीरों की मदद से दबोच लिया।

### नारी शक्ति मार्च के चलते यातायात प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को जंतर-मंतर से मंडी हाउस तक नारी शक्ति मार्च निकलने के कारण नई दिल्ली इलाके में यातायात प्रभावित रहा। जनपथ, टॉलस्टॉय मार्ग, बाराखंबा रोड, कनॉट प्लेस, रंजीत सिंह फ्लाईओवर और मंडी हाउस के आसपास वाहनों की रफ्तार धीमी रही। ट्रैफिक पुलिस को मार्च के दौरान कुछ रास्तों को बंद करना पड़ा। मार्च को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा पहले ही व्यापक बंदोबस्त किए गए थे। सुबह लगभग 11.45 बजे जंतर-मंतर से हजारों लोगों ने मार्च शुरू किया। इसकी वजह से टॉलस्टॉय रोड पर एक तरफ का रास्ता ट्रैफिक पुलिस को बंद करना पड़ा। जनपथ, केजी मार्ग और बाराखंबा रोड पर भी लालबत्ती के समीप पहुंचने पर वाहनों की आवाजाही बंद कर इन प्रदर्शनकारियों को पहले निकाला गया।

### स्वतंत्रता दिवस पर चीनी मांझे से पतंग उड़ाने से कई इलाकों में बिजली लाइन में आई खराबी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पतंगबाजी में चीनी मांझे के इस्तेमाल के कारण बिजली लाइनों के ट्रिप (खराब) होने की 50 से अधिक घटनाओं के कारण शहर भर में हजारों लोगों को बिजली आपूर्ति में बाधा का सामना करना पड़ा। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के अधिकारियों ने बताया कि चीनी मांझे के कारण सबसे अधिक व्यवधान उत्तरी दिल्ली में हुआ।

उत्तरी दिल्ली क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति करने वाली टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) की एक प्रवक्ता ने बताया कि उप-पारेषण (ट्रांसमिशन) स्तर पर पतंगबाजी के कारण ट्रिपिंग की कोई घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा, हालांकि, 11 केवी स्तर पर 49 व्यवधानों की सूचना मिली, जिससे लगभग 25,000 ग्राहक प्रभावित हुए। डिस्कॉम लोगों से जिम्मेदारी के साथ पतंग उड़ाने का आग्रह कर रही है। उन्होंने कहा कि डिस्कॉम द्वारा एक विशेष सुरक्षा सलाह वीडियो साझा किया गया है, जिसमें नागरिकों को विद्युत प्रतिष्ठानों के पास पतंग न उड़ाने और इसके लिए धातुयुक्त मांझे के उपयोग से बचने की सलाह दी गयी है।

### 50 दिन बाद एयरपोर्ट का टर्मिनल-1 कल खुलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एयरपोर्ट से सफर करने वाले यात्रियों को शनिवार से बड़ी राहत मिलने जा रही है। बीते 50 दिनों से बंद टर्मिनल-1 को विमान परिचालन के लिए खोला जा रहा है। यहां से फिलहाल स्पाइसजेट के 13 विमानों की सेवा शुरू होगी, जबकि इंडिगो एयरलाइंस के 34 विमान आगामी दो सितंबर से उड़ान भरेंगे। आने वाले दिनों में टी-1 से उड़ानों को बढ़ाया जाएगा, जिससे कि टर्मिनल-2 और 3 पर भीड़ को कम किया जा सके। जानकारी के अनुसार, बीते 28 जून को बारिश के दौरान टर्मिनल-1 की छत (कैनोपी) का हिस्सा गिरने से विमानों का परिचालन बंद कर दिया गया था। इस जगह से मलबे को पूरी तरह हटा लिया गया है और मरम्मत कार्य किया जा रहा है। फिलहाल टी-1 का यह हिस्सा मरम्मत कार्य पूरा होने तक बंद रहेगा, लेकिन नए हिस्से को यात्रियों के लिए शनिवार से खोला जा रहा है। डायल के अनुसार टी-1 की नई इमारत यात्रियों को बेहतर सुविधा के साथ एक सुखद एहसास कराएगी। यहां पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष बंदोबस्त किए गए हैं, ताकि कम समय में वह चेक-इन एवं सुरक्षा जांच पूरी कर अपने विमान तक पहुंच सके। अगले दो सप्ताह में यहां से उड़ान की संख्या 47 हो जाएगी।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में नारी शक्ति मार्च निकाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों पर जारी अत्याचार के विरोध में शुक्रवार को मंडी हाउस से लेकर जंतर-मंतर तक नारी शक्ति मार्च निकाला गया। नारी शक्ति फोरम की ओर से मार्च का आह्वान किया गया था, जिसमें शामिल होने के लिए कई राज्यों के हजारों लोग पहुंचे। बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। मौन मार्च में डॉक्टर, वकील, शिक्षक, प्रोफेसर, व्यापारी, छात्र सहित हर क्षेत्र के लोगों ने हिस्सा लिया। मंडी हाउस से मार्च करीब दोपहर 12 बजे पुलिस की कड़ी सुरक्षा में शुरू हुआ। इसमें नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज, पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत भी शामिल हुईं। हाथ और मुंह पर काली पट्टी बांधकर हिंदुओं पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। मार्च में जनपथ से भाजपा नेता नूपुर शर्मा भी शामिल हुईं। वहीं, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और दूसरे हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

# 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह द्वारा पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया

**ऋषि तिवारी**

**गौतमबुद्धनगर।** आज 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह द्वारा पुलिस लाइन गौतमबुद्धनगर में ध्वजारोहण किया गया, उपस्थित पुलिसकर्मियों को देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा करने व मजबूत राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की शपथ दिलाई। *पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर द्वारा सराहनीय/साहसिक कार्य करने वाले अधिकारियो/कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, पुलिस महानिदेशक प्रशंसा चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये एवं शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

*राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम पुलिस कमिश्नरेट में बहुत ही हर्षो-उल्लास, परंपरागत एवं गरिमामय तरीके से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह द्वारा पुलिस लाइन गौतमबुद्धनगर में ध्वजारोहण किया गया व कमिश्नरेट मुख्यालय सूरजपुर पर अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय श्री बबलू कुमार द्वारा तथा पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 108 पर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री शिवहरी मीना द्वारा ध्वजारोहण किया गया। *पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर द्वारा इस अवसर पर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी गयी और देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा



करने व उसे मजबूत बनाने में योगदान करने की शपथ दिलाई गयी, अपने संबोधन के दौरान पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर द्वारा अमर शहीदों के बलिदान को याद किया गया और सभी पुलिसकर्मियों को उनके सपनों को साकार करने के लिए संकल्पित होकर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए देश की सुरक्षा एवं अखंडता को और अधिक मजबूत बनाने में योगदान देने के लिये प्रेरित किया गया। *पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का ऑपरेशनल/शौर्य के आधार पर गोल्ड पदक, 1.पुलिस उपायुक्त श्री साद मियाँ खान (गोल्ड) 2 पुलिस उपायुक्त श्री शक्ति मोहन अवस्थी (गोल्ड), ऑपरेशनल/शौर्य के आधार पर 1.सहायक पुलिस आयुक्त सुश्री शैव्या गोयल (सिल्वर) 2. निरीक्षक विनोद कुमार (सिल्वर), 3.निरीक्षक सत्यवीर सिह (सिल्वर) 4. उप निरीक्षक शरद कान्त शर्मा (सिल्वर) 5.उप निरीक्षक सुमनेश कुमार (सिल्वर) 6.मुख्य आरक्षी मोनू यादव (सिल्वर) 7. कम्पयूटर आप्रेटर संदीप कुमार (सिल्वर) 8.आरक्षी पुनीत कुमार (सिल्वर) 9. आरक्षी रोहित कुमार (सिल्वर), 10. उप निरीक्षक वकील अहमद (सिल्वर), 11. उप निरीक्षक महेश चन्द गौतम (सिल्वर) को सिल्वर पदक से सम्मानित किया गया। *इसके साथ ही उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह/सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह-सेवाभिलेख के आधार पर 1. सहायक पुलिस आयुक्त (लिपिक)सुनील गुलाठी (पुलिस पदक/उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह) 2.निरीक्षक ना0पु0सुभाष चन्द (उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह) 3.उप निरीक्षक स0पु0 गजेन्द्र सिह (उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह) 4.उप निरीक्षक स0पु0 अशोक कुमार त्यागी (उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह) 5. मुख्य आरक्षी स0पु0 राम किशन (उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह) 6.निरीक्षक ना0पु0 विजय सिह राणा (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) 7.निरीक्षक ना0पु0 धर्मेन्द्र सिह (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) 8.उप निरीक्षक ना0पु0 गजेन्द्र सिंह (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) 09.उप निरीक्षक ना0पु0 रमेश चन्द (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) 10.उप निरीक्षक बृजपाल सिह (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) 11.मुख्य आरक्षी ना0पु0 श्रवण कुमार शर्मा (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) 12.मुख्य आरक्षी ना0पु0 हैदर अब्बास (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) 13.मुख्य आरक्षी ना0पु0 श्रीपाल गिरी (सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह) दिया गया।

*इसके साथ ही पुलिस विभाग में महत्वपूर्ण योगदान व सहयोग के लिये 95 पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगणों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये तथा 45 चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। *अपना कर्तव्य निर्वहन करते समय सर्वोच्च बलिदान देने वाले निरीक्षक स्व0 सुबोध कुमार सिंह, उप निरीक्षक स्व0 रामकिशोर, मुख्य आरक्षी स्व0 बिजेन्द्र कुमार एवं आरक्षी स्व0 सुनील भाटी के परिजनों को पुलिस लाइन गौतमबुद्धनगर में आमंत्रित करके पुलिस कमिश्नर द्वारा उनको सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया और आश्वस्त किया गया कि प्रत्येक परिस्थिति में पुलिस परिवार उनके साथ खड़ा है। *स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के द्वारा चार पहिया पीआरवी वाहनों में इनोवा व स्कॉर्पियों मेक के 16 वाहन, दो पहिया वाहनों में पल्सर मेक के 16 वाहनों कुल 32 नये वाहनों को हरी झण्डी दिखाते हुये कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की पीआरवी में सम्मिलित किये गये है। *इस मौके पर अपर पुलिस आयुक्त श्री शिवहरी मीना, अपर पुलिस आयुक्त श्री बबलू कुमार, सभी डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी व अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे। *कमिश्नरेट के सभी थानों एवं कार्यालयों पर भी 78वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। सभी थानों पर सलामी के साथ राष्ट्रगान किया गया। थाना प्रभारियों द्वारा अधीनस्थों को देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा करने व उसे मजबूत बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई गयी।

## सेक्टर 82 पॉकेट 7 में बड़े धूमधाम से मनाया गया 78 वाँ स्वतंत्रता दिवस



**देव मणि शुक्ल**

नोएडा ईडब्लूएस पाकेट सात सेक्टर-82 नोएडा में 78वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर पॉकेट को तिरंगे झंडों, गुब्बारों से सजाया गया। इस अवसर पर आरडब्लूए अध्यक्ष राघवेन्द्र दुबे ने ध्वजा रोहड़ किया। सभी सेक्टर वासियों ने राष्ट्र गान गाकर ढोल नगाड़ों के साथ भारत माता के जयकारों के साथ प्रभात फेरी निकाली । इस अवसर पर बोलते हुए आरडब्लूए अध्यक्ष राघवेन्द्र दुबे ने कहा कि भारत माँ की स्वतंत्रता के लिए अमर शहीदों ने अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। अब हम सभी का कर्तव्य बनता है कि देश की एकता, अखन्डता, संप्रभुता को बनाये रखें। हमारा देश विभिन्न वेशभूषा, भाषाओं, धर्मों के होने के बावजूद अनेकता में एकता का सुन्दरतम उदाहरण है। देश को समृद्ध, शक्तिशाली एवं उन्नति के शिखर पर पहुँचाने के लिए हम सभी को अपना योगदान देना होगा। इस अवसर पर सुशील पाल, रवि राघव, रमेश चंद शर्मा, पाठक, प्रकाश जोशी, जीडी शर्मा, संजय मग्गू, मनोज गुप्ता , आरपी सिंह, पप्पू सिंह, जितेंद्र सतपति, वीके भारद्वाज, सियाराम, संगम मिश्रा, विकास शर्मा, अवनीश तिवारी, रमेश चंद्र दास, विवेक सिंह, राकेश कुमार यादव सहित तमाम आरडब्लूए पदाधिकारी एवं सेक्टर वासी मौजूद रहे।

## जिम्स में डॉक्टरों की हड़ताल से ओपीडी बंद, मरीज परेशान

**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** कोलकाता में हुई घटना का विरोध पूरे देश में चल रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में देखने को मिल रहा है। ग्रेटर नोएडा स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) मैं सैकड़ों की संख्या में चिकित्सकों ने प्रदर्शन किए और इस प्रदर्शन के दौरान चिकित्सक हड़ताल पर बैठ गए है। हड़ताल के कारण संस्थान की आउट पेंशेंट डिपार्टमेंट (ओपीडी) बंद हो गई। जिससे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, इस दौरान आपातकालीन सेवाएं चालू रही। जिससे गंभीर रूप से बीमार मरीजों को आवश्यक चिकित्सा सुविधा हो सकी है। हड़ताल पर बैठे चिकित्सकों का कहना है कि कोलकाता में हुई घटना के




आरोपियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए और इस प्रकार की घटनाएं न केवल चिकित्सा समुदाय की सुरक्षा को खतरे में डालती है, बल्कि, चिकित्सा सेवा में कार्यरत सभी कर्मचारियों के मनोबल को भी गिराती हैं। जब तक दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जाती है, तब तक चिकित्सकों का यह आंदोलन इसी प्रकार से लगातार जारी रहेगा। सरकार जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाए और चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा बढ़ाई जाए। यदि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती तो वह आगे की रणनीति पर विचार करेंगे। संभवतः अपनी हड़ताल को ज्यादा व्यापक रूप से फैला सकते हैं। जिम्स अस्पताल में हुई चिकित्सकों की हड़ताल का असर मरीजों में देखने को मिला। सुबह के समय ही अधिकांश मरीज ओपीडी में इलाज के लिए आते हैं। लेकिन, चिकित्सकों की हड़ताल की जानकारी मिलने के बाद उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। हालांकि, चिकित्सकों की तरफ से आश्वासन दिया गया है कि इमरजेंसी सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। हर संभव प्रयास किया जाएगा कि गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार दिया जा सके। नोएडा-ग्रेनो में आईएमए की 24 घंटे की हड़ताल कोलकाता घटना को लेकर अब आईएमए ने भी हड़ताल की घोषणा कर दी है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के निजी और सरकारी अस्पतालों में शनिवार सुबह 6 बजे से रविवार सुबह 6 बजे तक रहेगी। इस दौरान इमरजेंसी, आईसीयू और अति आवश्यक सर्जरी छोड़कर बाकी सभी चिकित्सा सेवाएं ठप रहेंगी।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने भव्य समारोह

**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने राष्ट्रीय पर्व 15-अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने एक भव्य समारोह का आयोजन डायमंड क्रॉउन बैंक्विट हॉल सेक्टर 51 में श्री सुनील गुप्ता एनसीआर अध्यक्ष एवं चेयरमैन की अध्यक्षता में एवं मंच संचालन अमित अग्रवाल वरिष्ठ महासचिव आयोजित किया, इस समारोह में हमारे नोएडा के सांसद महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह, पुलिस प्रशासन से शक्ति मोहन अवस्थी जी डीसीपी सेंट्रल, जीएसटी विभाग से संजय कुशवाहा एडिशनल कमिश्नर, नोएडा अथॉरिटी से एसीईओ सतीश पाल, नोएडा सिटी मजिस्ट्रेट विवेकानंद जी इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे सम्मिलित हुए।

इस समारोह का आयोजन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के



साथ सेंट्रल मार्केट सेक्टर 50, अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल एवं फेलिक्स हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस समारोह में श्री राजकुमार चौधरी, योगेंद्र शर्मा, सूर्यकांत शर्मा, डॉ वी के गुप्ता, डॉ डीके गुप्ता, धर्मपाल गोयल, सतनारायण गोयल, रामनिवास बंसल, पीएस जैन, राधा कृष्ण गर्ग, मूलचंद अवाना, पीयूष द्विवेदी, डॉ रश्मि गुप्ता, अजय बाथला, प्रवीण भारद्वाज, संजीव मादरा, राजेश राजोरा, एडवोकेट मनोज गुप्ता, मनोज कटारिया समेत नोएडा की विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष एवं प्रमुख उद्योगपति मुख्य रूप से सम्मिलित रहे। समारोह का संचालन अमित अग्रवाल वरिष्ठ महासचिव द्वारा किया गया व्यापार मंडल से सुधीर पोरवाल अध्यक्ष, नरेश बंसल कोषाध्यक्ष, अमित पोरवाल महासचिव, राहुल भाटिया महासचिव, फूल सिंह यादव संगठन महामंत्री, मनोज गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष रमाकांत गर्ग, गोविंद अग्रवाल, मनोज गोयल, विक्रम सेठी, रणपाल अवाना, नवीन पोरवाल, शैलेंद्र पोरवाल, आशा पोद्दार, इंदु यादव, उषा थापा, योगिता मल्होत्रा, मधु सिंह, निमिषा नेगी, पूजा अवाना, रिहाना अली, रेनू बाला शर्मा, कुसुम पथरिया, ममता तिवारी, सोना चौधरी, रश्मिता साहू समय सभी पदाधिकारी एवं सदस्य तथा नोएडा सभी गणमान्य भारी संख्या में इस समारोह में सम्मिलित हो गर्व के साथ अपने अपने राष्ट्रीय पर स्वतंत्रता दिवस को मनाया।

## कौशांबी पार्क प्रेमियों द्वारा पप्पू चौपाल पर आजादी के मस्तानों द्वारा प्रभात फेरी एवं तिरंगा यात्रा



**राकेश जाखेटिया**

**दिल्ली।** कौशांबी सेंट्रल पार्क में 15 अगस्त 2024 के प्रात 6. 00 से आजादी के दीवाने एकत्र होने लगे क्योंकि सभी को प्रभात फेरी एवं तिरंगा यात्रा में भाग लेना था। क्या बच्चें , क्या महिलाएं तथा स्थानीय सीनियर सिटीजंस । सर्वप्रथम सभी ने मिलकर नारों के उद्घोष , देश भक्ति के गीत और संगीत के वातावरण में प्रभात फेरी एवं तिरंगा यात्रा निकाली । प्रभात फेरी के उपरांत कौशांबी पार्क में ध्वजारोहण स्थल पर एकत्र हुए। पप्पू चौपाल के चेयरमैन श्री सुशील जैन द्वारा झंडा फहराया गया । गीत संगीत कार्यक्रम से पूर्व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की कुर्बानियों को याद कर 2 मिनट का मौन रखा गया । कुछ सीनियर सिटीजनों की आंखें उनकी कुबार्नी को याद कर नम हो गयी । कार्यक्रम में संग्राम सेनानी के परिवार भी उपस्थित रहे । ध्वजारोहण के उपरांत सभी का लड्डू द्वारा मुंह मीठा कराया गया । पूरे कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनमानस पर रुक रुक कर फूलों की वर्षा होती रही । नंदीका जाखेटिया द्वारा सभी छोटे और बड़ों का लॉलीपॉप द्वारा मुंह मीठा कराया गया।

## कॉलेज एवियर एजुकेशनल हब ने अत्यधिक उत्साह और देशभक्ति के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया



**ऋषि तिवारी**

**नोएडा** आज 78 वे स्वतंत्रता दिवस दिवस के उपलक्ष में नोएडा सेक्टर 62 में स्थित कॉलेज एवियर एजुकेशनल हब ने अत्यधिक उत्साह और देशभक्ति के साथ स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के चैयरमैन संदीप सिंह, महानिदेशक एस.के. शुक्ला, निर्देशक कनिका सिंह, अकादमिक सदस्य डॉ आई के पांडे और निधि जैन, के द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण के बाद, छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जो देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थीं। छात्रों ने देशभक्ति के गीत गाए, जिनमे स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदानों को जीवंत कर दिया गया। एक विशेष नाटिका भी प्रस्तुत की गई, जिसमें भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण क्षणों को चित्रित किया गया, जिससे राष्ट्र की दृढ़ता और साहस की याद ताजा हो गई। इस अवसर पर कॉलेज अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का यह समारोह हमारे देश की आजादी की यात्रा और इसके साथ आने वाली जिम्मेदारियों का एक मार्मिक स्मरण था। एवियर एजुकेशनल हब कॉलेज एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

हम एक ऐसा वातावरण बनाने का प्रयास करते हैं जो सीखने, रचनात्मकता और सामुदायिक भावना को प्रोत्साहित करता है।

## देश को आजादी दिलवाने में वीर सपूतों ने अपने बलिदान का योगदान दिया है

### 78वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बलराज भाटी जी ने कहा

**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के राष्ट्रीय कैम्प कार्यालय कैमराला चक्रसैनपुर पर संगठन के कार्यकताओं ने 15 अगस्त को 78 वें स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व को बडी धूमधाम से मनाया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य बाबा रगींलाल रहे। ध्वजारोहण के बाद अपने देश के उन शहीद वीर सबूतों को नमन किया।जिन्होनें ब्रिटिश साम्राज्य को जड से उखाड फेंका और भारत को आजादी दिलाई और अपने वतन के लिए हँसते हँसते प्राणों को निछावर कर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में हर वर्ग हर समाज के वीर सपूत ने अपने प्राणों की आहूति दी थी। उनमें आपसी भाईचारा,एकता एवं आपसी अटूट प्रेम भाव था। जिनके कारण आज हम चैन की सांस ले रहे है हम सभी देशवासियों को अपने उन शहीद वीर सपूतों के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लेना होगा और देश हित के लिए अपनी विचार धारा बदलकर भाईचारा और एकता में रहकर अपने देश को ऊँचाईयों तक ले जाना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी, राष्ट्रीय



अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट ठाकुर विजय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रोहित भाटी, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य जितेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य राजेश कुमार, उपाध्यक्ष गिरीश भाटी, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश भडाना ,पश्चिमी अध्यक्ष संदीप भाटी, प्रदेश महासचिव दिलदार अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा शकीना,प्रदेश सचिव यामीन अंसारी, प्रदेश सचिव हरेन्द्र भाटी, प्रदेश संगठन मन्त्री डाक्टर संजीव भाटी, जिला उपाध्यक्ष राहुल भाटी,प्रदेश महामन्त्री रामरिक भाटी, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### गोल्फ सिटी सेक्टर-75 में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

**नोएडा।** आज सेक्टर-75 स्थित गोल्फसिटी सोसाइटी प्लॉट-8 में अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन ने स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया,जिसमें सैकड़ों सेक्टरवासी सम्मिलित हुए।सर्वप्रथम अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन के संरक्षक मुन्ना कुमार शर्मा,अध्यक्ष प्रभात कुमार,उपाध्यक्ष अनमोल सिंह,सचिव शकुंतला कुमारी,कोषाध्यक्ष उत्पल कुमार,सदस्य मल्लिकेश्वर झा,अतुल जैन,प्रभा अग्रवाल,एसकेरथ,सुमिता गुप्ता,आदि ने ध्वजारोहण किया।संरक्षक मुन्ना कुमार शर्मा ने सभी सेक्टरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि आज हमें देश की एकता ,अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लेना चाहिये।हम फिर से अखंड भारत का निर्माण करेंगे।हमें भारत को पुनः विश्वगुरु बनाना है।हमें जाति,वर्ग,संप्रदाय की भावना से ऊपर उठकर देश को मजबूत और समृद्ध बनाना है।ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया और पूरे सेक्टर में तिरंगा यात्रा निकाली गई,जिसमें सैकड़ों सेक्टरवासी सम्मिलित हुए। राजीव त्यागी के नेतृत्व में बच्चों,महिलाओं,पुरुषों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर सुनील अग्रवाल,पुनीत अग्रवाल,डॉ.शशांक शेखर,वाई.सिंह,केएनभटनागर,आरबीयादव,कमलेश पांडेय सहित सैकड़ों सेक्टरवासी उपस्थित रहे।

### ढाई लाख रुपये न देने पर दामाद को पीटा

**मोदीनगर, एजेंसी।** गांव खिंदोड़ा निवासी शाहरुख ने बताया कि दो अगस्त को मेरठ निवासी ससुर जारून, साले फरदीन, मेहराज सहित तीन लोग घर आए और ढाई लाख रुपये की मांग करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने सरिया और डंडों से उसको पीट दिया। इससे पैर की हड्डी टूट गई। पीड़ित ने थाने में पहुंचकर शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इस पर एसीपी से गुहार लगाई। एसीपी के आदेश पर केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा।

भारत ब्रिटिश शासन से अपनी 78वीं आजादी का जश्न मना रहा है। यह उस समय के सभी लोगों के लिए सबसे कठिन समय था। और हमारे सम्मानित स्वतंत्रता सेनानियों ने जो बलिदान दिया था। स्वतंत्रता सेनानी वे लोग थे जो बिना किसी वित्तीय लालच के और यहां तक कि अपने जीवन की परवाह किए बिना देश के लिए लड़े।

भारतीयों में आजादी पाने की ललक स्वराज के विचार से ही शुरू हुई। स्वराज स्वशासन का विचार है जिसमें सरकार लोगों के लिए, लोगों की और सबसे महत्वपूर्ण लोगों द्वारा होती है। समानता कायम करने, न्याय देने और देश के आवश्यक विकास के लिए और एक बार फिर से सोने की चिड़िया के सुनहरे घोंसले को बहाल करने के लिए स्वराज की बहुत आवश्यकता थी। अंत में मैं प्रत्येक स्वतंत्रता सेनानी को धन्यवाद देना चाहती हूं और उन्हें हार्दिक श्रद्धांजलि और कृतज्ञता अर्पित करना चाहती हूं।

### तिरंगामय हुआ गाजियाबाद, तिरंगे के प्रति मुस्लिमों में देखने को मिला जोश

**गाजियाबाद, एजेंसी।** तिरंगामय हुआ गाजियाबाद, मुस्लिम समुदाय में भी दिखा तिरंगे के प्रति जोश, देश में अमन चैन होना और एक दूसरे के प्रति प्यार की पहचान है हमारा भाईचारा, हिंडन विहार, और अशफाक उल्ला खां चौक कैला भट्टा समेत हर एक मुस्लिम के हाथ में तिरंगा और जुबां पर ये देश है वीर जवानों का..हर कोई चाहता है कि यहां पर न कोई हिन्दू न कोई मुस्लिम बस हम हैं इंसान यही हमारे देश की शान..देश में हो एकता यही मेरा पैगाम इन सब बातों का जिक्र करते हुए समाजसेवी और भाजपा के वरिष्ठ नेता शाहिद कुरैशी व चांद भारती, सुलेमान अलवी, रईस भाई समेत तमाम सम्मानित मुस्लिमों ने कहा कि देश में अमन चैन और हमारा भाईचारा खत्म ना हो इसके लिए हम सब हर तरह से तैयार हैं। समाजसेवी शाहिद कुरैशी ने कहा कि हमारा देश हमारा हिंदुस्तान है जिस मिट्टी में जन्में हैं हम वही हमरी शान..इसके लिए हमें किसी और की नहीं चाहिए पहचान, हम सब एक दूसरे के प्रति प्यार से रहते आए हैं और बस यही दुआ है कि हम सब इसी तरह से हमेशा यह संदेश देते रहें ताकि हमारी ताकत कम ना हो।

### लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने धरना दिया

**गाजियाबाद, एजेंसी।** लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने मांगों को लेकर शुक्रवार को कार्यालय पर धरना दिया। उनका कहना है कि मांग पूरी होने के बाद ही धरना खत्म होगा। पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा और अनुज कुमार त्यागी ने बताया कि गैंगमेट को टीएंडपी के रखरखाव के लिए राशि उपलब्ध कराई जाए। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भविष्य निर्वाह निधि की रसीद उपलब्ध कराई जाए। वरिष्ठता की सूची का प्रकाशन जल्द कराया जाए। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर 13 अस्थाई गैंगहट की मरम्मत कराई जाए। कर्मचारियों को वर्दी और छाता दिया जाए। कर्मचारियों को साइकिल भत्ता दिया जाए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत कैश लेस कार्ड जारी किया जाए। इसके अलावा अन्य मांग भी हैं। राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि मांग पूरी होने पर ही धरना खत्म किया जाएगा।

### गाजियाबाद में दो फ्लैट के ताले तोड़कर लाखों के गहने और नकदी चोरी

**गाजियाबाद, एजेंसी।** मधुबन बापूधाम क्षेत्र स्थित सीपीडब्लूडी के परिसर में रहने वाले शिवम प्रजापति और प्रशांत चौहान के फ्लैट के ताले तोड़कर चोरों ने करीब साढ़े आठ लाख के गहने, नकदी और अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना रविवार की है। सुबह वापस लौटने पर चोरी का पता चला। मामले में उन्होंने मधुबन बापूधाम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

शिवम प्रजापति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने पड़ोसी प्रशांत के पास रविवार को बाहर गए थे। सुबह को वापस आए तो उन्हें फ्लैट का ताला टूटा और सामान बिखरा मिला। उनके फ्लैट से एक ड्रोन, 55 हजार की नकदी चोरी हुई। वहीं, प्रशांत के फ्लैट से एक लैपटॉप, करीब सात लाख के गहने और 22 हजार की नकदी चोरी हुई है। उनका कहना है कि इतनी सुरक्षा के बावजूद सीपीडब्लूडी परिसर में चोरी हुई है। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द पकड़ लिया जाएगा।

### कोकीन के साथ नाइजीरियन गिरफ्तार

**फरीदाबाद, एजेंसी।** अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने नशा तस्करी करने वाले एक नाइजीरियन आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी नावेजी ननामिका पास्कल नाइजीरिया का रहने वाला है। जो बिजनेस के लिए माह फरवरी 2024 में भारत आया था। जिसको अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से नीलम बाटा रोड से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर 1.79 ग्राम कोकीन बरामद हुई है। जिसने पूछताछ में बताया कि वह कोकीन एक अन्य नाइजीरियन व्यक्ति जोनसन, से दिल्ली से लेकर आया था। नाइजीरियन व्यक्ति जोनसन, नशा तस्करी करने के लिए 2000 रुपये देता है। आरोपी जोनसन का सिर्फ नाम जानता है, पता नहीं जानता। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# स्वतंत्रता दिवस पर सीएम योगी ने की बड़ी घोषणा 50 लाख से ज्यादा युवाओं को मिलेगा रोजगार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 78वें स्वाधीनता दिवस पर विधान भवन के समक्ष ध्वजारोहण के बाद युवाओं के लिए 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना' की घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश का युवा प्रतिभाशाली और ऊर्जा से भरपूर है। इस योजना के जरिए 10 लाख युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। युवाओं को 10 लाख एमएसएमई इकाइयों के गठन के लिए सरकार आर्थिक सहयोग करेगी। इसके माध्यम से 50 लाख रोजगार भी सृजित होंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक हुए निवेश से एक करोड़ 62 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिला है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को अपनाकर 62 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में भी मदद मिली है। हमने 7 वर्ष में 6.5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की है। स्टार्ट अप फंड की भी स्थापना की गई है। युवाओं को 2 करोड़ स्मार्टफोन और टैबलेट दिए जा रहे हैं। एक मंडल एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना साकार हो गई है। अब हम एक जनपद एक विश्वविद्यालय की स्थापना के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल समेत कई मंत्री, विधायक, अधिकारी मौजूद थे।

**दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा यूपी...**योगी ने कहा कि कभी बीमारु व देश के विकास का बैरियर माना जाने वाला यूपी आज अनलिमिटेड पोटेंशियल और रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। राष्ट्रीय जीडीपी में 9.2 प्रतिशत योगदान के साथ यूपी देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। पिछले सात वर्ष में प्रति व्यक्ति आय को भी दोगुना करने में भी सफलता मिली है।

सरकार अंत्योदय के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान के लोगों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। हर गरीब, जरुरतमंद व वंचित को शासन की योजनाओं का लाभ देना हमारी प्राथमिकता है। विगत साढ़े सात वर्ष में 56 लाख से अधिक गरीब



परिवारों को प्रधानमंत्री आवास, 2.62 करोड़ गरीबों को व्यक्तिगत शौचालय, रसोई गैस के 1.86 करोड़ से अधिक निःशुल्क कनेक्शन दिए गए। 2.65 करोड़ से अधिक परिवारों में पेयजल कनेक्शन और 15 करोड़ गरीबों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराने का कार्य निरंतर चल रहा है। आधी आबादी के सशक्तिकरण और सुरक्षा के लिए सरकार कटिबद्ध है। किसानों की आय बढ़ाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

**उपेक्षित लोगों को मुख्यधारा से जोड़ा...**सीएम ने कहा कि वनटांगिया, मुसहर, थारु, कोल आदि वंचित समुदाय को आवास, राशन, जमीन के पट्टे, स्कूल आदि की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई गई है। आजादी के बाद 70 वर्ष तक उपेक्षित रहे यह लोग विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं। यूपी 6 करोड़ लोगों को गरीबी से ऊपर उठाने में सफल रहा है।

पीएम की मंशा के अनुरूप देश को जीरो पॉवर्टी के अभियान के क्रम को आगे बढ़ाने का प्रदेश सरकार ने भी संकल्प लिया है। हर परिवार का फैमिली आईडी बनाकर शासन की योजनाओं को 100 फीसदी सेचुरेशन के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे।

## वीर सपूतों के परिजनों को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने शौर्य पुरस्कार विजेताओं व उनके परिजनों को सम्मानित भी किया। शहीद लेफ्टिनेंट हरि सिंह विष्ट की मां शांति विष्ट, शहीद मेजर कमल कालिया की पत्नी अर्चना कालिया, लेफ्टिनेंट कर्नल अमित मोहिंद्रा के पिता एचएस मोहिंद्रा, कर्नल भरत सिंह, शहीद हवलदार कुंवर सिंह चौधरी की धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी, शहीद नायक राजा सिंह की परिजन राजेश्वरी सिंह, शहीद मेजर रितेश शर्मा के पिता सत्यप्रकाश शर्मा, शहीद एमसी बिटाली के भाई मुन्नीलाल, शहीद नायक अरुण कुमार त्रिपाठी के पिता हवलदार ओमप्रकाश त्रिपाठी, लेफ्टिनेंट कमांडर रजनीकांत यादव के भाई रमाकांत यादव, शहीद राजवीर सिंह की पत्नी सुमन देवी, शहीद हर्षवर्धन सिंह की पत्नी सला देवी, हवलदार पंकज सिंह के पिता सूबेदार आरएन सिंह, शहीद शिवरक्षा राम की पत्नी सीता सुंदरी, शहीद दिवाकर तिवारी की पत्नी संतोष तिवारी, शहीद बचावन सिंह की पत्नी मुन्नी सिंह को सम्मानित किया।

## तीन पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक

इस अवसर पर तीन पुलिसकर्मियों को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक देने की घोषणा मई की गयी। सीरियल मर्डर के आरोपी को गिरफ्तार करने पर बरेली के एसएसपी अनुराग आर्या, माफिया अतीक अहमद के बेटे असद को एनकाउंटर में ढेर करने वाले एसटीएफ के डिप्टी एसपी विमल कुमार सिंह और माफिया आदित्य राणा को एनकाउंटर में ढेर करने वाले बिजनौर के मुख्य आरक्षी अरुण कुमार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक देने की सीएम योगी ने घोषणा की।

## मोहल्ले में मच गया हंगामा: अमरोहा में दो पक्षों के बीच पथराव के बाद फायरिंग



**अमरोहा ।** अमरोहा के नौगांवा सादात क्षेत्र में रंजिश के चलते नालूखुर्द गांव के दो पक्षों में जमकर पथराव हुआ। एक दूसरे पर जानलेवा करते हुए फायरिंग की गई। घटना के बाद गांव में दहशत फैल गई। फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस में जांच पड़ताल की।

पुलिस की तरफ से दोनों पक्ष को छह नामजद समेत 16 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया। साथ ही आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाक्षेत्र के नालूखुर्द गांव में ताहिर और इशरत के परिवार रहते हैं। दोनों परिवारों के बीच पुरानी रंजिश चल रही है।

15 अगस्त की शाम अचानक दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले और पथराव किया गया। इतना ही नहीं अवैध तमंचे से एक दूसरे पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई। सूचना मिलते ही दरोगा दिनेश कुमार सिंह, अपने साथी कांस्टेबल लोकेश, दीपक कुमार के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के सामने ही आरोपी एक दूसरे पर जानलेवा फायरिंग कर रहे थे। घटना से गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया। लोग अपनी जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। घटना के बाद फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें कुछ लोग अपनी छत पर खड़े होकर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर रहे हैं। सीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि मामले में दरोगा दिनेश कुमार की तहरीर पर ताहिर पक्ष के नादिस, साहिल, अरबाज और इशरत पक्ष के कैफ, अकिल, नासिर, समीर और 8 से 10 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

**इन धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा...**सीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि नए कानून की धारा 109, 191 (2), 190, 115(2), 352 125 और आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

**ये आरोपी हुए गिरफ्तार...**मुस्तफा, मुजम्मिल हसन, कामिल, इरशाद, अली वारिस, मोहम्मद कैफ, आकिल और समीर को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

## 'मैं मुसलमान हूं इसलिए.' सपा के संविधान मान स्तंभ कार्यक्रम में हंगामा



**आजमगढ़** सपा सांसद धर्मेंद्र यादव की मौजूदगी में बुधवार को नेहरू हॉल में संविधान मान स्तंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान उस समय हंगामा हो गया जब सपा के गोपालपुर विधायक नफीस बोलने के लिए खड़े हुए। तभी वहां मौजूद एक व्यक्ति ने कहा कि हम आपको नहीं सांसद धर्मेंद्र यादव को सुनने के लिए आए हैं।

इस पर सपा विधायक का पारा चढ़ गया और उन्होंने यहां तक कह दिया कि मैं मुसलमान हूं... इसलिए मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है।

बताते चलें कि आजमगढ़ नेहरू हॉल में समाजवादी पार्टी द्वारा संविधान मान स्तंभ कार्यक्रम का आयोजन बुधवार के दिन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद धर्मेंद्र यादव थे। कार्यक्रम के दौरान जब गोपालपुर के विधायक नफीस अहमद बोलने के लिए माइक पर आए तभी सामने कुर्सी पर बैठे मुबारकपुर विधान सभा क्षेत्र के एक सपा कार्यकर्ता ने नफीस को बोलने से रोक दिया।

उनका कहना था कि हम लोग धर्मेंद्र यादव की बात सुनने के लिए आए हैं। इस पर विधायक ने कहा कि मुसलमानों को भी बोलने का अधिकार है, लेकिन उनके अधिकार को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक के यह कहने के बाद कुछ लोगों ने विरोध करने वाले सपा नेता को नेहरू हॉल से बाहर कर दिया।

**वीडियो बनाने वाले पत्रकार को दी धमकी...**देखते ही देखते मारपीट होने लगी। इस बीच सपा विधायक डॉ. संग्राम यादव मौके पर आकर बीच बचाव किए। हालांकि, कार्यक्रम के बाद बाहर आए विधायक नफीस अहमद ने घटना से इनकार किया। पूरे घटनाक्रम का एक पत्रकार ने अपनी मोबाइल पर वीडियो बना लिया। उसे वीडियो बनाते हुए देख सपाई उक्त पत्रकार पर टूट पड़े। पीड़ित पत्रकार का आरोप है कि मेरा कॉलर पकड़कर मोबाइल छीन लिया गया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। वहीं पीड़ित पत्रकार ने शहर कोतवाली में समाजवादी पार्टी से जुड़े दो पदाधिकारियों के खिलाफ तहरीर दी है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न के विरोध में सड़क पर उतरे लोग



**हसनपुर (अमरोहा) ।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हिंदू संगठन से जुड़े लोग अपनी दुकानें बंद करके सड़कों पर उतर आए। नारेबाजी करते हुए एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे, लेकिन पूर्व सूचना देने के बाद भी कार्यालय पर एसडीएम नहीं मिलीं। इससे आक्रोशित लोगों ने गजरौला मार्ग पर जाम लगा दिया ।करीब तीस मिनट तक जाम रहा। बाद में एसडीएम के पहुंचने पर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उन्हें सौंप गया। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, सनातन जागरण मंच के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल और बजरंग दल के संयोजक राहुल गुप्ता के नेतृत्व में हिंदू संगठन से जुड़े लोग एवं व्यापारी रहरा अड्डे पर शुक्रवार सुबह 9:30 बजे एकत्र हुए ।यहां से जुलूस के रूप में वह बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे, लेकिन एसडीएम कार्यालय में नहीं मिलीं। इससे आक्रोशित लोगों ने ब्लॉक चौराहे पर पहुंचकर गजरौला मार्ग पर जाम लगा दिया।

## एसएसपी अनुराग आर्य ने किया बड़ा फेरबदल 23 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र बदले

**बरेली।** बरेली में एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया है। उन्होंने निलंबन और लाइन हाजिर करने की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद खाली हुई शहर की प्रमुख चौकियों पर प्रभारियों की तैनाती कर दी है। इससे कुल 23 दरोगाओं का कार्यक्षेत्र बदला है।

कोतवाली की मठ चौकी के प्रभारी सुभाष कुमार को कुतुबखाना चौकी प्रभारी बनाया गया है। उनकी जगह पुलिस लाइन से वेद सिंह को प्रभारी चौकी मठ बनाया गया है। प्रेमनगर की चौकी कानूनगोयान के प्रभारी राहुल शर्मा को प्रभारी चौकी चौराहा चौकी बनाया गया है।

चौकी चौराहा प्रभारी प्रवीण कुमार कटियार लंबे समय से मेडिकल पर हैं, उन्हें पुलिस लाइन



भेजा गया है। प्रभारी चौकी सिविल लाइन थाना कोतवाली से नेपाल सिंह को प्रभारी चौकी बिहारीपुर बनाया गया है। पुलिस लाइन से पुष्पेंद्र सिंह को प्रभारी चौकी सिविल लाइन बनाया गया है।

प्रेमनगर की अशरफ खां छावनी चौकी के प्रभारी आनंद प्रकाश को प्रभारी जिला अस्पताल चौकी थाना कोतवाली बनाया गया है। प्रभारी चौकी जिला अस्पताल से अशोक कुमार को प्रभारी चौकी अशरफ खां छावनी बनाया गया है।

**इनके कार्य क्षेत्र बदले...**पुलिस लाइन से जगदीश चंद्र जोशी को प्रभारी चौकी आवास विकास थाना प्रेमनगर बनाया गया है। संजीव कुमार त्यागी प्रभारी चौकी आवास विकास को थाना भोजीपुरा भेजा गया है। पुलिस लाइन से एसआई कृपाल सिंह को प्रभारी चौकी कानूनगोयान थाना प्रेमनगर भेजा है।

मोहित चौधरी प्रभारी चौकी कस्बा आंवला को प्रभारी चौकी नकटिया थाना कैंट बनाया गया है। एंटी गो तस्करी सेल से बलवीर सिंह को प्रभारी चौकी कस्बा आंवला बनाया गया है। पुलिस लाइन से हरवीर सिंह को प्रभारी चौकी बभिया थाना कैंट बनाया गया है। प्रभारी चौकी बभिया से सचिन कुमार को जनसुनवाई अधिकारी थाना कैंट बनाया है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में भी बदले गए दरोगा...**पुलिस लाइन से एसआई विनय कुमार को प्रभारी चौकी सराय बनाया गया है। प्रभारी चौकी कुआडांडा थाना भुता से चंद्रवीर को प्रभारी चौकी करगैना थाना सुभाषनगर बनाया गया है। पुलिस लाइन से रामवीर सिंह को प्रभारी चौकी कुआडांडा थाना भुता बनाया है। पुलिस लाइन से महेशपाल सिंह को प्रभारी चौकी देवरनियां थाना फरीदपुर बनाया गया है।

पुलिस लाइन से आदित्य सिंह को प्रभारी चौकी सुभाषनगर बनाया गया है। पुलिस लाइन के विजय बहादुर सिंह को थाना भोजीपुरा भेजा है। पुलिस लाइन से राजबहादुर सिंह को थाना सुभाषनगर भेजा है। दरोगा कमलवीर सिंह को पुलिस लाइन से थाना कोतवाली भेजा गया है।

## खुली पोल: जलशक्ति मंत्री ने हर घर नल योजना की जानी हकीकत, किसानों की समस्याएं सुन हुए हैरान



**वाराणसी।** सिंचाई एवं जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शुक्रवार को पिंडरा ब्लॉक में चल रहे हर घर नल योजना की हकीकत जानने गांवों में जा धमके, जिससे जलनिगम की अधिकारियों की पोल खुल गई और उनको फटकार लगाई। निरीक्षण पश्चात भानपुर में चौपाल लगाई और जन समस्या को सुना।

कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र सिंह शुक्रवार को सुबह-सबसे पहले पिंडरा ब्लॉक के देवजी गांव पहुचे जहां स्वच्छ पेयजल मिशन के तहत बने पानी टंकी और जलापूर्ति व्यवस्था को देखी। खामियां मिलने पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए दूर करने का निर्देश दिया।

दिनदासपुर माइनर में पानी न आने की कई जगह शिकायती पत्र दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। मंत्री ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से तत्काल पानी छोड़े जाने का निर्देश दिए। वहीं, रविशंकर सिंह ने खेतों की सिंचाई के बाबत किसानों की समस्या रखी तो उन्होंने बताया कि पिंडरा ब्लॉक में 50 ट्यूबवेल लिफ्ट सिंचाई के लिए दी जाएगी। इसकी सूची मिलते ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

**इन गांवों का जाना हाल...**अधिकांश गांवों जैसे मरुई, दिनदासपुर, सिंधोरा, जगदीशपुर, महगांव, औरांव, जाठी, गड़खरा, गजेंद्र सहित तमाम गांव में जल निगम के कार्य धीमी गति से चलने और पाइप लाइन डालने के लिए रास्ते पर गड्ढा खोदकर छोड़ देने की शिकायत की। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी कार्य हैं, उसे तत्काल पूरा किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

भानपुर चौपाल पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, रविशंकर सिंह व ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र विश्वकर्मा ने बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान बीडीओ डॉ. छोटेलाल तिवारी, रामविलास, राम प्रवेश मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह देव, फौजदार शर्मा, अभिषेक सिंह राजपूत, शिव गुप्ता, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**निरीक्षण के दौरान इन अधिकारियों की रही उपस्थिति...**जलनिगम के मुख्य अभियंता विशेश्वर प्रसाद, अधिशाषी अभियंता गजेंद्र कुमार चौधरी, एई अमित सिंह, सद्दाम हुसैन, जेई प्रियंका यादव, प्रोजेक्ट मैनेजर शमशेर आलम के अलावा नहर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोलकाता की घटना का विरोध: राजकीय मेडिकल कॉलेज में हड़ताल पर गए डॉक्टर



**शाहजहांपुर** कोलकाता में दुष्कर्म के बाद हुई जूनियर डॉक्टर की हत्या के विरोध में शुक्रवार को शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने हड़ताल कर दी। सुबह नौ बजे से ही ओपीडी बंद करा दी गई। ओपीडी गेट पर ताला बंदकर जूनियर डॉक्टर धरने पर बैठ गए। स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने से मरीजों को काफी परेशानी हुई।

कोलकाता में हुई घटना के विरोध में जूनियर डॉक्टर आंदोलनरत हैं। तीन दिन पहले भी डॉक्टरों ने करीब डेढ़ घंटे की सांकेतिक हड़ताल की थी। शुक्रवार को सुबह से ही जूनियर डॉक्टर एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए ओपीडी बंद कर दी। डॉक्टरों का कहना था कि कोलकाता में हुई निर्मम दुष्कर्म और हत्या के मामले में सही जांच नहीं हो रही है।

डॉक्टरों ने उठाई सुरक्षा की मांग

उन लोगों की मांग है कि डॉक्टरों की सुरक्षा होनी चाहिए। अस्पताल में इलाज के दौरान तमाम बाहरी लोग आ जाते हैं। इस पर रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने कोलकाता में हुए दुष्कर्म-हत्याकांड के दोषियों को फांसी दिए जाने की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व पीएम अटल बिहारी की पुण्यतिथि पर सीएम योगी ने किया नमन, बोले- आधुनिक भारत के निर्माण की नींव रखी



**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल जी ने आधुनिक भारत के निर्माण की नींव रखी। लगभग 6 दशक एक निष्कलंक जीवन जीते हुए वे भारतीय राजनीति को नई ऊंचाइयों पर ले गए। भारत को एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए उनके सद्प्रयासों के प्रति यह राष्ट्र सदा कृतज्ञ रहेगा। लोकभवन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा उनके कई कैबिनेट सहयोगी व भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे।

### कार में पीछे से आ रही रोडवेज बस ने मारी टक्कर, तीन सवारी घायल



**हाथरस।** सिकंदराराऊ के जीटी रोड स्थित हाईवे पर मंडी समिति के निकट कार में पीछे से आ रही रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई, उसमें बैठी तीन सवारी घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलती ही मौके पर एसडीएम पहुंच गए, जिन्होंने घायल सवारियों को सीएचसी पर उपचार के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार अनुराग 16 अगस्त को कार द्वारा मैनपुरी से दिल्ली जा रहा था। कार चालक ने जीनू पत्नी रिंकू तथा उनकी पुत्री आराध्या निवासी औरछा को दिल्ली के लिए कार में बैठा लिया। उसके बाद महबूब खान पुत्र मोहम्मद खान निवासी गांधी मार्केट एटा को एटा से अलीगढ़ के लिए बैठा लिया। जैसे ही कार दोपहर 12 बजे की मंडी समिति के निकट पहुंची। तभी पीछे से आ रही रोडवेज बस ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से कार में सवार जीनू, नीरू और आराध्या घायल हो गई। तीनों का सीएचसी में इलाज जारी है।

### वकील के कातिल गिरफ्तार: पैसा हड़पने के लिए परिचित ने साथियों के साथ मिल किया मर्डर, कुएं में फेंक दी थी लाश



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद पुलिस ने जिगर कॉलोनी निवासी अधिवक्ता शौकीन अली (53) हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। इस मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। जांच में पता चला है कि परिचितों ने ही वकील को घर से बुलाकर उनकी हत्या की थी। अधिवक्ता 11 अगस्त (रविवार) शाम छह बजे से गायब थे।

सोमवार सुबह साढ़े दस बजे उनका शव मझोला क्षेत्र में चौहानों वाली मिलक स्थित गोशाला के पास कुएं में पड़ा मिला। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। मूलरूप से भगतपुर के चतरपुर निवासी शौकीन अली नागफनी के जिगर कॉलोनी बंगला गांव में परिवार के साथ रह रहे थे।

सिविल मामलों के अधिवक्ता शौकीन अली दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के सदस्य भी थे। परिवार में पत्नी सहाना, दो बेटे सुहेल अली, सुएब अली व एक बेटी फिजा है। बड़े बेटे अधिवकता सुहेल अली ने पुलिस को बताया कि रविवार शाम छह बजे उनके पिता स्कूटी से घर से निकले थे।

वह कुछ देर में वापस आने की बात कर गए थे। काफी देर बाद भी वह वापस नहीं आए, तब उनकी तलाश शुरू की गई। मोबाइल बंद होने के कारण संपर्क नहीं हो पाया। सोमवार सुबह परिवार के लोगों ने दोबारा उनकी तलाश शुरू की। बेटा मोबाइल की लोकेशन के जरिए मझोला क्षेत्र में चौहानों वाली मिलक में गोशाला के पास पहुंच गया।

यहां सहारा इंडिया की भूमि के पास लोकेशन मिली। कुएं में अधिवक्ता का शव पड़ा था। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि शौकीन अली का आजादनगर निवासी प्रेमसिंह से दोस्ती थी। प्रेमसिंह ने उन्हें कई लोगों ने मिलकर काम दिलवाया था। लगातार मिलने दौरान मुख्य आरोपी प्रेम सिंह को वकील के पास काफी पैसे होने की बात पता चली।

इसके बाद उसने अपने साथी रोहित और कैलाश के साथ मिलकर हत्याकांड की साजिश रची। प्रेम सिंह ने फोन कर वकील को मिलक के पास सहारा इंडिया की खाली पड़ी भूमि के पास बुलाया। इसके बाद सिर पर ईंटों से हमला कर हत्या कर दी। आरोपियों ने वकील के पास से मिले रुपये और अन्य सामान को आपस में बांट लिया।

### मुठभेड़ में शातिर बदमाश गिरफ्तार, गोली लगने से हुआ घायल, भोजीपुरा थाने में दर्ज हैं 12 मुकदमे

**बरेली।** बरेली में लूट की घटना में वांछित बदमाश रजत उर्फ गुलचम को भोजीपुरा थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से गुलचम घायल हो गया । पुलिस ने घायल बदमाश को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

बृहस्पतिवार की रात गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि लूट की घटना में वांछित रजत उर्फ गुलचम भोजीपुरा इलाके के गांव नवदिया सिंघाई के जंगल में लूट की फिराक में है। भोजीपुरा पुलिस के साथ सर्विलांस व एसओजी टीम ने पीछा किया।

रात में करीब ढाई बजे पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ने की कोशिश की तो बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जबाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर से फायरिंग की गई। इससे एक गोली बदमाश के बायें पैर में लगी। गोली लगने के बाद बदमाश वहीं गिर गया। बदमाश से एक तमंचा, दो कारतूस व लूट के बारह सौ साठ रुपये बरामद हुए। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश रजत उर्फ गलचम भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव कंचनपुर का रहने वाला है। उसने कई घटनाएं कबूल की हैं सीओ हाईवे नितिन कुमार सारंग ने बताया कि पकड़े गए बदमाश रजत के खिलाफ लूट, एनडीपीएस, शस्त्र अधिनियम के 12 मुकदमे भोजीपुरा थाने में दर्ज हैं।

# नालंदा यूनिवर्सिटी के सदियों पुरानी 'स्पिरिट' को जगाना होगा- पीएम मोदी

अभिजीत पाण्डेय

**पटना।** बिहार का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। नालंदा यूनिवर्सिटी का पुनर्निर्माण किया गया है। एक बार फिर से नालंदा विश्वविद्यालय में काम शुरू हो गया है। लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में हमें सदियों पुराने उस नालंदा के स्पिरिट को जगाना होगा। नालंदा स्पिरिट को जीना होगा ।

देश आजादी का 78वां अमृत काल महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से झंडोत्तोलन कर अपने संबोधन में एक बार फिर नालंदा विश्वविद्यालय का जिक्र करते हुए उसके पुराने



गौरव को लौटाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि बिहार का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय में पढ़ाई शुरू कर दी गई है, लेकिन हम शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर से सदियों पुराने इतिहास को दोहराने की कोशिश कर रहे है। नालंदा विश्वविद्यालय के स्पिरिट को लेकर के बड़े विश्वास से विश्व की ज्ञान की परंपरा नई चेतना देने का काम करना होगा। नई शिक्षा नीति के तहत मातृ भाषा पर बल दिया गया है।

पीएम मोदी ने कहा भाषा के कारण हमारे देश का टैलेंट रुकना नहीं चाहिए। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी 3,156 दिनों बाद 19 जून को दोबारा नरेन्द्र मोदी नालंदा घूमने आए थे. इस दौरान राजगीर में वैभारगिरि की तलहटी के 455 एकड़ में 1,749 करोड़ से नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया था। बता दें कि 455 एकड़ में इस विश्वविद्यालय का निर्माण किया गया है।

# राजकीय समारोह के रूप में मनाई जाएगी अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि : नीतीश कुमार

## सीएम नीतीश कुमार का बड़ा ऐलान

दीपक कुमार तिवारी।

**पटना।** पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की आज पुण्यतिथि है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि को राजकीय समारोह के रूप में मनाए जाने की घोषणा की है। अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि के अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पाटलिपुत्रा पार्क में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर



अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि को राजकीय समारोह के रूप में मनाए जाने की घोषणा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, जल संसाधन मंत्री सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ० दिलीप कुमार जायसवाल भी मौजूद रहे।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी।

केंद्रीय मंत्रियों और विभिन्न दलों के नेताओं सहित अन्य लोगों ने दिल्ली के 'सदैव अटल' स्मारक पर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी।पीएम मोदी ने अपनी श्रद्धांजलि में कहा कि राष्ट्र निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान के लिए उन्हें अनगिनत लोग याद करते हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन यह सुनिश्चित करने में लगा दिया कि हमारे साथी नागरिक बेहतर जीवन जी सकें। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि हम देश के लिए उनके सपने को पूरा करने के लिए काम करते रहेंगे।

# सुपौल में उफनाई नदी में नाव से निकाली गई प्रभातफेरी

## बच्चों की जान जोखिम में डालकर सेल्फी ले रहे थे शिक्षक





दीपक कुमार तिवारी।

**पटना/सुपौल।** बिहार के सुपौल सदर प्रखंड के कोसी तटबंध के अंदर स्थित सितुहर पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सितुहर में 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शिक्षकों ने छोटे-छोटे बच्चों के साथ नदी में नाव से प्रभात फेरी निकाली। ये प्रभातफेरी जब निकाली गई उस समय कोसी नदी अपने उफान पर थी, बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है।

बताया जाता है कि स्थानीय प्रशासन की अनुमती के बगैर जान जोखिम में डालकर कोसी नदी में नाव से प्रभातफेरी निकाली गई। इतना ही नहीं शिक्षक अपने मोबाइल से सेल्फी लेते हुए मगन दिखे। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस खतरनाक नदी में प्रभातफेरी निकालने के लिए न तो किसी विभागीय अधिकारी से अनुमति ली गई थी और न ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक को इसकी जानकारी थी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सकलदेव प्रसाद ने बताया कि वह उस समय विद्यालय में झंडोत्तोलन की तैयारी में व्यस्त थे। इसी दौरान विद्यालय में आए नए शिक्षकों ने उनसे बिना पूछे ही बच्चों को नाव में बिठाकर प्रभातफेरी निकाल दी। जब उनसे पूछा गया कि क्या कोसी जैसी खतरनाक नदी में इस प्रकार की गतिविधि के लिए विभाग से अनुमति ली गई थी, तो उन्होंने स्वीकार किया कि किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी।

प्रभातफेरी की जो वीडियो सामने आई है, उसमें साफ देखा जा सकता है कि एक नाव पर कई बच्चे और दो तीन शिक्षक सवार हैं। स्कूल के लड़के लड़कियां भी नाव पर मस्ती कर रहे हैं, साथ में शिक्षक भी नदी के बीचोबीच फोटो खिंचवा रहे हैं। हाथ में झंडे लिए बच्चे वंदे मातरम के नारे भी लगा रहे हैं। हालांकि ये घटना कोसी नदी के खतरनाक प्रवाह को देखते हुए गंभीर सवाल खड़े करती है और बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की जिम्मेदारियों पर भी सवाल उठाती है।

# स्वास्थ्य उपकेंद्र पूरन छपरा का कायाकल्प कर हुआ उद्घाटन





बिट्टू कुमार

**मोतिहारी।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड में स्वास्थ्य उपकेंद्र पूरन छपरा का स्थानीय जनप्रतिनिधि मुखिया संजय कुमार के सहयोग से कायाकल्प करते हुए इसका उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य उपकेंद्र पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 159 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिनमें 100 से अधिक लोगों की रक्तचाप और शुगर की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर की सफलता में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, पीरामल प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर मुखिया संजय कुमार ने बताया कि पूरन छपरा का स्वास्थ्य उप-केंद्र पहले अपर्याप्त रखरखाव से जूझ रहा था, जिसमें बिजली, पानी और कार्यशील शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाओं की कमी थी। केंद्र का काफी हिस्सा खराब स्थिति में था। इसके कायाकल्प को लेकर

अरविंद कुमार, पिरामल कार्यक्रम प्रमुख ने मुखिया संजय कुमार से मिलकर पुनर्निर्माण पर चर्चा की। उनकी बैठक के बाद एक व्यापक पुनर्निर्माण योजना तैयार की गई और उसे लागू किया गया।

**स्वास्थ्य उपकेंद्र पर हुआ है निम्न सुधारः...** स्वास्थ्य उपकेंद्र की दीवारों की मरम्मत की गई। एक नई बाउंड्री वॉल और गेट का निर्माण किया गया, मौजूदा शौचालयों की मरम्मत और उन्नयन किया गया । विद्युत प्रणालियों का पूरी तरह से सुधार किया गया ताकि एक विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। पानी की आपूर्ति हेतु एक नया पानी पंप और पानी की टंकी स्थापित की गई। स्वास्थ्य केंद्र परिसर और आसपास के क्षेत्रों में ईंटें लगाई गईं।

पुनर्निर्माण व कायाकल्प के बाद इसकी संरचना और सेवाओं में काफी सुधार लाया है, जिससे यह समुदाय को प्रभावी ढंग से सेवा देने में सक्षम हो गया है। स्थानीय निवासियों को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही है। जिले के आकांक्षी योजना अन्तर्गत कल्याणपुर एवं केसरिया का स्वास्थ्य केंद्र शामिल है।

मौके पर मुखिया संजय कुमार, पीरामल स्वास्थ्य के मुकेश कुमार, आर. फिरदौस, अरविंद कुमार, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, वार्ड सदस्यों व और ग्रामीण उपस्थिति थे।

# पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री के होते हुआ घृणित अपराध : चिराग पासवान



अभिजीत पाण्डेय

**पटना।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में एक डॉक्टर की हत्या पर ममता बनर्जी की सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा में नाकामी का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य प्रशासन सबूत मिटाने की कोशिश कर रहा है, यह आरोपियों को बचाने का प्रयास प्रतीत होता है।

कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर से हुए दुराचार के बाद हत्या मामले में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सीएम ममता बनर्जी से सवाल पूछे हैं। उन्होंने पूछा है कि पश्चिम बंगाल में आपकी सरकार है तो आखिर उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के लिए क्या किया? उन्होंने ममता बनर्जी पर यह भी आरोप लगाया कि यह उनकी जिम्मेदारी बनती है। चिराग पासवान ने कहा की जो घटना कोलकाता में घटी है, जिम्मेदारी ममता बनर्जी की बनती है। उनकी सरकार इस घटना को रोकने में नाकामयाब साबित हुई है।

उन्होंने कहा जो घटना घटी है उसे रोकने में ममता बनर्जी की सरकार और उनका प्रशासन पूरी तरह से नाकाम रहा है। चिराग पासवान ने यह बयान ममता बनर्जी के उस बयां कर दिया, जिसमें ममता बनर्जी का आरोप यह था कि इस घटना को अंजाम देने वाले लोग राम और राम वाले हैं।केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर इस पूरी घटना की जिम्मेदारी डालते हुए यह कहा कि पश्चिम बंगाल में उनकी सरकार है। बावजूद इसके घटनास्थल पर तोड़फोड़ की जा रही है। जो यह दिखाता है कि पश्चिम बंगाल की सरकार सबूत मिटाने का प्रयास कर रही है। चिराग पासवान ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में एक महिला मुख्यमंत्री के रहते हुए वहां इतनी घृणित घटना अंजाम दी जाती है। उसके बाद सबूत को मिटाने की सोच के साथ आधी रात को हजारों की संख्या में सामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ की।

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने ममता बनर्जी की सरकार पर यह भी आरोप लगाया कि कोई तो है जो आरोपियों को बचाना चाहता है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद सबूत को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि सबूत के साथ कोई छेड़छाड़ ना हो। यह मुख्यमंत्री सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि सबूत के साथ कोई टेंपरिंग ना हो। चिराग पासवान ने कहा कि सीबीआई सबूत जुटाने में पूरी मुस्तादी से लगी है। लेकिन स्थानीय प्रशासन का सपोर्ट होना जरूरी है। यदि उन्हें सपोर्ट नहीं मिलेगा और राज्य सरकार के संरक्षण में सबूत के साथ छेड़छाड़ होगी तो यह पीड़ित परिवार को मिलने वाले न्याय के खिलाफ होगा।

# लुप्त हो रहे संगीत घरानों को संरक्षित करेगी बिहार सरकार- विजय सिन्हा

राम नरेश

**पटना।** बिहार के डिप्टी सीएम और संस्कृति मंत्री विजय सिन्हा ने अधिकारियों को राज्य की लुप्त हो रही पारंपरिक कला को पुनर्जीवित करने के लिए निर्देश दिए हैं। सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के संगीत घराने को पुनर्जीवित करने के साथ कलाकारों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर पोर्टल बनाएं। साथ ही गुरु-शिष्य परंपरा योजना को धरातल पर लाने में तेजी लाएं। बिहार के कला संस्कृति मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ बुधवार को समीक्षा बैठक की।बैठक के दौरान मंत्री ने निर्देश दिया कि स्थानीय व राज्य के कलाकारों को अधिक से अधिक अवसर प्रदान करें। विलुप्त हो रहे संगीत घराने को पुनर्जीवित करने के साथ कलाकारों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर पोर्टल



बनाएं। मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आवंटन में पारदर्शी मानदंड हो। गुरु शिष्य परंपरा योजना को धरातल पर लाने, कलाकारों की सूची बनाकर उनका वर्गीकरण कर कार्य में तेजी लाएं।

सिन्हा ने निर्देश दिया कि विलुप्त हो रहे पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा देने के साथ आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों को न्यूनतम शुल्क पर आडियो-वीडियो स्टूडियो की व्यवस्था हो। प्रदेश में प्रेक्षागृहों की संख्या में भी वृद्धि की जाए।

विजय सिन्हा ने हिंदी के समान मगही, मैथिली, भोजपुरी, अंगिका व बज्जिका जैसी क्षेत्रीय भाषाओं में गीत रचना को बढ़ावा देने के लिए भी निर्देश दिए। क्षेत्रीय भाषा में गीत संगीत की प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को योजना का लाभ मिल सके।

# बिहार मे 30 सालों तक लूटे पैसों से अपने लोगों को रोक लें राजद - पी.के

राम नरेश

**पटना।** प्रशांत किशोर ने राजद नेता लालू यादव और तेजस्वी यादव पर बड़ी चुनौती दी। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद ने 30 वर्षों में बिहार को लूटकर बालू और शराब माफियाओं का समर्थन किया है।असली माफिया तो ये लोग हैं, जिन्होंने माफियाओं से पैसे लिए हैं।कम से कम उसी पैसे का इस्तेमाल अपने कार्यकताओं को रोकने के लिए कर लीजिए।'जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर शुक्रवार को प्रशांत किशोर ने राजद प्रमुख लालू यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोला है। प्रशांत किशोर ने उन आरोपों का जवाब देते हुए लालू-तेजस्वी पर हमला बोला, जिसमें कहा गया था कि लोगों को जन सुराज में शामिल होने के लिए पैसे दिए जा रहे हैं। पीके ने राजद नेताओं पर पलटवार करते हुए कहा कि जन





सुराज सत्ता में नहीं है। प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि राजद ने 30 वर्षों तक बिहार को लूटा है। उनके शासन में शराब और बालू माफिया फलते-फूलते रहे हैं।

पीके ने लालू यादव और तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि असली माफिया तो ये लोग हैं, जिन्होंने माफियाओं से पैसे लिए हैं और अब बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने लालू परिवार पर लोगों से नौकरी के बदले जमीन लिखवाने और अपने लिए मॉल बनवाने का आरोप लगाया। प्रशांत किशोर ने तंज कसते हुए कहा, 'कम से कम उसी पैसे का इस्तेमाल अपने कार्यकताओं को रोकने के लिए कर लीजिए।' प्रशांत किशोर ने चुनौती देते हुए कहा, 'अगर मान लीजिए हम पैसा दे भी रहे हैं तो आप ज्यादा पैसा दे दीजिए। इन लोगों के पास पैसे की कमी तो है नहीं, 30 वर्षों तक बिहार को इन्हीं लोगों ने लूटा है।' पीके ने कहा कि इन लोगों के पास तो बहुत पैसा होगा, उसी पैसे को अपने लोगों को दें और उन्हें जन सुराज में आने से रोक लें। उन्हें ऐसा करने से किसने रोका है।

# स्वाधीनता दिवस पर लें स्वच्छ,सुंदर विकसित बेतिया बनाने का संकल्पः गरिमा



बिट्टू कुमार

**पश्चिम चम्पारण/बेतियाः** देश का 78वाँ स्वाधीनता दिवस नगर निगम कार्यालय परिसर में भी भव्य समारोह पूर्वक मनाया गया। जहां ध्वजारोहण के बाद महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि हम सबको आज के स्वाधीनता दिवस पर अपने बेतिया नगर निगम को स्वच्छ, सुंदर विकसित बनाने का संकल्प लेना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि हम सभी अपने दायित्व और सार्वजनिक जीवन की जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी तत्परता और ईमानदारी से करें। इसकी जरूरत और महत्ता को स्पष्ट करते हुए श्रीमती सिकारिया ने कहा कि हमारे हजारों पूर्वजों के कुर्बान होने के बाद हम आजादी मिली है। इसके बावजूद हम इस आजादी का सही महत्व नहीं समझ पाए हैं। तभी अपने देश, समाज और अपनी जिम्मेदारी के प्रति हमारा समर्पण अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। इस मौके पर महापौर के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी पार्षदगण, सभी अधिकारी एवं सभी मीडिया बन्धुओं को जलेबी खिलाकर सबका मुंह मीठा कराने के बाद सभी निगम कर्मचारियों को उपहार स्वरूप मिठाई का पैकेट भी भेंट किया गया। आयोजन में नगर आयुक्त, भूमिसुधार उपसमाहर्ता, वरीय उपसमाहर्ता, उपनगर आयुक्त, उपमेयर, सभी पार्षदगण, सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आदि की सहभागिता रही।

# बिहार में 12 लाख युवाओं को मिलेगी नौकरी- नीतीश

अभिजीत पाण्डेय

**पटना ।** पटना के गांधी मैदान में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बीपीएससी के जरिए दो लाख 20 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की गई। सक्षमता परीक्षा पास कर एक लाख 80 हजार शिक्षक सरकारी कर्मी बन गए। दो लाख सरकारी शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में झंडोत्तोलन के बाद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने राज्य एवं देशवासियों से अपील की है कि वे आपसी भाईचारा, मेल-जोल, स?द्भाव, सहिष्णुता का वातावरण बनाये रखने की अपील की। इस मौके पर नीतीश ने कहा कि राज्य में कानून का राज स्थापित रखना उनकी प्राथमिकता में है। नीतीश कुमार ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि जेपी गंगा पथ का विस्तार किया जाएगा और बिहार विधान सभा चुनाव से पहले 12 लाख युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य रखा गया



है। 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीएम नीतीश कुमार गांधी मैदान से बिहार के युवाओं से बड़ा वादा कर दिया है। उन्होंने चुनाव से पहले 34 लाख रोजगार की बात कह दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साल 2022 में हमने 10 लाख लोगों को नौकरी देने की बात कही थी। इसमें में अब तक पांच लाख 16 हजार नौकरियां दी जा चुकी है।

अब अगले साल चुनाव से पहले बिहार सरकार 10 की जगह 12 लाख नौकरी देगी। इसी तरह हमने 10 लाख रोजगार की भी बात कही थी। पिछले चार साल में 24 लाख रोजगार दिया जा चुका है। अब और इसे बढ़ाकर 10 लाख देने का लक्ष्य रखा गया है। इस तरह हम चुनाव से पहले 34 लाख रोजगार देने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लड़कियों की शिक्षा, पुलिस बल में महिलाओं की नियुक्ति, शिक्षकों की नियुक्ति पर भी चर्चा की। स्कूलों में पढ़ाई अच्छे ढंग से हो, इसके लिए निर्णय लिया गया कि राज्य में शिक्षकों की नियुक्ति सरकारी तरीके से हो। बीपीएससी के जरिए दो लाख 20 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की गई। सक्षमता परीक्षा पास कर एक लाख 80 हजार शिक्षक सरकारी कर्मी बन गए। दो लाख सरकारी शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है।

बिहार की राजधानी पटना में 14वीं बार झंडोत्तोलन करते हुए नीतीश कुमार ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि जेपी गंगा पथ का विस्तार आरा के वीर कुंवर सिंह पुल तक किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर इसका विस्तार मोकामा के राजेंद्र पुल तक किया जाएगा। सीएम नीतीश ने कहा कि बिहार में सड़कों एवं पुल पुलियों का निर्माण बड़ी संख्या में कराये जा रहे हैं। जेपी गंगा पथ दीदारगंज तक जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साल 2005 से हम लोगों को काम करने का मौका मिला तब से काम कर रहे हैं। जबसे हमने बिहार में काम शुरू किया तब उस वक्त पुलिस की संख्या कम थी। लेकिन हमारे कार्यकाल में जो काम हुआ उसे आज 1 लाख 20 हजार से अधिक पुलिस की संख्या हो गई। राज्य में पुलिस की बहाली की प्रक्रिया चल रही है। अगले साल तक पुलिस पदाधिकारी और पुलिस कर्मियों की बहाली हो जाएगी। नीतीश कुमार ने कहा कि साल 2005 से जब से हमे शासन का मौका मिला राज्य में कानून का राज है। सरकार के द्वारा अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था सुधारने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी काम हो रहा है। 2005 से पहले राज्य में स्वास्थ्य केंद्र की कमी थी और स्थिति बहुत ही खराब थी। लेकिन जब हमें साल 2005 के बाद काम करने का मौका मिला तो हमने स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्र में काम किया। साल 2005 के बाद अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति अनिवार्य की गई। राज्य में मरीजों की संख्या कम हुआ करती थी क्योंकि उस समय सरकारी अस्पतालों में दवा का अभाव था। लेकिन जब हम लोगों ने सत्ता संभाली तब अस्पतालों में दवा उपलब्ध करवाई। मेडिकल कॉलेज की संख्या आज कई गुना बढ़ी है।

# 75 दिनों मे निपटैगा दाखिल-खारिज

भवेश कुमार

**पटना।** बिहार में जमीन की खरीद-फरोख्त के बाद नाम चढ़ाने के लिए अब 75 दिनों के अंदर आपको काम निपटाना होगा। इसके लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने पिछले साल लागू किये गए फीफो सिस्टम को और सख्त कर दिया है। इसके तहत अब सम संख्या वाले आवेदनों को अंचलाधिकारी और विषम संख्या वाले आवेदनों को राजस्व अधिकारी देखेंगे। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने बुधवार को जिलाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि वे अपने स्तर से देखें कि दिशा निदेर्शों के अनुसार दाखिल-खारिज के आवेदनों का निबटारा हो रहा है या नहीं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने पिछले साल एक मार्च को फीफो (पहले आओ पहले पाओ) सिस्टम लागू किया था। इसके तहत जमीन के दाखिल -खारिज के लिए आवेदन जमा करने की तारीख के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले आवेदनों के निपटारे में देरी होती थी और



लोग परेशान रहते थे। फीफो सिस्टम लागू होने से आवेदनों के निपटारे में तेजी आई है। अब विभाग ने इसे और प्रभावी बनाने के लिए नया आदेश जारी किया है। नए आदेश के अनुसार, दाखिल -खारिज के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति को अपने आवेदन के साथ सभी जरूरी दस्तावेज संलग्न करने होंगे। दस्तावेजों की जांच के लिए अंचल अधिकारी संबंधित राजस्व कर्मचारी को आवेदन भेजेंगे।

राजस्व कर्मचारी तीन कार्य दिवस में रिपोर्ट करेंगे कि आवेदन में दिए गए दस्तावेज सही हैं या नहीं। अगर दस्तावेजों में कोई त्रुटि है तो अंचलाधिकारी 24 घंटे के भीतर उसे सुधार के लिए आवेदक को वापस कर देंगे। इसके लिए सॉफ्टवेयर में भी व्यवस्था की गई है। अगर 24 घंटे के भीतर त्रुटिपूर्ण आवेदन में सुधार नहीं किया जाता है तो वो आवेदन रैयत के लॉगिन में वापस चला जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि दाखिल-खारिज के किसी भी आवेदन का 75 दिनों के भीतर निपटारा हर हाल में हो जाना है। ऑनलाइन भुगतान के दौरान जमीन लगान के लिए कुछ लोग ज्यादा पैसे जमा कर देते हैं। ऐसे में अब उन पैसों की वापसी भी की जाएगी। विभाग ने इसके लिए भी बुधवार को अलग से आदेश जारी किया है। इसके अनुसार, अगर आपसे भी जमीन लगान के लिए ज्यादा पैसे कट गए हैं, तो उसकी वापसी उसी खाते में की जाएगी, जिससे आपने भुगतान किया था।



चरण सिंह

विचार

# देश की राजनीति में नये चेहरों को आगे लाना ही होगा

कुछ भी हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति से अलग हटकर एक लाख युवा राजनीति में लेने की बात की है वह देश की राजनीति को नई दिशा और नेता देने वाली है। यह नैतिक साहस स्थापित दल तो नहीं जुटा पाएंगे। नये संगठनों को इसका बीड़ा उठाना पड़ेगा। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि जो लोग देश और समाज की चिंता करने वाले हैं उनको यह समझ लेना चाहिए कि जब तक देश की राजनीति गिने-चुने परिवारों के कब्जे में रहेगी तब तक देश में कोई बदलाव नहीं होने वाला है। ऐसे में सत्ता बदल जाएगी पर बदलाव नहीं होगा।

देश की राजनीति में वंशवाद, परिवारवाद और पूंजीवाद को धता बताते हुए जब तक नये चेहरे उभरकर सामने नहीं आएंगे और सत्ता में नये चेहरे काबिज नहीं होंगे तब तक देश की राजनीति बस आरोप प्रत्यारोप तक सिमटी रहेगी। इससे देश को कुछ खास फायदा नहीं होने वाला है। देखने की बात यह है कि देश में जब विभिन्न कॉलेजों में छात्र संगठन होते थे चुनाव होते थे तो देश को युवा नेता मिलते थे। अब अधिकतर प्रदेश में छात्र संघ चुनाव ही खत्म कर दिये गये हैं। राजनीतिक दलों में परिवारवाद और वंशवाद हावी है, नेता गुलाम प्रवृत्ति के कार्यकताओं को ही पसंद करते हैं। आगे बढ़ने के लिए आज के नेता मेहनत नहीं करना चाहते बल्कि शार्टकट अपना रहे हैं। अनैतिक कार्यों में लिप्त होकर आगे बढ़ना चाहते हैं। क्षेत्रीय दलों में संगठन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह चलाया जाता है। जहां किसी कार्यकर्ता ने नेतृत्व पर उंगली उठाई तत्काल रूप से उसे पार्टी से बाहर कर दिया जाता है। कार्यकताओं पर फैसले थोपे जाते हैं। ऐसे में बड़ा प्रश्न यह उठता है कि देश को जुझारू नेतृत्व कैसे मिलेगा ?

दरअसल देश की राजनीति में कुछ परिवारों का कब्जा है। कांग्रेस में पंडित जवाहर नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी के बाद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, समाजवादी पार्टी में मुलायम सिंह यादव के बाद अखिलेश यादव, डिंपल यादव, शिवपाल यादव, धर्मेंद्र यादव, अक्षय यादव और आदित्य यादव मतलब एक ही परिवार के नेताओं का बोलबाला है। ऐसे ही बसपा में मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर रखा है। एनडीए में शामिल आरएलडी में चौधरी चरण सिंह और उनके बेटे अजीत सिंह के बाद उनके जयंत चौधरी पार्टी के सर्वेसर्वा हैं। महाराष्ट्र में शरद पवार के बाद उनकी बेटी सुप्रिया सुले ने एनसीपी की बागडोर संभाल रखी है। ऐसे ही बिहार में आरजेडी में लालू प्रसाद के बाद उनके बेटे तेजस्वी यादव, लोजपा में रामविलास पासवान के बाद उनके बेटे चिराग पासवान पार्टी को संभाल रहे हैं। हरियाणा में भी चौधरी देवीलाल के बाद ओमप्रकाश चौटाला उनके बाद अजय चौटाला और अभय चौटाला और उनके बेटे राजनीतिक विरासत संभाल रहे हैं। इनेलो और जेजेपी दोनों ही पार्टी पर देवीलाल के परिवार का कब्जा है।

शिवसेना को भले ही एकनाथ शिंदे ने कब्जा लिया हो पर बाल ठाकरे के बाद उनके बेटे उद्धव ठाकरे और उनके बाद उनके बेटे आदित्य ठाकरे उनकी पार्टी को संभालेंगे। झारखंड में शिबू सोरेन के बाद उनके बेटे हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा की बागडोर संभाल रहे हैं। ऐसे ही तमिलनाडु में करुणानिधि के बाद उनके बेटे एम.के. स्टालिन डीएमके को संभाल रहे हैं। पश्चिम बंगाल में भी ममता बनर्जी के बाद टीएमसी पर उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी का राज होगा। जम्मू कश्मीर में भी यही हाल है। शेख अब्दुल्ला के बाद फारूक अब्दुल्ला और अब अमर अब्दुल्ला, दूसरी ओर मुफ्ती मोहम्मद सईद के बाद उनकी बेटी महबूबा मुफ्ती पीडीपी की मुखिया हैं। बीजेपी कितनी भी परिवारवाद और वंशवाद से मुक्त रहने की बात करती रही पर उनकी पार्टी भी परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति से बची नहीं है। अनुराग ठाकुर, पंकज सिंह, दुष्यंत सिंह जैसे कितने नेता हैं जो वंशवाद और परिवारवाद की देन हैं।

कुल मिलाकर देश की राजनीति पर कुछ परिवारों तक सीमित होकर रह गई है। देश की राजनीति में यदि नये चेहरे नहीं आएंगे तो जनता के पास विकल्प नहीं होगा। ऐसे में देश के घिसे-पिटे चेहरे ही राज करते रहेंगे। जनता को आजमाए लोगों पर विश्वास करना पड़ेगा। देश का विकास कहीं न कहीं प्रभावित होगा।

# इतिहास में अनेक उतार-चढ़ाव आते रहे

-भारत डोगरा-

इतिहास को कई बार राजा-रानियों के इतिहास और विभिन्न शासकों के आपसी युद्धों के संदर्भ में अधिक देखा जाता है। इससे कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण यह समझ बनाना है कि इतिहास के किस दौर में मनुष्य ने, जनसाधारण ने बेहतर प्रगति की और कब वे पीछे हटे। उनके आगे बढ़ने या पिछड़ने के क्या कारण थे। यह समझना बहुत आवश्यक है। प्रायः मान लिया जाता है कि समय के साथ-साथ मनुष्य ने प्रगति अवश्य की होगी क्योंकि जैसे-जैसे विभिन्न आविष्कार होते गए, वैसे-वैसे मनुष्य की क्षमताएं बढ़ती गई होंगी। यह इतिहास की बहुत संकीर्ण व्याख्या है जो प्रगति की सही समझ पर आधारित नहीं है। मान लीजिए कि विज्ञान ने प्रगति की, नये आविष्कार हुए पर इन सबका दुरुपयोग ऐसे हुआ कि युद्ध महाविनाशक हथियारों से लड़े जाने लगे और पर्यावरण का बहुत विनाश होने लगा। तो इसे प्रगति कैसे माना जा सकता है? वास्तव में मनुष्य की प्रगति तो तब मानी जाएगी जब न्याय और समता, अमन-शांति, पर्यावरण और अन्य जीवों की रक्षा, परस्पर सहयोग और समन्वय की स्थितियां बेहतर होंगी। अतः इतिहास के विभिन्न दौरों में हमें यह देखना होगा कि ऐसी स्थितियां आगे बढ़ती हैं या नहीं। मनुष्य आज जिस रूप में है, उससे मिलती-जुलती स्थिति में मनुष्य की मौजूदगी लगभग एक लाख वर्ष पूर्व दर्ज हुई है। यह कुछ कम अधिक भी हो सकती है पर मोटे तौर पर हम कह सकते हैं कि लगभग एक लाख वर्ष पहले हमारे जैसे मनुष्य धरती के अनेक भागों पर नजर आने लगे थे। दूसरी ओर, एक स्थान पर रह कर कृषि की शुरूआत लगभग 10 हजार वर्ष पूर्व ही आरंभ हुई। इस तरह अपने एक लाख वर्ष के इतिहास के पहले ९०० वर्षों में मनुष्य की मूल प्रवृत्ति यह थी कि वह छोटे समूहों में रहते थे और अधिकतर फल-फूल, कंद-मूल एकत्र कर और अवसर मिलने पर छोटा-बड़ा शिकार कर पेट भरते थे। आसपास उपलब्ध संसाधनों से वस्त्र और आवास की आपूर्ति कर लेते थे और मामूली औजार बना लेते थे। अधिक महत्त्वपूर्ण बात यह थी कि ये समुदाय समता और सहयोग पर आधारित थे और उनमें ऊंच-नीच नहीं थी। अपनी जरूरतों को एकत्र करने में एक समुदाय के विभिन्न परिवार और व्यक्ति एक दूसरे के साथ सहयोग करते थे और जो भोजन एकत्र करते थे उसे मिल-बांटकर खाते थे। महिलाओं को सम्मान मिलता था और उनसे जोर-जुल्म नहीं होता था। कोई राजा या गुलाम नहीं था। विभिन्न समुदायों में भी आपसी युद्ध नहीं होता था और एक स्थान पर खाद्य उपलब्ध न होने पर कोई समुदाय दूसरे से लड़ने के स्थान पर दूसरे स्थान पर चला जाता था। मूल प्रवृत्ति घुमंतुपन की ही थी। अतः इसमें किसी को कोई बड़ी दिक्कत भी नहीं थी। यह सब इसलिए भी समझना है क्योंकि कई बार बड़ी लापरवाही से कह दिया जाता है कि लड़ने-झगड़ने, छीना-छपटी और दूसरों को दबाकर रखने की मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति ही है। अतः यह जोर देकर कहना चाहिए कि मनुष्य के इतिहास के पहले 90 प्रतिशत समय में युद्ध, छीना-छपटी, लड़ाई-झगड़े, दूसरों को दबा कर रखना, ऊंच-नीच, राजा-प्रजा ये सब प्रवृत्तियां मनुष्य में नहीं थीं (या बहुत कम थीं) जबकि सहयोग, समता, मिल-बांटकर खाने, अमन-शांति से रहने की प्रवृत्तियां कहीं अधिक थीं।



-ललित गर्ग-

> एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या अस्पतालों में सिर्फ डॉक्टर ही खतरे में होते हैं? डॉक्टरों के साथ नर्स, अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं रोगी भी कहां सुरक्षित है? हालांकि हड़ताली डॉक्टरों ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को मुद्दा बनाया है, लेकिन नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों पर हमले कभी इतना बड़ा मुद्दा क्यों नहीं बनते? मसला मरीजों की सुरक्षा का भी है।

# महिला डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या से जुड़े सवाल

कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के दुराचार, बलात्कार व बर्बर हत्या पर स्वाभाविक ही देशभर के आमजन में तीखी प्रतिक्रिया एवं डॉक्टरों तीव्र रोष, गम और गुस्सा है, उसे समझा जा सकता है। जीवन-रक्षा करने वाले अस्पतालों एवं जीवन-रक्षक डाक्टरों पर हो रहे हमले, बर्बर एवं वीभत्स घटनाएं चिन्तनीय है। यह सरकारों एवं पुलिस की असफलता, लापरवाही एवं कोताही को ही दर्शा रही है। ऐसी घटनाओं में पुलिस की भूमिका अनेक सवाल खड़े कर रही है। कोलकाता की इस घटना ने एक बार फिर इस तथ्य की ओर ध्यान खींचा है कि अस्पतालों में डॉक्टरों को किस तरह के खतरों के बीच काम करना पड़ता है। डॉक्टर अपनी सुरक्षा को लेकर भी डरे एवं सहमे हुए हैं। लेडी डॉक्टर्स ही नहीं, पुरुष डॉक्टर भी तरह-तरह के हमलों की आशंकाओं एवं असुरक्षा के बीच जीते हैं। सबसे बड़ी बात यह कि घटना के बाद भी पुलिस संतोषनक कार्रवाई नहीं कर सकी। डॉक्टरों की बुनियादी मांग यह है कि इस घटना की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित की जाए।

यह घटना दर्दनाक होने के साथ-साथ अमानवीयता एवं क्रूरता की पराकाष्ठा थी, क्योंकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में महिला डॉक्टर की आंखों, मुंह और प्राइवेट पार्ट से खून बहने के अलावा उसके शरीर पर चोट के कई निशान मिलने की बात कही गई है। इस त्रासद एवं खौफनाक घटना के विरोध में देशभर में गुस्साए और फिक्रमंद डॉक्टर बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे अस्पतालों में चिकित्सा सेवाएं चरमरा गयी हैं एवं सभी हिस्सों में ओपीडी सेवाएं बाधित एवं प्रभावित हो रहीं। जाहिर है, इससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब चूंकि इस मामले का संज्ञान लेते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी है और राज्य पुलिस को सारे कागजात बुधवार 10 बजे तक सीबीआई को सौंपने की हिदायत दी है, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि मामले की संतोषजनक जांच होगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या अस्पतालों में सिर्फ डॉक्टर ही खतरे में होते हैं? डॉक्टरों के साथ नर्स, अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं रोगी भी कहां सुरक्षित है? हालांकि हड़ताली डॉक्टरों ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को मुद्दा बनाया है, लेकिन नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों पर हमले कभी इतना बड़ा मुद्दा क्यों नहीं बनते? मसला मरीजों की सुरक्षा का भी है। 2024 में अस्पतालों में हुए यौन हमलों के हर पांच में से चार मामलों में पीड़ित महिला मरीज रही हैं। सवाल यह भी है कि अस्पतालों में ओवरचार्ज के रूप में मरीजों पर होने वाले वित्तीय हमलों को क्यों चर्चा से बाहर रखना चाहिए? आखिर अस्पतालों में बनते असुरक्षा के माहौल का यह भी एक अहम पहलू है। हमारे अस्पताल हर तरह से सुरक्षित होने चाहिए और इसके लिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए। संभवतः इसीलिए हड़ताली डॉक्टरों की एक प्रमुख मांग यह है कि हेल्थकेयर वर्कर्स की सुरक्षा के लिए देश में एक नया केंद्रीय कानून बनाया जाए।

बढ़ते डॉक्टरों पर हमलों के कारण उनका डर और उनकी चिंता जायज है। लेकिन जहां तक केंद्रीय कानून की मांग है तो सवाल यह है कि क्या कोलकाता में लेडी डॉक्टर पर हुआ हमला कड़े कानूनों की कमी का परिणाम माना जा सकता है? सच यह है कि ज्यादातर राज्यों में मेडिकेयर सर्विस पर्सन्स और मेडिकेयर सर्विस इंस्टीट्यूशंस (हिंसा या क्षति या संपत्ति के नुकसान की रोकथाम) अधिनियम पहले से ही लागू है। अब तो हर अस्पताल में डाक्टरों पर हमलों के लिये चेतावनी के बोर्ड देखने को मिलते है कि ऐसी घटनाओं को अपराध मानते हुए उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मगर इन राज्यों में भी इसके तहत दर्ज मामलों में दस फीसदी ही आरोप तय होने के बाद अदालत तक पहुंच पाते है। जाहिर है, मूल समस्या कानून में नहीं, उस पर अमल में है। अदालत ने उचित ही आंदोलित डॉक्टरों को उनके पवित्र एवं पावन दायित्व का एहसास कराया है और उनसे अपने काम पर लौटने की अपील की है। आखिर किसी जालिम की करतूत की सजा बेकसूर मरीजों को क्यों मिलनी चाहिए? इसलिये न्याय मांगते डॉक्टरों को भी सोचना चाहिए कि इंसाफ का तकाजा क्या यह भी नहीं है कि किसी मरीज से नाइंसाफी न हो?

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के एक अध्ययन के अनुसार, 75 प्रतिशत से अधिक डॉक्टरों को काम पर हिंसा का सामना करना पड़ता है। तूतीकोरिन में एक महिला डॉक्टर की हत्या एक गर्भवती महिला के पति ने की थी, जिसे गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। उसे दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया था, लेकिन उसे स्थानांतरित किए जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पति ने तीन साथियों के साथ महिला डॉक्टर के परामर्श कक्ष में प्रवेश किया और उस पर तलवार से हमला किया। 2014 में, पंजाब के मनसा जिले में एक लड़के की मौत के बाद एक डॉक्टर के क्लिनिक को जला दिया गया था, जिसे तृतीयक अस्पताल में रेफर किया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई। भारत भर में डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा की असंख्य घटनाएं लगभग हर दिन सामने आती हैं, जिनमें से कुछ में गंभीर चोटें भी आती हैं। यहां तक कि देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली जैसे संस्थान भी इससे अछूते नहीं हैं।

पश्चिम बंगाल में बात केवल राजनीतिक हिंसा एवं आक्रामकता की ही नहीं है बल्कि कुशासन एवं अराजकता की भी है। वहां आमजनता के साथ साथ अस्पतालों की सुरक्षा भी खतरे में है। इसका एक उदाहरण चुनाव से पहले कोलकाता के एनआरएस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 10 जून की रात को सामने आया था, वह भी एक काला अध्याय ही था। इलाज के दौरान एक बुजुर्ग मरीज की मृत्यु के बाद एक वर्ग विशेष के लोगों ने डॉक्टरों पर हमला बोल दिया था, जिससे कई डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। भारत में डॉक्टर को लगभग भगवान का दरजा मिला हुआ है। ऐसे में, आमतौर से उन पर हमला किसी ऐसे निरंकुशता और असंवेदनशीलता की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जाना चाहिए, जो तंत्र से पोषित एवं संरक्षित होता है। उसकी हिंसा का समर्थन नहीं किया जा सकता, पर इसे किसी शून्य की उपज भी नहीं कह सकते। लेकिन ताजा घटना में महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ जो हुआ, उसने तो सारी सीमाएं लांघ दी है।

इस हत्याकांड ने एक बार फिर पश्चिम बंगाल सरकार एवं पुलिस-प्रशासन को सवालों के कठघरे में खड़ा कर दिया है। खुद अदालत ने सवाल किया कि आखिर शुरूआत से ही हत्या के बजाय अस्वाभाविक मौत के नजरिये से जांच क्यों की गई? फिर 9 अगस्त को घटी इस घटना में उसने जिस आरोपी को हिरासत में लिया है, वह एक पुलिस का वॉलंटियर बताया जाता है और उसे इस अस्पताल में अक्सर मंडराते देखा जाता था। इतने संवेदनशील मामले में अतिरिक्त सक्रियता बरतकर कोलकाता पुलिस न सिर्फ पीड़ित परिवार के भरोसे का संरक्षण कर सकती थी, बल्कि डॉक्टरों को भी यह यकीन दिला सकती थी कि अपराधी चाहे कोई भी हो चंद घंटों के भीतर वे सलाखों के पीछे होंगे! मगर बंगाल पुलिस ने कहीं न कहीं कोताही बरती। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का उसे यह अल्टीमेटम देना कि रविवार तक जांच पूरी हो, वरना मामला सीबीआई को सौंप देंगे, आखिर क्या ध्वनित करता है?



ऊषा शुक्ला

> सत्य में इतनी पावर होती है कि कोई भी झूठ सत्य के सामने टिक नहीं सकता है। आपके सदैव बलवान था और बलवान रहेगा। यह बेकार की बात है कि सत्य की कदर नहीं है। सत्य की हमेशा से कदर रही है और रहेगी । वो अलग बात है कि चार पाँच लोग सत्य के विपक्ष में खड़े रहते हैं।

# ऐसा नहीं कि अच्छे आदमी की कदर नहीं

ऐसा कहा जाता है कि या कुछ लोग ऐसा कहते हैं कि के अच्छे आदमी की कदर नहीं है । ऐसा नहीं है अच्छे आदमी की सदैव ही कदर रही है और सदा ही रहेगी । वो अलग बात है कि दो चार लोग निंदा करने वाले मिल ही जाते हैं । पर सारी दुनिया उन कुछ निंदा करने वाले लोगों से थोड़े ही ना चलती है । भगवान सदैव अच्छे लोगों के साथ रहता है । हो सकता है किसी काम को आप करना चाहते हो पर पूरा नहीं हो पा रहा हो। आपको लगता होगा कि शायद मैं अच्छा आदमी हूँ और मैं ईमानदार हो फिर भी मेरा यह कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है । इससे आप भगवान के नजरिए से समझें कि हो सकता है कि जो काम आप करने जा रहे हो उसे आपका नुकसान हो रहा हो । आप फिर भी वही काम करना चाहते हो आप फिर भी वही चाहते हो की मुझे यह मिल जाए या मैं यह काम करो तो भगवान तो आप अच्छे के साथ रहना भगवान आपका बुरी कैसे करेगा । बस इसलिए भगवान वह सब नहीं करता जो आप चाहते हो और भगवान वह सब करता है जो आपके लिए अच्छा होगा । सत्य में इतनी पावर होती है कि कोई भी झूठ सत्य के सामने टिक नहीं सकता है। आपके सदैव बलवान था और बलवान रहेगा। यह बेकार की बात है कि सत्य की कदर नहीं है। सत्य की हमेशा से कदर रही है और रहेगी । वो अलग बात है कि चार पाँच लोग सत्य के विपक्ष में खड़े रहते हैं। और झूठ पर विश्वास करते हैं पर सच्चाई तो यह है कि वो भी जानते हैं कि सच के साथ भगवान भी रहते हैं। अगर आप अच्छे कर्म करोगे तो आपके साथ अच्छा ही होगा। आप सत्य की राह पर चलोगे तो आपके साथ बहुत अच्छा होगा। परंतु यदि आप बुरे कर्म करते हो अगर आप सत्त्य की राह पर नहीं चलते हो तो भगवान आपका विनाश करेगा। आदमी कहता है कि जो कुछ कर रहा है वो भगवान कर रहे हैं नहीं। जरा सोचो भगवान ने आपको खेत भी दे दिया, साथ में बीज भी दे दी। अब यह आप पर निर्भर है कि आप क्या लगाते हो। आप कौन सी फसल लगाते हो वही फसल तो आप काटोगे। भगवान ने आपको इतना सुंदर शरीर दिया है , दो हाथ दो पैर दिये है। आपको धरती पर काम करने के लिए भेजा हैं। भगवान ने आप को बुद्धि देकर धरती पर मेहनत से सत्कर्म करने के लिए भेजा है। पर आप गलत रास्ते पर चल रहे हो। आप पाप कर रहे हो। आप दूसरे का पैसा हड़प रहे हो। आप दूसरे की मेहनत की कमाई हड़पने के लिए षड्यंत्र कर रहे हो। तो जरा सोच लो तुम कैसी फसल काटने वाले हो। ये समय है , यह जवानी, जीवन भर तो रहने वाली नहीं है। आप भी बूढ़े होंगे । और तब आपको सहारे की जरूरत होगी। जरा सोचिए आपने अपनी मेहनत से एक पैसा नहीं कमाया। तो क्या आपको सेवा मिल पाएगी। आपकी इतनी दुर्गति होगी आप सोच भी नहीं सकते । भगवान आपको हर क्षण देख रहे हैं। आप जो भी कर्म करते हो उस पर किसी की नजर भले ही न हो और उस पर भगवान की नजर हर क्षण रहती है। मनुष्य जब भी बुरे कर्म करता है या कोई चोरी करता है तो दाएँ देखता है की मुझे कोई देख तो नहीं रहा है फिर बांये देखता है कि मेरी चोरी को, मेरे बुरे कर्म को कोई अड़ोसी पड़ोसी देख तो नहीं रहा है। फिर आगे दिखता है फिर पीछे दिखता है कि कहीं कोई मेरी षड्यंत्र को देख तो नहीं रहा है। पर मूर्ख मनुष्य ऊपर नहीं देखता कि भले ही तुम दुनिया से छुपा लो पर उपरवाले से कैसे छुपाओ । ऊपर वाले से झूठ कैसे बोल पाओगे। यह मान कर चलें कि जो भी बुरे कर्म कर रहे हो उसका फल इसे जनम मिलने वाला है। मरना तो सबको है , और मरने के बाद आपके षड्यंत्र काम में नहीं आएंगे। कौन जाने आपको कौन सी भूत प्रेत योनी में जाना पड़ जाए। आपके कर्म का एक एक हिसाब होगा। जब आप निराश हुआ और आपके साथ कुछ भी अच्छा न हो रहा हो तब भी आप सत्य के रास्ते पर चलें और भगवान को याद करें। देखिए ईश्वर कैसे चमत्कार करता है। तूने सोचा भी नहीं होगा कि ईश्वर आपके जीवन में अलौकिक चमत्कार कर देता है और आप ने जो चाहा था और जो आपने नहीं भी चाहा था उससे भी अच्छा ईश्वर आपके साथ कर देता है। इतना विश्वास रखो कि जो भी आप करोगे वैसा ही आपके साथ होगा। आप अगर अच्छा करोगे तो आपके साथ अच्छा ही होगा। ईश्वर पर विश्वास रखने की जरूरत है। सच्चे और अच्छे रास्ते पर चलने की जरूरत है। अगर किसी का भला नहीं कर सकते हो तो किसी का बुरा भी नहीं करना चाहिए। ईश्वर सचमुच धरती पर है और वह केवल मात्र आपके अच्छे कर्म से ही आप पर प्रसन्न होता है ना कि आपके पूजा पाठ से या आपके कीर्तनों और सत्संग में जाने से। भगवान केवल मात्र आपके अच्छे कर्म से ही आपको अच्छे फल देता है।

# भविष्य की नींव है किशोरी शिक्षा

-हर्षाली नीलकंठ झलके-

जयपुर के बाबा रामदेव नगर स्लम बस्ती की रहने वाली शारदा की 12 वर्षीय बेटी पूजा (बदला हुआ नाम) अपने तीन साल के छोटे भाई को गोद में खिला रही थी. वहीं पास में शारदा खाना बना रही थी और पूजा से कभी पानी लाने और कभी अन्य सामान लाने को कह रही थी. जिसे वह दौड़ दौड़ कर पूरा भी कर रही थी. हालांकि शारदा उसके बगल में खेल रहे 8 वर्षीय अपने बेटे से खेल छोड़कर सामान लाने को नहीं कहती है. तभी घर के सामने से पूजा की दोस्त स्कूल से लौट रही होती है और पूजा उससे रूककर उत्साह के साथ स्कूल में पढ़ाई के बारे में बात करने लगती है. उसकी बातों से ऐसा लग रहा था कि उसे पढ़ने का बहुत शौक है. उसकी दोस्त स्कूल नहीं आने का जब उससे कारण पूछती है तो इससे पहले ही उसकी मां शारदा जवाब देती है कि 'यह स्कूल चली गई तो हमारे पीछे बच्चों का ध्यान कौन रखेगा?' मां का जवाब और पूजा का मायूस चेहरा बता रहा था कि शिक्षा के प्रति उसे अपने सपने टूटते नजर आ रहे हैं.

35 वर्षीय शारदा और उसके पति दैनिक मजदूर हैं और राजस्थान की राजधानी जयपुर शहर से करीब 10 किमी दूर बाबा रामदेव नगर स्लम बस्ती में रहते हैं. न्यू आतिश मार्केट मेट्रो स्टेशन से 500 मीटर की दूरी पर स्थित इस बस्ती की आबादी लगभग 500 से अधिक है. यहां अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से जुड़े समुदायों की बहुलता है. जिसमें लोहार, जोगी, कालबेलिया, मिरासी, रद्दी का काम करने वाले, फकीर, ढोल बजाने और दिहाड़ी मजदूरी करने वालों की संख्या अधिक है. यहां आबाद सभी परिवार बेहतर रोजगार की तलाश में राजस्थान के दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रवास करके आया है. कुछ परिवार स्थाई रूप से यहां आबाद हो गया है तो कुछ मौसम के अनुरूप पलायन करता है. पलायन की इस प्रक्रिया में सबसे अधिक नुकसान बच्चों विशेषकर लड़कियों की शिक्षा पर होता है. घर की आर्थिक स्थिति का नकारात्मक प्रभाव लड़कों की तुलना में लड़कियों के भविष्य पर पड़ता है. इससे न केवल उनकी शिक्षा बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास भी रुक जाता है. जब माता-पिता दोनों मजदूरी पर निकल जाते हैं तो घर की जिम्मेदारी लड़की के कंधों पर डाल दी जाती है. उसे अपने छोटे भाई बहनों की देखभाल के साथ साथ घर में पीने के साफ पानी की व्यवस्था करने और खाना बनाने का काम सौंप दिया जाता है. इस तरह उसकी शिक्षा बहुत पीछे छूट जाती है.

इस बस्ती में रहने वाली पूजा की तरह एक अन्य किशोरी 14 वर्षीय आशा (नाम परिवर्तित) कहती है कि वह चार भाई बहनों में सबसे बड़ी है. उसके माता-पिता रद्दी खरीदने और बेचने के रोज सुबह घर से जल्दी निकल जाते हैं. उनके पीछे वह सभी भाई-बहनों का न केवल ख्याल रखती है बल्कि खाना बनाने से लेकर घर के अन्य सभी कामों को भी निपटाती है. इतना ही नहीं, जब कभी किसी कारण से मां काम पर नहीं जाती है तो उस दिन आशा को जाना होता है. वह प्रतिदिन घर या बाहर कहीं न कहीं कामों में व्यस्त रहती है. ऐसे में उसे स्कूल जाने का अवसर ही नहीं मिलता है. आशा कहती है कि पांचवीं के बाद उसे स्कूल जाने का मौका ही नहीं मिला. हालांकि उसे पढ़ने का बहुत शौक है. वह कहती है कि जब भी उसे अवसर मिलता है वह छोटे बहन भाइयों की स्कूली किताबें पढ़ने बैठ जाती है. वह बताती है कि छठी या सातवीं के बाद इस बस्ती की लगभग किशोरियों की शिक्षा रुक जाती है. वह पढ़ाई छोड़कर माता-पिता की अनुपस्थिति में घर की जिम्मेदारी संभालने लगती है. इस संबंध में बस्ती की एक बुजुर्ग महिला कांति कहती हैं कि 'यदि लड़की पढ़ने स्कूल चली जाएगी तो घर की देखभाल कौन करेगा? छोटे छोटे बहन-भाई को कौन संभालेगा?' हालांकि उनके पास इस बात का कोई जवाब नहीं था कि अगर घर में लड़का बड़ा है तो उसे भी लड़कियों की तरह घर में रहकर छोटे बहन-भाइयों की देखभाल क्यों नहीं करनी चाहिए?

पिछले आठ वर्षों से बाबा रामदेव नगर बस्ती में स्वास्थ्य और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर काम कर रहे समाजसेवी अखिलेश मिश्रा कहते हैं कि "बाबा रामदेव नगर जैसे शहरी क्षेत्रों में आबाद स्लम बस्तियों में लड़कियों को पढ़ाने के प्रति अभी भी जागरूकता का अभाव है. इसके पीछे कई सामाजिक और आर्थिक कारण हैं. एक ओर जहां लोगों की आर्थिक स्थिति कमजोर है तो वहीं दूसरी ओर शिक्षा के महत्व से जुड़े उनमें अभी भी सामाजिक चेतना जागृत नहीं हुई है. उनके लिए शिक्षा से अधिक महत्वपूर्ण आय का साधन विकसित करना होता है. इसके लिए कई बार अभिभावक अपने साथ काम पर अपने बच्चों को भी ले जाते हैं और परोक्ष रूप से उन्हें बाल मजदूरी में धकेल देते हैं. इन सब में सबसे पहला नकारात्मक प्रभाव लड़कियों की शिक्षा पर देखने को मिलता है. यदि माता पिता उन्हें काम पर नहीं ले जाते हैं तो उन्हें घर के कामकाज और अन्य जिम्मेदारियों में लगा दिया जाता है. अखिलेश कहते हैं कि किशोरी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से कई कार्यक्रम और योजनाएं चलाई जा रही हैं. जिसका लाभ उठाकर किशोरियां शिक्षा के मैदान में अपनी पहचान बना सकती हैं. लेकिन बाबा रामदेव नगर स्लम बस्ती की किशोरियों की स्कूल से दूरी उन्हें इन योजनाओं का फायदा उठाने से वंचित कर रही है.

इंडियास्पेंड की एक रिपोर्ट के अनुसार माध्यमिक स्तर पर लड़कियों की नामांकन दर में पर्याप्त सुधार हुआ है. लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में किशोरियां स्कूल से बाहर हैं. साल 2021-22 में जहां देश में शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर लड़कियों की स्कूल छोड़ने की दर 1.35% है, वहीं माध्यमिक स्तर पर यह बढ़कर 12.25% हो गई है.

दरअसल, केवल योजनाओं के क्रियान्वयन से नहीं बल्कि धरातल पर जागरूकता फैलाने की भी जरूरत है. सामाजिक स्तर पर बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता की आवश्यकता है ताकि समाज लड़कों की तरह लड़कियों की शिक्षा के महत्व को भी समझ सके. यह एक हकीकत है कि हमारे देश में किशोरियों को शिक्षा प्राप्त करने में सबसे बड़ी बाधा का सामना करना पड़ता है. ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा देश के शहरी गरीबी इलाकों में भी किशोरियों को शिक्षा के लिए कई संघर्षों से गुजरना होता है. हालांकि शिक्षा, हर रुकावट को दूर करने का सबसे सशक्त माध्यम है. लेकिन विभिन्न कारणों के आधार पर उन्हें पढ़ने और सशक्त बनने से रोका जाता है. भले ही शहरी क्षेत्रों में अब किशोरियों के लिए शिक्षा प्राप्त करने में रुकावटें हटने लगी हैं, लेकिन बाबा रामदेव नगर जैसे स्लम एरिया में आबाद कॉलोनियों में रहने वाली बालिकाओं को आज भी शिक्षा प्राप्त करने के लिए संघर्ष करनी पड़ रही है.

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**
समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

# CM ने कुरुक्षेत्र में किया ध्वजारोहण, नायब सैनी बोले- अग्निवीरों को सरकारी नौकरी में 10 प्रतिशत आरक्षण

**कुरुक्षेत्र** । कुरुक्षेत्र में आज स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी ध्वजारोहण किया। सीएम सैनी ने कहा कि मैं हरियाणा के लोगों को 76वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देता हूं। आज हर घर तिरंगा फहरा रहा है। मैं हमारी आजादी के लिए मर मिटने वाले शहीदों को पूरे हरियाणा की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं। मैं उन सब शहीदों को नमन करता हूं, जिन्होंने देश की आजादी में अपना दिया है।

सीएम नायब सैनी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से हरियाणा में सबका साथ और सबका विकास की परिकल्पना से विकास किया जा रहा है। हरियाणा पीएम की इसी परिकल्पना के साथ आगे बढ़ रहा है। आज देश में जो भी कारें सड़कें पर दौड़ रही हैं, उनमें से हर दूसरी कार हरियाणा में ही बन रही है। सीएम ने कहा कि हरियाणा में सड़कों का जाल बिछ चुका है।

उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए अंबाला कैंट में 538 करोड़ रुपए से बनाए जा रहे शहीद स्मारक का निर्माण अंतिम चरण में है। देश के लिए मर मिटने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनकी विधवाओं की हरियाणा सरकार ने जुलाई माह में पेंशन बढ़ोतरी करते हुए 40 हजार रुपए मासिक की है। इसके अलावा सीमा




पर शहीद होने वाले सैनिक के परिवार के लिए अनुग्रह राशि बढ़ाकर एक करोड़ रुपए की है। इसके साथ ही उनके आश्रितों को 415 सरकारी नौकरियां दी हैं। इसके अलावा हरियाणा सरकार अग्निवीरों को सरकारी नौकरी में 10 प्रतिशत आरक्षण दे रही है।

**ये बलिदानियों का देश, उन्हीं की वजह से हम खुली हवा में ले रहे सांस- राज्यपाल**

महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि ये बलिदानियों का देश है उन्हीं की बदौलत आज हम खुली हवा में सांस ले रहें है और यह देश वीरों की धरती है। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन की पहली चिंगारी 10 मई 1857 को हरियाणा के अंबाला से फूटी थी। जो आगे चल कर बड़ा आंदोलन बन गई थी। जिसके बाद अंग्रेजों को मुंह की खानी पड़ी थी।

उन्होंने कहा कि बहुत से बलिदानियों ने अपने प्राण न्योछावर कर हमें आजादी दिलाई है। उस आजादी को हमें संजो कर रखना है। वह उन शहीदों को नमन करते हैं, जिन्होंने इस आजादी के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। हम सभी भारत की आजादी के अमृत महोत्सव को इस वर्ष और ज्यादा हर्ष व उल्लास से मनाएं ताकि हर देशवासी के मन में और अधिक राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत हो। उन्होंने प्रदेश और राष्ट्र के निर्माण के लिए पूरे जी जान से कार्य करने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया और कहा कि इससे हमारे वीर शहीदों के सपने साकार होंगे।

राष्ट्रीय सुरक्षा में हरियाणा के बहुमूल्य योगदान का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस प्रदेश ने प्रगति के हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। इससे पूरे राष्ट्र को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मजबूती मिली है।

## ओलिंपिक मेडलिस्ट को 6 करोड़ तक कैश इनाम दे रहे

हरियाणा के युवाओं ने हाल ही में संपन्न हुए पेरिस ओलिंपिक में हरियाणा खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। सरकार ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले को 6 करोड़, सिल्वर मेडल जीतने वाले को 4 करोड़ और ब्रांज मेडल जीतने वाले को 2.5 करोड़ रुपए दे रही है। यह देश में खिलाड़ियों को देने वाली नगद राशि में सबसे ज्यादा है। सीएम ने कहा कि इसके अलावा सरकार उन्हें सरकारी नौकरी भी दे रही है।

## हरियाणा में 3 लाख लखपति दीदी बनाएंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का फैसला किया है। हरियाणा में भी 3 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा। पहले चरण में 62 हजार महिलाओं को सरकार लखपति दीदी बनाया जाएगा। पंचायती राज संस्थान में महिलाओं को 50% आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है। वहीं, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर करनाल में हरियाणा सरकार के शायरी एवं निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने परेड की सलामी ली। उपमंडल स्तरीय समारोह नीलोखेड़ी, इंद्री, घरौंडा और असंध में मनाया गया। मंत्री सुभाष सुधा ने अज्ञात शहीदों को नमन करते हुए कहा है सबसे पहले 10 मई 1857 में अंबाला से क्रांति शुरू हुई थी। जिसके बाद हरियाणा के सभी जिले में पहुंची और देश को आजाद करने में हरियाणा ने अपना अहम योगदान दिया। न्होंने कहा कि जय जवान, जय किसान का नारा हरियाणा के लिए सटीक बैठता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार 'हरियाणा एक हरियाणवी एक' और 'सबका विकास व सबका साथ' के सिद्धांत पर आगे बढ़ रही है। इस दौरान उन्होंने हरियाणा सरकार के विभिन्न योजनाओं का विस्तार से जिक्र किया।

# सीएम मान के बुलेट प्रूफ शीशे के पीछे से संबोधन पर भड़का विपक्ष, किया सवाल-किस बात का डर था

**जालंधर**। स्वतंत्रता दिवस पर सीएम भगवंत मान ने जालंधर में आयोजित राज्य स्तरीय समागम में ध्वजारोहण किया। इस दौरान सीएम मान ने उच्च सुरक्षा बुलेटप्रूफ ग्लास शील्ड के पीछे से लोगों को संबोधित किया। अब इस पर राजनीति गरमा गई है। यह पहली बार है कि पंजाब के किसी मुख्यमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संबोधन की सुरक्षा के लिए विशेष उच्च सुरक्षा बुलेटप्रूफ ग्लास शील्ड का इस्तेमाल किया गया। इसको लेकर विरोधी दल के नेताओं ने सीएम पर निशाना साधा है। पीपीसीसी प्रधान अमरिंदर वडिंग, पूर्व मंत्री परगट सिंह व विधायक सुखपाल खैरा ने कहा है कि चुनाव से पहले सीएम मान कहते थे कि अगर लोगों के बीच जाने से डर लगता है तो मुगीर्खाना खोल लेना चाहिए। अब सीएम मान खुद डर रहे हैं।



**स्वतंत्रता दिवस के लिए ही खरीदी गई थी स्क्रीन...**बुलेटप्रूफ ग्लास से ढकी इस स्क्रीन को पंजाब पुलिस ने विशेष तौर पर जालंधर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीएम भगवंत मान के भाषण के लिए ही खरीदा था।

**अधिकारी बोले-सीएम को हमेशा खतरा होता है...**गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में 1500 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। इस अवसर पर पंजाब के डीजीपी गौरव यादव और सीएम की पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर भी मौजूद थी। हालांकि उनकी सुरक्षा में तैनात अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री को विशेष सुरक्षा प्राप्त है और ऐसे राज्य स्तरीय आयोजनों में हमेशा खतरा बना रहता है। पंजाब एक सीमावर्ती राज्य है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी जरूरी कदम उठाना जरूरी है।

# स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति से झूम उठा अटारी बॉर्डर बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी में दिखा जवानों का शौर्य

**अमृतसर** स्वतंत्रता दिवस पर गुरुवार शाम अटारी सीमा पर बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी देखने आए लोगों में अलग ही जोश देखने को मिला। रिट्रीट सेरेमनी से पहले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें पंजाब की संस्कृति और वहां के गीतों पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं इस दौरान बीएसएफ जवानों का जोश हाई रहा। हजारों की संख्या में पहुंचे सैलानी




हिंदुस्तान जिंदाबाद और भारत माता की जय के नारों से बीएसएफ के जांबाजों का हौसला बढ़ाते दिखे। बीटिंग द रिट्रीट समारोह शुरू होते-होते माहौल देशभक्ति से और भी ओतप्रोत हो गया।

# जालंधर पुलिस को सफलता: जग्गू भगवानपुरिया गैंग के चार आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़**। जालंधर देहात की थाना भोगपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जालंधर बटाला राजमार्ग पर 70 किलोमीटर पीछा कर जग्गू भगवानपुरिया गैंग के चार गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से हथियार बरामद हुए हैं। एसएसपी देहात हरकमलप्रीत सिंह खख की अगुवाई में भोगपुर पुलिस ने इंटरसिटी ऑपरेशन के दौरान कार्रवाई की। आरोपियों से एक रिवॉल्वर, दो पिस्तौल, एक ग्लॉक पिस्तौल 9 मिमी, चार कारतूस और दो वाहन बरामद किए गए। एसएसपी ने बताया कि जांच में पता चला है कि आरोपियों के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं।

वार्ता के दौरान एसएसपी खख ने बताया कि पुलिस ने गैंगस्टरों का बटाला तक पीछा किया और आरोपियों को पकड़ लिया। एसएसपी



ने बताया कि 23 जुलाई को बटाला के गांधी कैंप में सर्बजीत सिंह नाम के व्यक्ति का मर्डर हुआ था, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। मामले की जांच में पता चला कि जर्मन में बैठे अमन अंडा के साथ उनके संबंध हैं। वहीं गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया के साथ उसके संबंध है और सोशल मीडिया पर लड़ाई की पोस्ट शेयर करके पंजाब के माहौल को खराब करने की कोशिश करते हैं। जांच में पता चला कि आरोपी जालंधर में रह रहे थे। इसमें से एक व्यक्ति जालंधर ट्रांसपोर्ट का बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस ऑपरेशन को जर्मनी स्थित अमन अंडा चला रहा था। जांच में खुलासा हुआ है कि अमन अंडा पंजाब में अवैध हथियारों की तस्करी के लिए अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन का उपयोग कर रहा था।

# पंजाब में भी डॉक्टरों ने हड़ताल कर जताया विरोध, ओपीडी बंद होने से मरीज परेशान

**पंजाब**। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के बाद पंजाब में भी डॉक्टर्स ने शुक्रवार को हड़ताल कर दी। फरीदकोट के गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल समेत जिले भर के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर हड़ताल पर हैं। सिर्फ आपातकालीन सेवाएं ही उपलब्ध हैं। वहीं मोगा में सिविल अस्पताल में डॉक्टरों ने प्रदर्शन कर रोष जताया। फिरोजपुर सिविल अस्पताल में डॉक्टरों ने दो घंटे की हड़ताल की है। वहीं पठानकोट सिविल अस्पताल में भी डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान एसएमओ डॉ. सुनील चंद समेत कई डॉक्टर उपस्थित रहे। एसएमओ डॉ सुनील चंद और अन्य डॉक्टरों ने कहा कि जब तक महिला डाक्टर




के हत्यारों को सजा नहीं दी जाती, तब तक डॉक्टर इसी तरह हड़ताल करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भी इसी तरह हाल ही में वाकया हो गया। फिर भी सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही।

मृतक डॉक्टर को इंसाफ दिलाने के लिए हड़ताल जारी रहेगी। सिविल अस्पताल में सभी में सुरक्षा यकीनी बनाई जाए और डॉक्टर के हत्यारों को कड़ी सजा दी जाए। इस दौरान अस्पताल में ओपीडी पूरी तरह ठप रही जबकि इमरजेंसी सेवाएं चल रही है। दूसरी तरफ अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को इस हड़ताल की वजह से भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है और दूर दराज से आने वाले मरीजों को खाली लौटना पड़ा है।

# सीएम नायब सैनी का एलान: आठ जिलों में खोले जाएंगे पशु चिकित्सा क्लीनिक

**चंडीगढ़**। हरियाणा में विधानसभा चुनावों की घोषणा की अटकलों पर सीएम नायब सैनी ने कहा कि ऐसा कौन कह रहा है। चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि चुनाव समय पर होंगे।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में फसलों के लिए बोनस राशि जारी की। सीएम ने बटन दबाकर किसानों के खाते में बोनस राशि जारी की। पांच लाख 20 हजार किसानों के लिए 525 करोड़ की किस्त जारी की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम ने कहा कि किसानों को 200 रुपये प्रति एकड़ के रूप में बोनस देंगे।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के दुग्ध विक्रेताओं के लिए घोषणा की कि जो विक्रेता घर-घर जाकर दूध की आपूर्ति करता है उसे लाभ मिलेगा। जिनकी पारिवारिक आय तीन लाख सालाना है उन्हें दयालु



योजना के तहत कवर किया जाएगा। इस योजना से मृत्यु या विकलांगता पर आर्थिक सहायता दी जाएगी। दूध वितरकों को वित्तीय सहायता दी जाएगी और उनका बीमा किया जाएगा।

सीएम ने एलान किया कि आठ जिलों में पशु चिकित्सा क्लिनिक खोले जाएंगे। इनमें सभी सुविधाएं होंगी। ये क्लिनिक पंचकूला, कैथल, करनाल, हिसार, झज्जर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, यमुनानगर में खुलेंगे। पॉलीक्लिनिक राज्य के पशुपालकों को पशु चिकित्सालय की सुविधा मिलेगी।

# पठानकोट के नीम पहाड़ी क्षेत्र धार कलां में फटा बादल

**पठानकोट** पठानकोट के नीम पहाड़ी क्षेत्र धारकलां के गांव घाड़ बगड़ोली में बादल फटने से स्थानीय लोगों में सहम का माहौल बना हुआ है। घटना वीरवार सुबह 8 बजे के करीब की है। बादल फटने के धमाके से बरसाती नाले में पानी का बहाव अचानक बढ़ गया।

गांव घाड़ बगड़ोली के सरपंच किशन चंद ने बताया कि रात से लगातार हो रही भारी बारिश के चलते वीरवार सुबह अचानक गांव के साथ लगते सैली धार पहाड़ी जंगलों में धमाके की आवाज सुनाई दी। जिसके चलते गांव से गुजरते छोटे नाले में जलस्तर बढ़ गया। नाले के निकट तिलक सिंह का घर है और उसने ने ही उनको पूरी घटना के बारे में बताया। इसके बाद गांव निवासियों की मदद से घर को नुकसान होने से



बचाया गया। थोड़ी देर बाद भारी पत्थर भी पानी के साथ बहकर नाले के जरिए आने लगे। जिस कारण तिलक सिंह का घर और नाले के साथ लगते पंचायत घर के गिरने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने सूझबूझ से काम लेते हुए दोनों इमारतों को गिरने से बचाने के लिए पानी का रास्ता बदल रोक दिया गया है। इसी तरह, पठानकोट के एयरपोर्ट रोड साथ लगते चक्की पुल में भी पानी का जलतस्तर बढ़ जाने से रेलवे प्रशासन द्वारा काम की रफ्तार धीमी कर दी गई है।

# हिसार में पूर्व सरपंच की हत्या: पत्नी ने सिर पर किया डंडा से वार, पति की मौत

**नारनौंद** हिसार जिले के नारनौंद थाना क्षेत्र के थुराना गांव में एक पत्नी ने अपने शराबी पति से बेटे को बचाने के लिए उसके सिर में डंडे से वार कर दिया। जिसमें पति की मौत हो गई। नारनौंद थाना पुलिस ने सीए की पढ़ाई कर रही बेटी के बयानों के आधार पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। नारनौंद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। गांव थुराना निवासी साक्षी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह सीए का कोर्स कर रही है। हम चार बहनें व एक सबसे छोटा भाई है। वह सबसे बड़ी है और उसका भाई



गौरव सबसे छोटा है। 15 अगस्त की रात करीब 7:30 बजे मेरे पिता 45 वर्षीय पूर्व सरपंच राममेहर शराब के नशे में मेरे छोटे भाई 13 वर्षीय गौरव को बुरी तरह से पीट रहा था। हम सब उसको छुडवाने लगे तो हमारे को भी डंडे मारने लग गया।

फिर हमने बचाव का हर प्रयास किया परन्तु मेरा पिता राममेहर नहीं माना और कहने लगा कि आज गौरव को नहीं छोडुगा। उसे जान से मरूंगा। तब मेरी मां राजेश ने डंडा उठा कर मेरे पिता को डंडे मारे जो कि नशे की हालत में था। उसके बाद वह चारपाई पर गिर गया और बडबडाता रहा। कुछ समय के बाद शांत हो गया जब हमने मेरे पिता को सम्भाला तो उसकी मृत्यु हो चुकी थी। यह हादसा मेरे भाई गौरव को बचाते समय मेरी मां द्वारा मेरे पिता राममेहर को सिर में डंडा मारने से उसकी मृत्यु हुई है। मृतक राममेहर की सबसे बड़ी बेटी साक्षी की शिकायत पर नारनौल थाना पुलिस ने उसकी मां के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नारनौंद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। थोड़ी देर बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

# रोहतक में होगा सम्मान समारोह कार्यक्रम ओलंपिक खिलाड़ियों को CM करेंगे सम्मानित

**रोहतक**। रोहतक में शनिवार को ओलंपिक में भाग लेने वाले 25 खिलाड़ियों के सम्मान में एक भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फुटबॉल ग्राउंड में संपन्न होगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, अमन सहरावत, सरबजोत, स्वप्निल, और हॉकी टीम के खिलाड़ी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी न केवल खिलाड़ियों का सम्मान करेंगे, बल्कि उनके अभिभावकों के साथ रात्रि भोज भी करेंगे। इस समारोह को लेकर रोहतक में तैयारियां जोरों



पर हैं, जिसमें युवाओं और विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में भागीदारी की उम्मीद है।

उपायुक्त अजय कुमार ने जानकारी दी कि कार्यक्रम की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में राज्य के सभी ओलंपिक खिलाड़ी, जिन्होंने पदक जीते हैं या जिन्होंने भाग लिया है, उपस्थित रहेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में पंडाल की व्यवस्था, विद्यार्थियों और आमजन की भागीदारी, पार्किंग, मंच, पेयजल, शौचालय, बिजली आदि के बारे में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# बज गया हरियाणा विधानसभा चुनाव का बिगुल, किस तारीख को होगा मतदान

**चंडीगढ़** हरियाणा विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। प्रदेश में मतदान और परिणाम की तारीखों का एलान हो गया है। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों के लिए एक अक्तूबर को मतदान होगा। चार अक्तूबर को रिजल्ट आएगा। वोटर सूची 27 अगस्त को जारी होगी। इस बार हरियाणा में स्लम और मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में अलग से पोलिंग बूथ लगाए जाएंगे। गुरुग्राम, फरीदाबाद और सोनीपत में सोसाइटी में पोलिंग स्टेशन बनेंगे।

हरियाणा में 20,629 पोलिंग स्टेशन होंगे। सभी पोलिंग स्टेशन सीसीटीवी की निगरानी में रहेंगे और वोटर हेल्पलाइन की वेबसाइट जारी रहेगी।

**ये है सीटों का समीकरण...**हरियाणा विधानसभा में 90 सीटें हैं। बहुमत के लिए 46 का आंकड़ा चाहिए। पिछली बार भाजपा 40 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। इसके बाद भाजपा ने दस सीटें जीतने वाली जजपा के साथ मिलकर सरकार का गठन किया था। कांग्रेस को 31 सीटें मिली थीं। एक-एक सीट इनेलो और हलोपा के खाते में आई थी। सात सीटें निर्दलीयों ने जीती थी।

**बसपा के साथ लड़ेगी इनेलो...**इनेलो इस बार बसपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। वहीं लोकसभा चुनाव में एक साथ मैदान में उतरी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अलग-अलग ही चुनाव लड़ेंगी।

**निर्वाचन आयोग ने की थी तैयारियों की समीक्षा...**निर्वाचन आयोग ने दो दिन के दौरान हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की थी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. एस एस संधू के साथ दो दिन में राजनीतिक दल, जिला निर्वाचन अधिकारी और 20 केंद्रीय और राज्य प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक की।






**2.01 करोड़ मतदाता पंजीकृत ...**मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल की ओर से आयोग की टीम को बताया गया कि दो अगस्त को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची के अनुसार राज्य में कुल 2.01 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें लगभग 1.06 करोड़ पुरुष और 95 लाख महिला मतदाता हैं। राज्य में 4.52 लाख से अधिक मतदाता (18-19 वर्ष) पहली बार मतदान करेंगे। 85 वर्ष से अधिक आयु के 2.55 लाख मतदाता और 1.5 लाख दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं। 100 साल की आयु के 10 हजार से अधिक मतदाता हैं। अंतिम मतदाता सूची 27 अगस्त को प्रकाशित की जाएगी।

**2019 के मुकाबले बनेंगे 817 अधिक मतदान केंद्र..**मुख्य चुनाव अधिकारी पंकज अग्रवाल के मुताबिक राज्य में कुल 20,629 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जो 2019 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले 817 अधिक है। इनमें से 13,497 ग्रामीण क्षेत्रों में होंगे, जबकि 7,132 शहरी मतदान केंद्र होंगे। प्रति मतदान केंद्र औसतन 977 मतदाता होंगे। इनमें से 125 मतदान केंद्र महिलाओं की ओर से संचालित किए जाएंगे और 116 मतदान केंद्रों का प्रबंधन युवा कर्मचारी करेंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक मतदान केंद्र पर दिव्यांग को भी तैनात किया जाएगा।

हाई राइज सोसाइटीज/कवर्ड कैंपस और झुग्गी बस्तियों में भी मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। विधानसभा चुनाव में पहली बार 85 साल से ऊपर मतदाता और 40 फीसदी विकलांगता वाले दिव्यांगों को घर से ही मतदान करने का विकल्प दिया जाएगा।

**सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश...**समीक्षा बैठक के दौरान आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों व पुलिस अधीक्षकों को सोशल मीडिया पर निगरानी रखने और आवश्यकता पड़ने पर उचित कानूनी कार्रवाई के साथ त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। सभी राजनीतिक दलों के लिए समान रूप से सुलभ रहने और उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।

**राजनीतिक दलों ने उम्मीदवारों के लिए खर्च सीमा बढ़ाने की मांग रखी...**आयोग से मुलाकात के दौरान राजनीतिक दलों ने कई मांगें रखीं। इसमें मुख्य रूप से उम्मीदवारों के लिए खर्च सीमा बढ़ाने, संवेदनशील मतदान केंद्रों में पर्याप्त केंद्रीय बलों की तैनाती। कुछ दलों ने पंचकूला में मृत और स्थानांतरित मतदाताओं को हटाने के साथ मतदाता सूची को अपडेट करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। मतदान केंद्रों के बीच की दूरी को कम करने और बुजुर्ग और महिला मतदाताओं के लिए सुविधाओं में सुधार करना शामिल है।

**अंतरराज्यीय सीमाओं पर 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी की जाए...**आयोग ने डीआरआई, एनसीबी, राज्य और केंद्रीय जीएसटी, आरपीएफ, आरबीआई, राज्य पुलिस, आयकर, प्रवर्तन निदेशालय के साथ बैठक की। इस दौरान आयोग ने निर्देश दिया किया अंतरराज्यीय सीमाओं पर महत्वपूर्ण चेक पोस्टों पर 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी की जाए। किसी भी तरह के प्रलोभन की आवाजाही, भंडारण और वितरण पर कड़ी निगरानी रखने के लिए रूट मैप की पहचान की जाए। चार्टर्ड उड़ानों, हैलिपेड और वॉलेट के माध्यम से ऑनलाइन नगदी हस्तांतरण पर सख्त निगरानी के निर्देश दिए।

# जुचंद्रा जिला परिषद स्कूल का स्वतंत्रता दिवस समारोह




**सुषमा**

**जुचंद्र।** 114 वर्षों का इतिहास रखने वाले जूचंद्र जिला परिषद विद्यालय में भारत का 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ और इस विद्यालय के पूर्व छात्र, शिक्षा प्रेमी श्री. मनोहर महादेव भोईर को ध्वजारोहण का सम्मान दिया गया। इस कार्यक्रम के साथ-साथ जुचंद्रा जिला परिषद मराठी स्कूल मरम्मत मिशन में सहयोग करने वाले दानदाताओं और सेवा प्रदाताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी मुख्य अतिथि, दानदाता, विद्यालय प्रबंधन समिति, विद्यार्थियों के अभिभावक, शिक्षक एवं ग्रामीण उपस्थित थे। लोकवर्गनी के माध्यम से दोनों आंगनबाड़ियों के साथ-साथ जिला परिषद स्कूल के आमूल-चूल परिवर्तन को देखते हुए इस पहल की हर जगह सराहना हो रही है।

विद्यालय के जीर्णोद्धार से विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, ग्रामीणों एवं सभी पूर्व छात्रों में खुशी का माहौल है। वर्तमान में इस विद्यालय में पहली से चौथी कक्षा तक 290 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। विद्यालय भवन 85 वर्ष पुराना होने के कारण विद्यालय भवन, शौचालय बाथरूम, किचन शेड आदि में कई तरह की समस्या उत्पन्न हो गयी थी। इससे छात्रों और शिक्षकों को भी असुविधा हो रही थी। अनुवर्ती कार्रवाई के बावजूद, स्कूल की मरम्मत के लिए पालघर जिला परिषद प्रशासन से धन नहीं मिलने के कारण स्कूल की मरम्मत का काम रुका हुआ था। लेकिन छात्रों और शिक्षकों को होने वाली असुविधा को देखते हुए स्कूल प्रबंधन समिति ने पहल की और सार्वजनिक पंजीकरण के माध्यम से स्कूल की मरम्मत का काम करने का निर्णय लिया।

उनकी पहल पर इस स्कूल मरम्मत अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया है और इसमें जुचंद्र के पुरूषोत्तम पाटिल, विवेकानन्द पाटिल, चंद्रकांत पाटिल, किरण म्हात्रे, कृपाचार्य म्हात्रे, कीर्तिकुमार भोईर, मेघनाथ पाटिल और मंगेश पाटिल ने बहुमूल्य सहयोग दिया है। साथ ही, जितेंद्र भोईर सर, दिलीप पाटिल, हितेश भोईर और राज म्हात्रे ने पूरे अभियान के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत की है। स्कूल नवीकरण अभियान के तहत अगले 20 से 25 वर्षों की योजना बनाकर स्कूल को नई छत, सुसज्जित नई पोषण रसोई, शौचालय/बाथरूम की मरम्मत, परिसर की मरम्मत, कक्षा की मरम्मत/पेंटिंग, नई बेंच, सीसीटीवी मिलेंगे। स्कूल के सामने सुरक्षा, डिजिटल क्लासरूम, नई बिजली फिटिंग, नए पंखे, इनवर्टर और पेवर ब्लॉक जैसे विकास कार्य किए गए हैं। जिला परिषद स्कूल के साथ-साथ दोनों आंगनवाड़ी स्कूलों का भी जीर्णोद्धार और बदलाव किया गया है। जुचंद्र जिला परिषद स्कूल सार्वजनिक भागीदारी के माध्यम से दोनों आंगनबाड़ियों, पूरे जिला परिषद स्कूल (छह कक्षाओं) के साथ डिजिटल होने वाला वसई तालुक का एकमात्र स्कूल बन गया है। जिसमें स्कूल का पूरा पाठ्यक्रम एंड्रॉइड टीवी पर देखा जाएगा, जिससे छात्रों को फायदा होगा। सभी सत्कर्ममूर्तियों ने विद्यालय का निरीक्षण किया तथा मरम्मत अभियान पर संतोष एवं प्रसन्नता व्यक्त की।

निजी और कॉन्वेंट स्कूलों के चलन के कारण जिला परिषद के स्कूलों में छात्रों की संख्या कम होती जा रही है। इसके चलते कई स्कूल बंद होने की कगार पर हैं। लेकिन जिला परिषद स्कूल गरीब और जरूरतमंद छात्रों को शिक्षा की धारा से जोड़े रखने के लिए आशा की एकमात्र किरण हैं। जुचंद्रा का यह स्कूल मरम्मत अभियान न केवल तालुक बल्कि पूरे जिले के सरकारी स्कूलों के लिए एक मॉडल होगा। कार्यक्रम का समापन सभी दानदाताओं, दानदाताओं एवं सेवा प्रदाताओं को सम्मानित एवं धन्यवाद देकर किया गया।

# सिमरा मिड्ल स्कूल की झांकियों में दिखा बच्चों की उत्कृष्ट प्रतिभा



**दीपक/शालिनी।**

**बन्दरा।** प्रखंड के सिमरा मिड्ल स्कूल के प्रांगण में प्रधानाध्यापक हरेंद्र नाथ तिवारी के द्वारा झंडा आंदोलन किया गया। इस दौरान तमाम शिक्षक एवं शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं इस देशभक्ति पूर्ण माहौल की गवाह बनी। स्वतंत्रता दिवस के इस मौके पर यहां आकर्षक झांकी भी बनाए गए थे जिसमें छात्र-छात्राओं के बेहतरीन एवं आकर्षक भूमिकाओं ने सबको आकर्षित किया।

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झंडा तोलन से पहले क्षेत्र में प्रभात फेरी भी निकल गई। छात्र-छात्राओं की झांकी इस दौरान आकर्षण का केंद्र बनी रही। जिसे इलाके के लोगों के द्वारा सराहा गया। झंडा तोलन के बाद आकर्षक झांकी एवं विभिन्न विधाओं के प्रतिभागियों को स्कूल के प्रधानाध्यापक सहित शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा सम्मानित किया गया।

झंडा तोलन के मौके पर विद्यालय शिक्षा समिति के अलावे ग्रामीण भी मौजूद थे। इस मौके पर हरेन्द्र नाथ तिवारी, अशोक कुमार महतो, संजय कुमार, मो अबरार अलाम, राघवेंद्र कुमार त्रिवेदी, पूनम गोस्वामी, नीलम कुमारी, आरती कुमारी, कल्पना कुमारी दिनेश प्रसाद यदाव आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सक्रिय थे।

# सिमरा में ब्रह्मभोज के साथ 3 दिवसीय अष्टयाम महायज्ञ सम्पन्न

## भगवती जागरण व श्रीसीताराम विवाह कीर्तन भी आयोजित



**दीपक तिवारी।**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के बंदरा प्रखंड के सिमरा भानक टोला स्थित ब्रह्मस्थान प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय अष्टयाम महायज्ञ शुक्रवार को ब्रह्मभोज के साथ संपन्न हो गया।अष्टयाम व हवन यज्ञ समापन बाद गुरुवार रात्रि में भगवती जागरण व श्रीसीताराम विवाह कीर्तन का कार्यक्रम हुआ।जिसमें जागरण कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी।गायक सुधांशु राज व गायिका खुशबू सोनी की भजनों से श्रोता झूम उठे। झांकी कलाकार मुकेश बिहारी और देविका रानी के भक्ति गीतों पर किए गए भाव नृत्य को लोगों ने खूब सराहा।

भगवान की झांकी भी सजाए गए। असली सांप आकर्षण का केंद्र रहा। अमलेश ब्यास और सखियों ने विवाह कीर्तन प्रसंग कराया। वाद्य यंत्रों पर नागेंद्र, राजेश, दयालु बेहतरीन संगत कर रहे थे। कार्यक्रम में मिठूलाल चौधरी,नरेश कुशवाहा, पप्पू पोद्दार,शिवेंद्र महतो आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# आईएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर रंगारंग कार्यक्रम





**ऋषि तिवारी**

आज 78 व स्वतंत्रता दिवस पर नोएडा स्थित आईएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बृहस्पतिवार को संस्थान के छात्रों ने गीत-संगीत, नृत्य एवं अभिनय के माध्यम से आजादी के बाद बदलते हुए भारत की कहानी की प्रस्तुति दी। वहीं कार्यक्रम के दौरान संस्थान के महानिदेशक प्रो.(डॉ.) विकास धवन ने ध्वजारोहण कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

आईएमएस की कल्चरल हेड रीना मैसी ने बताया कि आज के कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगीत से हुई। जिसके बाद संस्थान के छात्रों ने अभिनय कर आजादी के बाद बदलते भारत की तस्वीर से रूबरू कराया। उन्होंने बताया कि 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्थान के छात्रों ने अपनी अदाकारी, नृत्य, संगीत एवं काव्य पाठ से कार्यक्रम में चार चांद लगाएं।

# नीतीश के खिलाफ लालू ने बनाया 'पांच का पंच'

## तेजस्वी को दे दिया गया है 'अस्त्र'



**दीपक कुमार तिवारी।**

**पटना।** आरजेडी नेता और पूर्व डेप्युटी सीएम तेजस्वी यादव 17 अगस्त से बिहार यात्रा पर निकलने वाले हैं। वाल्मीकि नगर से यात्रा आरंभ होगी। किशनगंज में बिहार यात्रा का पहला चरण वे पूरा करेंगे। कई चरणों में होने वाली यात्रा के मद्देनजर पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों के साथ उन्होंने ताबड़तोड़ बैठकें की हैं। सभी प्रकोष्ठों के प्रमुख को यात्रा की तैयारियों के बाबत जरूरी निर्देश दिए हैं। यात्रा के दौरान होने वाली सभाओं में भीड़ जुटाने से लेकर यात्रा का मकसद विस्तार से समझाया है। आरजेडी के लिए तेजस्वी की यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यह पार्टी का चुनाव अभियान है। तेजस्वी की यात्रा में अन्य मुद्दों के अलावा पांच प्रमुख मुद्दे शामिल किए गए हैं। आरजेडी के रणनीतिकारों ने मुद्दों का ब्लूप्रिंट तैयार किया है।

तेजस्वी यादव के निशाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार होंगे। उन्हें घेरने के लिए तेजस्वी बिहार को विशेष राज्य का दर्जा न मिल पाने को मुद्दा बनाएंगे। तेजस्वी यह साबित करने की कोशिश करेंगे कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र की एनडीए सरकार ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया। इसके बावजूद नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू सरकार का न सिर्फ समर्थन कर रही है, बल्कि सरकार में शामिल भी है। यह नीतीश कुमार की दोरंगी नीति है। वे विशेष राज्य की मांग का सिर्फ दिखावा कर रहे हैं। सच यह है कि वे खुद ऐसा नहीं चाहते। वे लोगों को भरोसा दिलाएंगे कि बिहार में आरजेडी के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक की सरकार बनी तो केंद्र से विशेष राज्य का दर्जा लेकर रहेंगे। तेजस्वी आरक्षण के मुद्दे पर भी नीतीश कुमार को कठघरे में खड़ा करेंगे। वे लोगों को बताएंगे कि महागठबंधन की सरकार ने बिहार में जाति जनगणना कराई। आबादी के आंकड़ों के आधार पर आरक्षण की सीमा संशोधित कर 50 प्रतिशत से बढ़ा कर 65 प्रतिशत की। केंद्र सरकार को इसे संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने का अनुरोध पत्र भेजा।

आरक्षण विरोधी केंद्र की भाजपा सरकार ने चुप्पी साध ली। नतीजा यह हुआ कि मामला कानूनी पचड़े में फंस गया। इसके बावजूद नीतीश कुमार केंद्र सरकार के सहयोगी बने हुए हैं। इससे नीतीश कुमार की मंशा पर संदेह होता है। उनकी मंशा साफ होती तो सहयोगी होने के नाते वे केंद्र सरकार पर दबाव बना कर इसे नौवीं अनुसूची में जरूर शामिल कराते। तेजस्वी लोकसभा चुनाव की तरह अपनी यात्रा में यह बताने से नहीं चूकेंगे कि 2020 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार ने 10 लाख सरकारी नौकरी के उनके वादे की कैसे खिल्ली उड़ाई थी। पर, आरजेडी जब सरकार में शामिल हुआ तो तो कैसे धड़ाधड़ लोगों को सरकारी नौकरियां मिलने लगीं। अगर आरजेडी सत्ता में आया तो सरकारी नौकरियों के उससे भी अधिक अवसर युवाओं को मिलेंगे। ऐसा सब्जबाग दिखा कर तेजस्वी युवाओं को आकर्षित करने का पूरा प्रयास करेंगे। ये अलग बात है कि उनके माता-पिता के शासनकाल में नौकरी कम और पलायन ज्यादा था। ऐसा आंकड़े भी बताते हैं। भाजपा और जेडीयू के नेता लालू-राबड़ी के शासन को जंगल राज बताने से कभी पीछे नहीं रहे। लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह तो इसे तोते की तरह रटते रहे। नीतीश कुमार लगातार कहते रहे हैं कि 2005 के पहले कैसे लोग अपने को असुरक्षित महसूस करते थे। उनके सत्ता में आने के बाद ही स्थिति में सुधार हुआ। तेजस्वी ने हाल के दिनों में बिहार में अपराध के आंकड़ों का जिस तरह बुलेटिन जारी करना शुरू किया है, उससे साफ हो गया है कि जंगल राज की काट उन्होंने खोज निकाली है। लूट, हत्या और दुष्कर्म की घटनाओं का उल्लेख तो वे करेंगे ही, वे यह भी बताने की कोशिश करेंगे कि क्राइम से समझौता न करने वाले नीतीश कुमार कैसे आनंद मोहन और अनंत सिंह जैसे बाहुबलियों की रिहाई के रास्ते बनाते रहे हैं।

अल्पसंख्यकों को लुभाने के लिए तेजस्वी को वक्फ संशोधन बिल का ताजा मुद्दा हाथ लग गया है। मुस्लिम कम्युनिटी इसके विरोध में है। अल्पसंख्यक हित की बात करने वाले नीतीश कुमार की पार्टी ने लोकसभा में इस बिल का खुल कर समर्थन किया है। तेजस्वी अल्पसंख्यक समुदाय को यह समझाने की कोशिश करेंगे कि नीतीश कुमार कैसे मुसलमानों के मुद्दों पर दोहरा मानदंड अपना रहे हैं।

# 18 वीं बार झंडा फहराने वाले बिहार के पहले मुख्यमंत्री बने

## नीतीश कुमार ने बनाया नया रिकॉर्ड




**अभिजीत पाण्डेय**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में झंडा फहराकर एक नया रिकॉर्ड बना दिया है। वे सबसे ज्यादा ध्वजारोहण करने वाले बिहार के पहले सीएम बन गए हैं। उन्होंने 18 वीं बार झंडा फहराया है।

वहीं नीतीश कुमार 9वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बन सबसे अधिक बार सीएम बनने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। नीतीश कुमार ने खुद को एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित किया है, जिन्होंने सबसे लंबे समय तक बिहार में शासन किया, जबकि उनकी पार्टी कभी भी अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाई।इसके पहले यह रिकॉर्ड श्रीकृष्ण सिंह के नाम दर्ज था जो 17 साल 52 दिन तक राज्य के मुख्यमंत्री के पद पर काबिज थे। हालांकि श्री कृष्णा सिंह लगातार सीएम बने रहने में नीतीश कुमार से कही आगे हैं। इससे पहले नीतीश लगातार चौथी विधान परिषद के सदस्य बन रिकॉर्ड कायम की थी।बिहार में 2005 में जब राजग की सरकार बनी तो नीतीश कुमार सांसद थे। नीतीश ने मुख्यमंत्री बनने के बाद सांसद से इस्तीफा दिया और विधान परिषद के सदस्य बन गए। 2006 में नीतीश पहली बार विधान परिषद के सदस्य बने थे।इसके बाद 2012 और 2018 में भी विधान परिषद के सदस्य बने। अब 2024 में नीतीश लगातार चौथी बार बिहार विधान परिषद के सदस्य पद की शपथ ली । दुसरी ओर बिहार में पिछले दो महीने के अंदर शिक्षकों की नियुक्ति ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। पिछले दो महीने में सरकार ने करीब दो लाख शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया है।

# पिलखी पुल के नीचे बूढ़ी गण्डक नदी में उपलाता मिला युवक का शव

## सुबह-सवेरे शव देख जुटने लगे लोग, पिलखी पुल पर लोगों की लगी रही भीड़



**संवाददाता।**

**सकरा।** बूढ़ी गण्डक नदी में उपलाता हुआ एक अग्यात युवक का शव शुक्रवार की सुबह मिला। जिसे देखने के बाद लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।आने-जाने वाले लोग भी पुल पर से नदी में उपलाता शव देखते रहे। सूचना के बाद सकरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की।

शव को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के लिए एसकेएमसीएच भेजा गया। लोगों ने बताया कि शव देखने से काफी पुरानी लगती है। शव से काफी दुर्गंध रही थी।देखने में विभत्स एवं कई दिन पुरानी लग रही थी।

# ऑल इंडिया पत्रकार एकता एसोसिएशन के सदस्यों ने धूमधाम से फहराया तिरंगा झंडा






**बिट्टू कुमार**

**पश्चिमी चंपारण।** 78 वें स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ राज देवड़ी के प्रांगण में मनाया गया प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार ने अपने हाथों से झंडा ध्वजरोहण किया साथ में जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, जिला सचिव अरूण कुमार, जिला कोषाध्यक्ष नसीम अंसारी, विवेक श्रीवास्तव,मो. असलम, अजित कुमार , ताज खान, अब्दुल हक, आदि सामिल रहे। राष्ट्र गाण के बाद मिठाई का वितरण कर एक दूसरे को आजादी की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधित कर कहा कि 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद हुआ था आजादी में हमें अपने शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देनी चाहिए। आजादी के खातिर हमारे देश के जवानों ने देश की खातिर अपने आप को सूली पर चढ़ा दिया उनकी कुबानीयों को याद कर आंखें नम हो जाती है ये देश हम सब हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाईयों का देश है सबने आजादी की लड़ाई में अपना खून बहाया है। ये आल इंडिया पत्रकार एकता एसोसिएशन हमेशा पत्रकारों के हक की बात करती है और करता रहेगा।

# 'नीतीश कुमार के संरक्षण में बढ़ा बलात्कारियों का मनोबल': तेजस्वी

## तेजस्वी का डबल इंजन की सरकार पर कड़ा प्रहार



**दीपक कुमार तिवारी।**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में पिछले दो दिनों में दो हत्याएं हुई। एक स्कूटर मैकेनिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहीं दूसरी ओर एक बीजेपी नेता की हत्या कर दी गई। इसके अलावा बिहार के अलग-अलग हिस्सों में लगातार अपराध की घटनाएं हो रही हैं। घटनाओं को लेकर विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव बिहार सरकार पर हमलावर हैं। तेजस्वी यादव ने कहा है कि बिहार में अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है। इन अपराधियों को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संरक्षण हासिल हो रहा है। यही कारण है कि बदमाश बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

अपराधियों के अंदर से सरकार और पुलिस प्रशासन का खौफ खत्म हो गया है। तेजस्वी यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि दरभंगा में 13 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप, पुलिस ने एफआईआर करने में 4 दिन और फिर उसके बाद अल्ट्रासाउंड कराने में और 4 दिन लगाए। भाई बोला-प्राइवेट पार्ट में थी चोट और सूजन।

तेजस्वी यादव ने आगे लिखा है कि मुजफ्फरपुर में माँ-बाप के सामने नाबालिग लड़की का अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म करने के पश्चात हैवानों ने नाबालिग के ब्रेस्ट और प्राइवेट पार्ट को काटा, बाद में हत्या कर अर्धनग्न शव को पोखर में फेंका। उसके अलावा तेजस्वी यादव ने अन्य घटना का जिक्र करते हुए कहा है कि मधुबन में 19 वर्षीय लड़की की घर में घुस कुल्हाड़ी से काट कर हत्या। वैशाली में 27 वर्षीय महिला की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या।

बिहार में नीतीश कुमार की सरपरस्ती में सत्ता संरक्षित अपराधी और बलात्कारियों का मनोबल किस कदर बढ़ा हुआ है यह उसकी 2-3 दिन की एक छोटी सी बानगी है। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि सरकार और पुलिस का इकबाल पूरी तरह खत्म हो गया है। बिहार सरकार बिल्कुल भी कानून-व्यवस्था संभाल नहीं पा रही है।

# अनंत सिंह के पास है बेशुमार दौलत,पटना से दिल्ली तक फैला 'साम्राज्य','छोटे सरकार' हैं अमीर



**दीपक कुमार तिवारी।**

**पटना।** बिहार के मोकामा से पूर्व विधायक और बाहुबली नेता अनंत सिंह 16 अगस्त 2024 को जेल से रिहा हो गए। उन्हें अपने घर में अङ-47 रखने के मामले में निचली अदालत ने 2022 में 10 साल की सजा सुनाई थी। लेकिन, पटना हाई कोर्ट ने बीते दिनों सबूतों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया। जेल से बाहर आने पर अनंत सिंह का उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। अनंत सिंह ने चार बार मोकामा से विधानसभा चुनाव जीता है। उन्हें अपने इलाके में 'छोटे सरकार' के नाम से जाना जाता है।

अनंत सिंह का जन्म बिहार के नदावन गांव में एक भूमिहार परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम चंद्रदीप सिंह था। उनके बड़े भाई दिलीप सिंह भी राजनेता हैं। अनंत सिंह की पत्नी का नाम नीलम देवी है। अनंत सिंह पर 38 आपराधिक मामले दर्ज हैं। अनंत सिंह ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत 2005 में जेडीयू के टिकट पर मोकामा से विधानसभा चुनाव जीतकर की थी। 2010 में उन्होंने जेडीयू के टिकट पर ही दोबारा मोकामा सीट से जीत हासिल की। 2015 में उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा और जीते। 2020 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने फ्वऊ के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। 2020 के चुनावी हलफनामे के अनुसार, अनंत सिंह की कुल संपत्ति 68 करोड़ 56 लाख 78 हजार 795 रुपये है। उन्होंने अपनी सालाना आय 8 लाख 86 हजार 143 रुपये घोषित की है। उनके पास 41 लाख रुपये से ज्यादा की बैंक बैलेंस है। उनके पास 4 करोड़ रुपये से ज्यादा के बॉन्ड और शेयर हैं। उनके और उनकी पत्नी के पास कुल 31 लाख रुपये से ज्यादा के सोने-चांदी के गहने हैं। उनके पास एक महिंद्रा स्कॉर्पियो कार है। उनकी पत्नी के पास एक इनोवा क्रिस्टा और एक फॉर्च्यूनर सिग्मा कार है।

पटना और बहरियारपुर में उनके और उनकी पत्नी के पास कुल मिलाकर 4 करोड़ रुपये से ज्यादा की कृषि योग्य जमीन है। उनके पास 18 करोड़ रुपये से ज्यादा की गैर-कृषि भूमि भी है। पटना में उनके नाम पर 23 करोड़ रुपये से ज्यादा की व्यावसायिक इमारतें हैं। दिल्ली और नदावन में उनके 3 करोड़ रुपये से ज्यादा के मकान हैं।

अनंत सिंह 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान 15 दिनों के पैरोल पर रिहा हुए थे। उस दौरान उन्होंने मुंगेर में जेडीयू नेता ललन सिंह के लिए प्रचार किया था। 2019 में अनंत सिंह के पैतृक घर पर छापेमारी के दौरान पुलिस को एक अङ-47 राइफल, एक मैगजीन, जिंदा कारतूस और दो हथगोले बरामद हुए थे। इसी मामले में उन्हें 10 साल की सजा हुई थी।

# संक्षिप्त खबरें

## एसबीआई ने सभी अवधि के लिए ब्याज दरों में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, उपभोक्ता ऋणों पर पड़ेगा यह असर




**नई दिल्ली।** देश में सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने सभी अवधियों के लिए ह्यमार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट(एमसीएलआर) में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी का एलान किया है। इसके असर से ज्यादातर उपभोक्ता ऋण अब महंगे हो जाएंगे। बैंक ने लगातार तीसरी बार ब्याज दर में वृद्धि की घोषणा की है।

एसबीआई की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, एक वर्ष की अवधि के लिए मानक एमसीएलआर अब 8.95 प्रतिशत निर्धारित की गई है, जबकि पहले यह दर 8.85 प्रतिशत थी। एमसीएलआर का इस्तेमाल मोटर वाहन और व्यक्तिगत जैसे अधिकतर उपभोक्ता ऋणों के मूल्यांकन में किया जाता है।

तीन साल के लिए एमसीएलआर 9.10 प्रतिशत और दो साल के लिए 9.05 प्रतिशत तय की गई है।

इसके अलावा एक महीने, तीन महीने और छह महीने की अवधि के लिए ब्याज दरें 8.45-8.85 प्रतिशत के दायरे में हैं। ह्यओवरनाइटह्लअवधि के लिए अब एमसीएलआर 8.10 प्रतिशत के मुकाबले 8.20 प्रतिशत होगी।

नई दरें 15 अगस्त 2024 से लागू हो गईं। ब्याज दरों में यह वृद्धि ऐसे समय में की गई है जब कुछ दिन पहले ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस महीने की शुरूआत में लगातार नौवीं बार अपनी नीति गत दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा था।

## स्पाइसजेट को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत, पट्टेदारों को इंजन लौटाने के आदेश के खिलाफ याचिका स्वीकार




**नई दिल्ली** दिल्ली हाईकोर्ट से स्पाइसजेट को राहत मिली है। अदालत ने एयरलाइन की उस याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई है जिसमें उसने तीन इंजनों का इस्तेमाल बंद करने और उन्हें उनके पट्टेदारों, टीम फ्रांस 01 एसएएस और सनबर्ड फ्रांस 02 एसएएस को 15 दिनों के भीतर वापस करने के आदेश को चुनौती थी।

हालांकि, अदालत ने आज इस मामले पर तुरंत सुनवाई करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने पहले स्पाइसजेट को 16 अगस्त तक इंजन का इस्तेमाल बंद करने और उन्हें निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर पट्टेदारों को वापस करने का निर्देश दिया था।

## जून में कोयले के अधिक उत्पादन से कीमतों में बढ़ी गिरावट



नई दिल्ली : कोयला मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान के अनुसार, जून के दौरान देश में कोयले की कीमतों में कमी आई है, जो अर्थव्यवस्था में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए ईंधन की उपलब्धता में वृद्धि का संकेत है। "कीमतों को दशार्ने वाले राष्ट्रीय कोयला सूचकांक ने जून 2024 में 3.48 प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट के साथ 142.13 अंक दर्ज किए हैं, जबकि जून 2023 में यह 147.25 अंक था। यह उल्लेखनीय कमी बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बाजार में कोयले की पर्याप्त उपलब्धता को दशार्ती है," बयान में कहा गया है। राष्ट्रीय कोयला सूचकांक (एनसीआई) एक मूल्य सूचकांक है जो अधिसूचित मूल्य, नीलामी मूल्य और आयात मूल्य सहित सभी बिक्री चैनलों से कोयले की कीमतों को जोड़ता है। यह विनियमित (बिजली और उर्वरक) और गैर-विनियमित क्षेत्रों में लेनदेन किए जाने वाले विभिन्न ग्रेड के कोकिंग और गैर-कोकिंग कोयले की कीमतों पर विचार करता है। इसके अतिरिक्त, कोयला नीलामी पर प्रीमियम उद्योग की नब्ज को दशार्ता है, और कोयला नीलामी प्रीमियम में तेज गिरावट बाजार में पर्याप्त कोयला उपलब्धता की पुष्टि करती है, बयान में कहा गया है। वित्त वर्ष 2017-18 के आधार वर्ष के साथ स्थापित, ठउकबाजार की गतिशीलता के एक विश्वसनीय संकेतक के रूप में कार्य करता है, जो मूल्य में उतार-चढ़ाव की मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है। ठउकका नीचे की ओर प्रक्षेपवक्र एक अधिक न्यायसंगत बाजार को दशार्ता है, जो आपूर्ति और मांग की गतिशीलता को सुसंगत बनाता है। इस साल जून के दौरान देश में कोयला उत्पादन पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 14.58 प्रतिशत बढ़ा। कोयला मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि इससे कोयले पर निर्भर विभिन्न क्षेत्रों को स्थिर आपूर्ति संभव हुई है, जो देश की समग्र ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने इस महीने की शुरूआत में लोकसभा को बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान भारत का कोयला उत्पादन 11.7 प्रतिशत बढ़कर 997.83 मिलियन टन (एमटी) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।

## भारत का फार्मा निर्यात तेज गति से बढ़ रहा

**नई दिल्ली।** भारत के दवा और फार्मास्यूटिकल्स निर्यात में लगातार वृद्धि जारी है और इस साल जुलाई में यह 8.36 प्रतिशत बढ़कर 2.31 बिलियन डॉलर हो गया, क्योंकि देश की किफायती जेनेरिक दवाएँ विकसित पश्चिमी देशों में लोकप्रियता हासिल कर रही हैं।देश के दवा और फार्मास्यूटिकल्स निर्यात में साल-दर-साल 9.67 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 2023-24 में 27.9 बिलियन डॉलर हो गया और चालू वित्त वर्ष में भी यह वृद्धि जारी है।भारत के कुल फार्मा निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 31 प्रतिशत से अधिक है, इसके बाद यूके और नीदरलैंड (लगभग 3 प्रतिशत प्रत्येक) का स्थान है।ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के अलावा, आयरलैंड और स्वीडन भारतीय निर्यात बाजार में नए शामिल हुए हैं। नवीनतम आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत के फार्मास्युटिकल क्षेत्र का निर्यात हिस्सा वित्त वर्ष 2023-2024 में 2018-2019 में 5.8 प्रतिशत से बढ़कर 6.4 प्रतिशत हो गया और निर्यात मूल्य 19.1 बिलियन डॉलर से बढ़कर 27.9 बिलियन डॉलर हो गया।आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत के फार्मास्युटिकल क्षेत्र ने वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत की है। वर्तमान में 50 बिलियन डॉलर का बाजार, मात्रा के हिसाब से दुनिया भर में तीसरा सबसे बड़ा है। ह्यदुनिया की फामेर्सीह्ल के रूप में जाना जाने वाला भारत 60 चिकित्सीय श्रेणियों में लगभग 60,000 जेनेरिक ब्रांड प्रदान करता है, जो वैश्विक जेनेरिक दवा निर्यात में 20 प्रतिशत का योगदान देता है। शीर्ष 20 वैश्विक जेनेरिक कंपनियों में से आठ भारत में स्थित हैं।ह्व भारत में दवा उद्योग के 2024 तक 65 बिलियन डॉलर और 2030 तक 130 बिलियन डॉलर तक पहुँचने की उम्मीद है।

# हिंडनबर्ग के आरोप तो मामूली हैं, कांग्रेस बोली- जेपीसी जांच से होगा पूरा खुलासा



**नई दिल्ली।** मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि अदाणी समूह से जुड़े कथित घोटाले को लेकर अमेरिकी संस्था हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोप तो मामूली हैं और पूरा सच संयुक्त संसदीय समिति की जांच से ही सामने आ सकता है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की जांच से ही पूरी सच्चाई सामने आ सकती है। कांग्रेस हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को लेकर अदाणी समूह पर पिछले कई महीनों से हमलावर है। अदाणी समूह ने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, "अदाणी महाघोटाले में संयुक्त संसदीय समिति की जांच की मांग, हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में किए गए खुलासों से आगे तक के लिए है। ये खुलासे तो बहुत ही मामूली हैं। जेपीसी जांच से पूरा सच सामने आएगा। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह से जुड़ी अनियमितताएं और गलत कार्यों का राजनीतिक अर्थव्यवस्था के हर पहलू से संबंध है। "हमारी 100 सवालों की श्रृंखला 'हम अडानी के हैं कौन' में हमने इन्हें उजागर किया था।

कांग्रेस महासचिव ने दावा किया, "हवाई अड्डा, बंदरगाह, सीमेंट और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अदाणी का एकाधिकार सुनिश्चित करने के लिए भारत की जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया। भारत की प्रतिष्ठा को ताक पर रखकर पड़ोस में अदाणी एंटरप्राइजेज की जरूरतों के लिए भारत की विदेश नीति के हितों के साथ समझौता किया गया।"

रमेश ने आरोप लगाया, "इजराइल के साथ भारत के रणनीतिक संबंधों को एक ही कंपनी अदाणी के सुपुर्द कर दिया गया। कोयला और बिजली उपकरणों के बिल में बढ़ोतरी की गई, जिसने न केवल धनशोधन और बेतहाशा मुनाफे को बढ़ावा दिया है बल्कि आम लोगों के बिजली के बिलों में भी वृद्धि कर दी है।


उन्होंने कहा कि इन मामलों का जिक्र हिंडनबर्ग के आरोपों में नहीं हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा, "हिंडनबर्ग के आरोप पूंजी बाजार से संबंधित मामलों तक ही सीमित हैं, और ये स्टॉक हेरफेर, अकाउंटिंग धोखाधड़ी तथा नियामक एजेंसियों में हितों के टकराव से जुड़े हैं। ये आरोप तो मामूली हैं। उन्होंने कहा, मोदानी महाघोटाले की पूरी तरह से जांच और खुलासा सिर्फ जेपीसी ही कर सकती है।

## बंगाल में पीडीएस घोटाले में दो गिरफ्तार, 29.25 करोड़ की संपत्ति जब्त



**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कोलकाता इकाई ने 2 अगस्त को अलीफ नूर और अनिसुर रहमान (टीएमसी के ब्लॉक अध्यक्ष) को पीडीस घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल में पीडीएस राशन की हेराफेरी से हुए अपराध की आय (पीओसी) का धनशोधन करने के आरोपों पर की गई है। प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार दोनों आरोपियों को 12 अगस्त तक ईडी की हिरासत में भेजा गया है। दूसरी ओर, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय ने "पर्लवाइन इंटरनेशनल" के बैनर तले चल रही एक धोखाधड़ी वाली निवेश वेबसाइट पर कार्रवाई की है। इस मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 29.25 करोड़ रुपये की संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय 29.25 करोड़ रुपये की कुल 14 संपत्तियों को कुर्क किया गया है।

## टाटा के प्रमुख आंध्र सीएम से मिले, फॉक्सकॉन के चेयरमैन यंग लियू की तेलंगाना सीएम से मुलाकात



**नई दिल्ली।** टाटा संस के चेयरमैन एन. चंदशेखरन ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्र बाबू नायडू से मुलाकात की। दूसरी ओर, आईफोन तैयार करने वाली वैश्विक कंपनी फॉक्सकॉन के चेयरमैन यंग लियू ने नई दिल्ली में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू ने मुलाकात के बारे में बताया कि टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन 2047 तक राज्य को 'स्वर्ण आंध्र प्रदेश' बनाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए बनाए गए टास्क फोर्स की सह-अध्यक्षता करेंगे। टाटा संस के चेयरमैन उस टास्क फोर्स का हिस्सा होंगे जिसे आंध्र प्रदेश के विकास के लिए बनाया जा रहा है और इसमें बुद्धिजीवियों और उद्योग जगत के दिग्गज शामिल होंगे। नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गोएपी (आंध्र प्रदेश सरकार) स्वर्ण आंध्र प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए एक टास्क फोर्स का गठन कर रही है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि चंद्रशेखरन इस टास्क फोर्स की सह-अध्यक्षता करेंगे।

चंद्रशेखरन को अपना पुराना मित्र बताते हुए सीएम ने कहा कि टाटा समूह ने उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की ओर से अमरावती में स्थापित किए जाने वाले 'सेंटर फॉर ग्लोबल लीडरशिप फॉर कॉम्पिटिटिवनेस' के लिए राज्य के साथ मिलकर काम करने पर भी सहमति व्यक्त की है। इसके अलावा, नायडू ने कहा कि उन्होंने और चंद्रशेखरन ने विशाखापत्तनम में टीसीएस का विकास केंद्र स्थापित करने के अवसरों की खोज की। इसके अलावा एयर इंडिया व विस्तारा के माध्यम से राज्य की हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ाने के साथ-साथ अन्य साझेदारियों और क्षेत्रों पर भी चर्चा की गई।

आंध्र देश के आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री नारा लोकेश और उद्योग मंत्री टीजी भरत ने भी टाटा संस के शीर्ष अधिकारी से मुलाकात की।

## सोना 400 रुपये कमजोर पड़ा, चांदी की कीमतों में 800 रुपये का उछाल



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सरार्फा संघ के अनुसार शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोना 400 रुपये टूटकर 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में बुधवार को यह कीमती धातु 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुरुवार को कॉमोडिटी मार्केट बंद थे।

चांदी की कीमत 800 रुपये की तेजी के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी, जो पिछले बंद में 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये टूटकर 72,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले सत्र में यह 72,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

वैश्विक मोर्चे पर कॉमेक्स सोना 8.50 डॉलर प्रति औंस की तेजी के साथ 2,500.90 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण शुक्रवार को सोने में थोड़ी तेजी आई, जिससे कीमती धातुओं को समर्थन मिला।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, "गुरुवार को जारी मजबूत अमेरिकी खुदरा बिक्री और बेरोजगारी के आंकड़ों से उपभोक्ता खर्च बढ़ने का संकेत मिलता है, इससे अमेरिका में मंदी के जोखिम की चिंता कम हो गई है और ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम हो गईं हैं। इससे आने वाले समय में कीमती धातु की कीमतें स्थिर रह सकते हैं। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में चांदी 28.66 डॉलर प्रति औंस पर कमजोर रही।

कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी-कमोडिटी रिसर्च कायनात चैनवाला ने कहा, "गुरुवार को कॉमेक्स सोना 0.5 प्रतिशत बढ़कर 2,492.4 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ, क्योंकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति में कमी और मजबूत खुदरा बिक्री के साथ मिश्रित अमेरिकी आंकड़ों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति पथ पर कोई नई जानकारी नहीं दी।

## पाम और सोया तेल आयात एक साल के उच्च स्तर पर



**नई दिल्ली।** कीमतों में कमी और रिफाइनर्स की ओर से त्योहारों के लिए खरीद से देश का पाम तेल और सोया तेल आयात जुलाई में बढ़कर करीब एक साल के शीर्ष पर पहुंच गया है। इस भारी खरीद से शीर्ष उत्पादक इंडोनेशिया और मलयेशिया के तेल भंडार में कमी आएगी। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के आंकड़ों के अनुसार, पाम तेल आयात जुलाई में जून की तुलना में 37 फीसदी बढ़कर करीब 11 लाख टन रहा। यह अगस्त, 2023 के बाद सबसे अधिक है। सोया तेल आयात 42 फीसदी बढ़कर 391,791 टन रहा। यह 13 महीनों में सबसे अधिक है। सूरजमुखी तेल का आयात 21.3 फीसदी गिरकर 366,541 टन पर आ गया।

**वनस्पति तेल की दूसरी बार सबसे ज्यादा खरीद...**वनस्पति तेल आयात जुलाई में 22.2 फीसदी बढ़कर 19 लाख टन रहा। यह दूसरा बड़ा रिकॉर्ड है। नवंबर, 2023 से शुरू होने वाले विपणन वर्ष में भारत औसतन 13 लाख टन खाद्य तेल का आयात कर रहा है। अधिक आयात से देश में वनस्पति तेल का भंडार बढ़कर 29 लाख टन हो गया। यह आठ महीनों में सबसे अधिक है।

## बाजार में निवेशकों को 7.17 लाख करोड़ का फायदा सेंसेक्स 1330 अंक चढ़ा, निफ्टी 24500 पार




**नई दिल्ली।** बैंकिंग और आईटी शेयरों में मजबूती के कारण घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को अच्छी बढ़त के साथ बंद हुए। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन 30 शेयरों का प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स 1,330.96 (1.68%) अंकों की बढ़त के साथ 80,436.84 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 397.41 (1.65%) अंक उछलकर 24,541.15 के स्तर पर बंद हुआ।

भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख बेंचमार्क सेंसेक्स हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन दो सप्ताह से अधिक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। आईटी शेयरों और रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी और वैश्विक शेयरों में तेज के बाद बाजार में मजबूती आई। सेंसेक्स दिन के कारोबार के दौरान 1,412.33 अंक या 1.78 प्रतिशत बढ़कर 80,518.21 के स्तर पर पहुंचा। शुक्रवार के कारोबारी सत्र के दौरान बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7.17 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 451.46 लाख करोड़ रुपये हो गया।

**सेंसेक्स में सन फार्मा को छोड़कर सभी शेयर हरे निशान पर हुए बंद...**सेंसेक्स की कंपनियों में से टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा स्टील सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। एकमात्र सन फार्मा के शेयर लाल निशान पर बंद हुए।

सभी क्षेत्रीय सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई मिडकैप में 1.8 फीसदी की तेजी आई, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.7 फीसदी की तेजी आई। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग में काफी तेजी रही। यूरोपीय बाजार ज्यादातर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। इससे पहले गुरुवार को अमेरिकी बाजार तेज बढ़त के साथ बंद हुए।

**अमेरिका में महंगाई घटने से बाजार की धारणा बदली...**जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "जेपीवाई की स्थिरता वैश्विक बाजार में सुधार लाने में सहायक रही है। इसके अलावा, मजबूत अमेरिकी खुदरा बिक्री और साप्ताहिक बेरोजगारी दावों में गिरावट ने अमेरिकी मंदी की आशंकाओं को कम करने में मदद की है। इसके अलावा, अमेरिकी सीपीआई मुद्रास्फीति में कमी के कारण बाजार की धारणा में सुधार हुआ है। इसी पृष्ठभूमि में, भारतीय आईटी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी दिखी। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने इससे पहले बुधवार को 2,595.27 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,236.21 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे।

वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.22 प्रतिशत गिरकर 80.05 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार बंद रहे। बुधवार को बीएसई बेंचमार्क 149.85 अंक या 0.19 प्रतिशत चढ़कर 79,105.88 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 4.75 अंक या 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,143.75 पर बंद हुआ था।

**रुपये में डॉलर के मुकाबले मामूली सुधार...**अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 83.94 पर बंद हुआ, पिछले कारोबारी सत्र में यह 83.9475 पर बंद हुआ था। एक सीमित दायरे में कारोबार के बाद भारतीय रुपया शुक्रवार को लगभग अपरिवर्तित होकर बंद हुआ। इस बीच, अधिकांश एशियाई मुद्राएं शुरूआती गिरावट से उबरती दिखीं। इस दौरान विदेशी बैंकों की ओर से डॉलर की हल्की बिक्री के कारण रुपये को अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से ऊपर जाने में मदद मिली।

## ईडी ने अवंता ग्रुप की 678 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की, बैंक धोखाधड़ी का मामला



**नई दिल्ली** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़ी जांच के तहत अवंता समूह की 678 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की भूसंपत्तियां धनशोधन रोधी कानून के तहत कुर्क की हैं। निदेशालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

हरियाणा, महाराष्ट्र और उत्तराखंड में स्थित संपत्तियों को कुर्क करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। ये संपत्तियां अवंता समूह की विभिन्न कंपनियों की हैं। अवंता समूह का स्वामित्व और नियंत्रण व्यवसायी गौतम थापर के पास है।

ईडी ने एक बयान में कहा, 19 अगस्त 2019 को सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड ने सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 के तहत ह्यबॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और ह्यनेशनल स्टॉक एक्सचेंज के समक्ष उन जानकारियों का खुलासा किया था, जिनका कंपनी की वित्तीय स्थिति पर संभावित प्रभाव था। ईडी ने बयान में कहा, सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड द्वारा किए गए खुलासे से पता चला है कि कंपनी की संपत्तियों और देनदारियों को काफी कम कर-के दिखाया गया है।

एजेंसी के अनुसार, इस खुलासे पर ऋणदाता बैंकों ने गौर किया और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा की गई शिकायत के आधार पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जून 2021 में ह्यसीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन लिमिटेड, गौतम थापर, के एन नीलकंठ, माधव आचार्य, बी हरिहरन, ओंकार गोस्वामी और अज्ञात लोक सेवकों और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ 2,435 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया था। ईडी का धनशोधन का मामला सीबीआई की इसी प्राथमिकी से संबंधित है। इससे पहले ईडी ने 14 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी और पीएमएलए के तहत आरोपपत्र दाखिल किया था। इसके अलावा कंपनी के एक प्रमुख प्रबंधकीय कर्मचारी माधव आचार्य को भी गिरफ्तार किया गया था।

## भारत ने जुलाई में रूस से 2.8 अरब डॉलर मूल्य का कच्चा तेल आयात किया



**नई दिल्ली।** दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता और आयातक भारत ने जुलाई में रूस से 2.8 अरब डॉलर का कच्चा तेल खरीदा। इस लिहाज से भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर है, जो रूसी तेल का सबसे बड़ा आयातक बना हुआ है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, रूस भारत के लिए कच्चे तेल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। इस तेल को रिफाइनरियों में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में परिवर्तित किया जाता है। फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद कुछ यूरोपीय देशों द्वारा रूस से खरीद से परहेज करने के बाद रूसी तेल छूट पर उपलब्ध था।

रूस से कच्चे तेल का आयात यूक्रेन युद्ध से पहले कुल आयातित तेल का एक प्रतिशत से भी कम था। यह अब भारत की कुल तेल खरीद का लगभग 40 प्रतिशत हो गया है।

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) ने एक रिपोर्ट में कहा कि चीन ने रूस के कच्चे तेल निर्यात का 47 प्रतिशत खरीदा, उसके बाद भारत (37 प्रतिशत), यूरोपीय संघ (सात प्रतिशत) और तुर्किये (छह प्रतिशत) रहा।

सिर्फ तेल ही नहीं, बल्कि चीन और भारत ने रूस से कोयला भी खरीदा। रिपोर्ट के अनुसार, ह्लपांच दिसंबर, 2022 से जुलाई, 2024 के अंत तक चीन ने रूस के कुल कोयला निर्यात का 45 प्रतिशत खरीदा, उसके बाद भारत (18 प्रतिशत) का स्थान रहा। तुर्किये (10 प्रतिशत), दक्षिण कोरिया (10 प्रतिशत) और ताइवान (पांच प्रतिशत) शीर्ष पांच खरीदार हैं।



# पर्सनल स्पेस में प्रोफेशनल लाइफ हो रही है हावी तो इन टिप्स को करें फॉलो

**वर्क-फॉम-होम और हाइब्रिड वर्किंग मॉडल के चलते प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ खराब होने लगी है। कंपनी को ऐसा लगता है कि वर्क-फॉम-होम और हाइब्रिड वर्किंग के कारण वह अपने इंप्लाई को कभी भी फोन कर सकते हैं और उन्हें कभी भी काम करने को कह सकते हैं। ऐसे में मजबूरी में अपनी नौकरी को बचाने के लिए इंप्लाई को ओवरटाइम काम करना पड़ता है। यहीं कारण है जिसके कारण पर्सनल लाइफ के लिए आजकल के युवा को समय नहीं मिलता है और उनकी लाइफ में दिक्कत आने लगती हैं। हालांकि कुछ टिप्स को अपनाकर आप भी अपने पर्सनल और प्रोफेशनल जीवन को अलग रख सकते हैं।**

## शेड्यूल बनाएं

अगर आप वर्क–फॉम–होम और हाइब्रिड वर्किंग के तौर पर काम कर रहे हैं तो आपको समय पर लॉग इन करना चाहिए और समय पर ही लॉग आउट करना चाहिए। अगर आपका बॉस आपको रोजाना ओवरटाइम काम करने को कह रहा है तो आपको उसकी शिकायत करनी चाहिए।

## ब्रेक लें


वर्क–फॉम–होम और हाइब्रिड वर्किंग में आपको काम के साथ बीच– बीच में ब्रेक लेते रहना चाहिए। आधे घंटे का ब्रेक लेकर आप खुद के काम को कर सकते हैं। इससे आपको खुद के लिए भी समय मिलता रहेगा।

## परिवार के लिए समय

कई बार ऑफिस का काम होने के बाद लोग अपने फोन यानी सोशल मीडिया में व्यस्त हो जाते हैं। हालांकि आपको स्क्रीन टाइम कम करने पर ध्यान देना चाहिए। बचा हुआ समय आपको परिवार को देना चाहिए या फिर आप नई चीजों को सीखने के लिए भी समय निकाल सकते हैं।

## काउंसलिंग लें

अगर आप इन चीजों को फॉलो करने के बाद भी अपनी प्रोफेशनल लाइफ को पर्सनल स्पेस से अलग नहीं रख पा रहे हैं तो आपको काउंसलिंग लेने की जरूरत है। काउंसलिंग की मदद से आप अपने प्रोफेशनल लाइफ को पर्सनल स्पेस में हावी नहीं होने देगें।



# फैमिली बजट प्लान करते समय इन बातों का रखें ध्यान

**फैमिली के लिए बजट प्लान करना यकीनन एक टफ टास्क है, लेकिन अगर आप कुछ टिप्स को फॉलो करते हैं तो आप अपने इस काम को बहुत आसान बना सकती हैं।**




अधिकतर घरों में लोगों को यह शिकायत रहती है कि महीना खत्म होते–होते खर्च के लिए उनके पास पैसे नहीं होते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि वे अपने फैमिली बजट का ध्यान नहीं रखते हैं। जब परिवार में सदस्यों की संख्या अधिक हों या फिर बच्चे हों तो ऐसे में फैमिली बजट पर अतिरिक्त ध्यान देना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। कुछ लोग महीने की शुरुआत में फैमिली बजट तो बनाते हैं लेकिन फिर भी महीने के आखिर में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि वे कुछ छोटी–छोटी बातों को मिस कर जाते हैं। फैमिली बजट बनाने का मतलब सिर्फ जरूरी खर्चों की लिस्टिंग करना ही नहीं है, बल्कि आपको अतिरिक्त खर्चों से लेकर बचत, इमरजेंसी फंड व इनवेस्टमेंट आदि को भी इसमें शामिल करना जरूरी होता है। आपको फैमिली बजट बनाने में कोई समस्या ना हो और बाद में आपको किसी तरह की परेशानी ना हो, इसके लिए आपको कुछ छोटी–छोटी बातों का ध्यान रखना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं–

## इनकम की बनाएं लिस्ट

जब आप फैमिली बजट बना रहे हैं तो आपको अपनी महीने की आमदनी का पता होना चाहिए। इसके लिए आप सबसे पहले अपनी इनकम की लिस्ट बनाएं। इसमें आप सैलरी के अलावा अन्य किसी भी आय के स्त्रोत से मिलने वाले पैसों का शामिल करें। इससे आपको यह समझ में आएगा कि हर महीने आपकी पॉकेट में कितने पैसे आ रहे हैं।

## खर्चों की बनाएं लिस्ट

जब आप अपनी इनकम की लिस्ट बना लें तो उसके बाद खर्चों की लिस्ट तैयार करें। इसमें आप घर के किराए से लेकर बच्चों की फीस, राशन, ईएमआई व अन्य अतिरिक्त खर्चों को शामिल करें। इनकम और खर्च की लिस्ट बनाने से आपको एक रिएलिटी चेक मिलता है। साथ ही इससे फैमिली बजट बनाना अधिक आसान हो जाता है।

## सेट करें फाइनेंशियल गोल्स


फैमिली बजट बनाने का मतलब सिर्फ आमदनी और खर्चों पर ही नजर रखना नहीं है। बल्कि आपको अपने फाइनेंशियल गोल्स को भी सेट करना चाहिए। आप इसमें शॉर्ट टर्म गोल्स जैसे वेकेशन से लेकर इमरजेंसी फंड और लॉन्ग टर्म गोल्स जैसे घर की डाउन पेमेंट से लेकर बच्चों की पढ़ाई व रिटायरमेंट आदि को भी जरूर शामिल करें।

## तैयार करें प्लान

फैमिली बजट बनाते समय आपको एक सही प्लानिंग के साथ चलना बेहद जरूरी है। मसलन, जब आप बजट बनाएं तो अपने खर्चों को अलग–अलग कैटेगिरीजैसे ग्रॉसरी से लेकर सेविंग आदि में बांट लें। इस तरह आप हर कैटेगिरी व गोल्स को ध्यान में रखते हुए अपनी आय को बांट दें। कोशिश करें कि आप अपनी आय का 50 प्रतिशत ज़रूरतों, 30 प्रतिशत इच्छाओं और 20 प्रतिशत बचत आदि के लिए रखें। इससे आपको कभी भी पैसों को लेकर किसी तरह की कोई समस्या नहीं होगी।

## जरूर करें ट्रैक

अगर आप चाहती हैं कि आप अपने लिए एक सही फैमिली बजट बना पाएं, तो इसके लिए आपको उसे ट्रैक जरूर करें। एक बार जब आप बजट बना लें तो उसके बाद आमदनी व खर्चों दोनों को ट्रैक करते रहें। जब आप इनका रिकॉर्ड रखते हैं तो इससे आपको अपने फैमिली बजटको सही तरह से एडजस्ट करने में मदद मिलती है। अगर आपके लिए हर दिन का ब्यौरा रखना मुश्किल लगता है तो ऐसे में आप बजटिंग टूल व ऐप्स का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।





# इन चार वजहों से मशीन वॉश करने के बाद कपड़ों पर नजर आते हैं सफेद दाग

कपड़े किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व की पहचान होते हैं। अगर हम साफ–सुथरे कपड़े पहनते हैं तो इससे हमारा फर्स्ट इंप्रेशन काफी अच्छा पड़ता है। यही कारण है कि लोग एक बार पहनने के बाद कपड़ों को मशीन वॉश करना पसंद करते हैं। लेकिन आपने कई बार देखा होगा कि जब आप कपड़ों को मशीन वॉश करते हैं तो अक्सर उनमें सफेद दाग नजर आते हैं। कपड़ों को धोने के बाद भी जब उन पर सफेद धारियां या धब्बे नजर आते है तो यकीनन मन में एक निराशा पैदा होती है। ऐसे में कपड़ों को दोबारा धोने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं बचता है। लेकिन कपड़ों के पूरे बैच को दोबारा धोना यकीनन काफी समय लेने वाला होता है। हालांकि, क्या आपने कभी इस बात पर गौर किया है कि मशीन में कपड़े धोने के बाद भी उनमें सफेद दाग क्यों नजर आते हैं। दरअसल, इसके पीछे कई वजहें जिम्मेदार हो सकती हैं।

## पाउडर डिटर्जेंट का इस्तेमाल करना

कपड़ों को धोने के बाद उन पर सफ़ेद दाग नजर आने का एक मुख्य कारण पाउडर डिटर्जेंट का उपयोग है। अक्सर पाउडर डिटर्जेंट मशीन के पानी में उस तरह से घुलता नहीं है जैसा उसे घुलना चाहिए, जिससे कपड़ों पर धारियां पड़ जाती हैं। इसलिए, अगर आप कपड़ों पर नजर आने वाले इस सफेद दाग की समस्या से छुटकारा पाना चाहती हैं तो पाउडर डिटर्जेंट से लिक्विड डिटर्जेंट पर स्विच करने पर विचार करें।

## डिटर्जेंट का अधिक इस्तेमाल करना

कपड़ों का धोते समय डिटर्जेंट की मात्रा भी बहुत मायने रखती है। कई बार लोग बेहतर सफाई के चक्कर में जरूरत से ज्यादा डिटर्जेंट का इस्तेमाल करने लग जाते हैं। हालांकि, ऐसा करने से अवशेष रह सकते हैं क्योंकि यह पूरी तरह से घुल नहीं सकता या धोने के दौरान बाहर नहीं निकल सकता। इसलिए, आप सीमित मात्रा में ही डिटर्जेंट का इस्तेमाल करें। अगर आपके कपड़ों पर किसी तरह के दाग है तो डिटर्जेंट की मात्रा बढ़ाने के स्थान पर पहले स्पॉट ट्रीटमेंट की मदद से दाग को क्लीन करें।

## मशीन ओवरलोड होना

अमूमन लोग एक बैच में ज्यादा से ज्यादा कपड़े धोने की कोशिश करते हैं, जिससे समय की बचत हो सके। लेकिन वास्तव में इसका खामियाजा कपड़ों को भुगतना पड़ता है। ओवरलोड वॉशिंग मशीन पानी के फ्लो और ड्रेनेज को बाधित कर सकती है। इसलिए, डिटर्जेंट पूरे लोड तक नहीं पहुंच पाता है, जिससे कपड़े सही तरह से धुल नहीं पाते हैं। कपड़ों पर बची हुई गंदगी, झाग, धूल के कारण सफेद अवशेष रह जाते हैं। ऐसे में उन कपड़ों को दोबारा धोना पड़ता है। इसलिए, आप अपनी मशीन में बहुत ज़्यादा पानी न भरें, चाहे आपके पास समय की कमी क्यों न हो।

## मशीन ड्रेनपाइप फ़िल्टर का बंद होना

अक्सर हमारा ध्यान इस ओर नहीं जाता है, लेकिन मशीन ड्रेनपाइप फ़िल्टर बंद हो जाने की स्थिति में लिंट, अघुलनशील डिटर्जेंट और गंदगी आपके कपड़ों पर फिर से जम सकती है। इसलिए, नियमित अंतराल पर फ़िल्टर को साफ़ करने का नियम बनाएं। जब आप ऐसा करते हैं तो आपके अधिक बेहतर साफ होते हैं।





# डाइनिंग स्पेस को है सजाना, इन छोटी-छोटी चीजों को न करें इग्नोर

डाइनिंग एरिया एक ऐसी जगह है, जहां पर परिवार के सभी सदस्य मिलकर न सिर्फ खाना खाते हैं, बल्कि कुछ हंसी–खुशी के पल भी बांटते हैं। यूं तो परिवार के सदस्यों का एक साथ होना ही उस जगह को जीवंत बना देता है, लेकिन अगर डाइनिंग एरिया के डेकोरेशन पर भी थोड़ा ध्यान दिया जाए तो कहना ही क्या। वैसे भी कहा जाता है कि व्यक्ति हाथों से पहले आंखों से खाता है, इसलिए भोजन के साथ–साथ डाइनिंग एरिया के लुक्स पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है। जरा सोचिए, अगर आप खाना खाने बैठे और वहां पर सब कुछ बिखरा या रूखा–रूखा सा हो तो पहले ही मूड ऑफ हो जाता है। वहीं अगर डाइनिंग एरिया को करीने से सजाया गया हो तो व्यक्ति का मन प्रफुल्लित हो उठता है। वैसे डाइनिंग एरिया को सजाने के लिए बहुत करने की आवश्यकता नहीं होती। अगर आप अपनी टेबल पर कुछ चीजों को रख दें तो इससे टेबल की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है।

## कालीन

डाइनिंग एरिया में कलर एड करने और उसे खूबसूरत बनाने के लिए कालीन का इस्तेमाल करना अच्छा रहेगा। आप डाइनिंग एरिया में कॉन्ट्रास्टिंग कलर के कालीन को बिछाएं। वैसे आप कालीन के फैब्रिक और प्रिंट्स में भी कई ऑप्शन चुन सकती हैं, जो आपके डाइनिंग एरिया को खूबसूरत बनाएंगे।

## ताजे फल

फलों को स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा माना जाता है और अगर आप डाइनिंग टेबल को हेल्दी तरीके से सजाना चाहती हैं तो ताजे फलों का इस्तेमाल करना एक अच्छा आईडिया है। ताजे फलों के कारण आपका डाइनिंग टेबल देखने में तो अच्छा व कलरफुल लगता है ही, साथ ही इससे घर के सदस्य फल खाने के लिए भी प्रेरित होते हैं। आप फलों को सिरामिक, लकड़ी के बाउल या खूबसूरत प्लेटर में रखकर सजा सकती हैं।

## खूबसूरत नैपकिन रिंग

डाइनिंग टेबल पर नैपकिन की जरूरत तो पड़ती ही है, लेकिन अगर इसे सही तरह से रखा जाए तो इससे डाइनिंग टेबल की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है। आजकल मार्केट में कई बेहद खूबसूरत डिजाइन की नैपकिन रिंग्स मिलती हैं, जिसमें आप नैपकिन को रख सकती हैं। इन डिजाइन में आपको लीफ, फ्लॉवर, पर्ल, विंटेज और कई अन्य तरह के डिजाइन्स चुन सकती हैं।

## मिरर

डाइनिंग एरिया को खूबसूरत बनाने के लिए सामने वाली दीवार पर मिरर का इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे डाइनिंग स्पेस बड़ा लगता है, साथ ही जब आप डाइनिंग स्पेस में मिरर का इस्तेमाल करती हैं तो इससे उस स्पेस को मॉडर्न व कंटेपररी लुक मिलता है।

# डब्ल्यूबीबीएल: चमारी अटापट्टू ने सिडनी थंडर के साथ तीन सत्र के लिये किया करार

**सिडनी, एजेंसी।** सिडनी थंडर ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2024-25 से पहले प्री-ड्राफ्ट साइनिंग के जरिए अगले तीन सत्र के लिए श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू के साथ करार किया है। डब्ल्यूबीबीएल 27 अक्टूबर से शुरू होने वाला है।

अटापट्टू, जो पिछले सीजन में थंडर के लिए एक अनड्राफ्टेड खिलाड़ी के रूप में खेली थीं, ने उनके रोस्टर में चौथा विदेशी स्लॉट भरा। उन्होंने थंडर के चौथे स्थान पर रहते हुए प्लेयर-ऑफ-द-टूर्नामेंट प्रदर्शन के साथ सीजन का समापन किया, जिसमें उन्होंने 42.46 की औसत से 552 रन बनाए और नौ विकेट लिए।

अटापट्टू ने एक बयान में कहा, अगले तीन सत्रों के लिए सिडनी थंडर के साथ जुड़ना एक आसान निर्णय था, क्योंकि मैं इस क्लब के विजन में विश्वास करती हूं और मैं इसकी भविष्य की सफलता का हिस्सा बनना चाहती हूं।




उन्होंने कहा, मेरे सिडनी थंडर परिवार में प्यार करने के लिए बहुत कुछ है। मेरे साथी सिर्फ.सहकर्मी नहीं हैं; वे दोस्त हैं जो हर दिन एक-दूसरे को बेहतर बनने के लिए प्रेरित करते हैं, जो मेरे लिए महत्वपूर्ण है। वेस्टर्न सिडनी सिडनी थंडर का दिल और आत्मा है और इस तरह के विविधतापूर्ण और जीवंत समुदाय का प्रतिनिधित्व करना एक विशेषाधिकार है। यह अब तक एक अविश्वसनीय यात्रा रही है, और मैं आगे आने वाले समय के लिए बहुत उत्साहित हूँ।

पिछले सीजन के विपरीत जहाँ डब्ल्यूबीबीएल में विदेशी खिलाड़ियों को एक साल के आधार पर अनुबंधित किया गया था, अटापट्टू ने लीग के नए बहु-वर्षीय अनुबंध प्रावधान के तहत हस्ताक्षर किए हैं। यह प्रत्येक क्लब को ड्राफ्ट के बाहर तीन साल तक के लिए एक विदेशी खिलाड़ी को साइन करने की अनुमति देता है, जो 1 सितंबर को होगा।

सिडनी थंडर के जनरल मैनेजर ट्रेंट कोपलैंड ने कहा, चमारी निश्चित रूप से एक असाधारण क्रिकेट खिलाड़ी हैं, लेकिन वह एक असाधारण इंसान भी हैं, जो टीम और प्रशंसकों को प्राथमिकता देती हैं। हम जानते हैं कि अन्य टीमें उन्हें साइन करने में रुचि रखती थीं, लेकिन हमने यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया कि वह वापस आएं। पिछली गर्मियों में जिस तरह से उन्होंने हमारे सदस्यों और प्रशंसकों को अपनाया और उनसे जुड़ीं, वह देखना बहुत खास था और मैदान पर उनका डब्ल्यूबीबीएल का एक बेहतरीन सीजन रहा।

अटापट्टू इससे पहले मेलबर्न रेनेगेड्स और पर्थ स्कॉर्चर्स के साथ डब्ल्यूबीबीएल में खेल चुकी हैं। पिछले सीजन में, ड्राफ्ट में चयनित न होने के बाद, उन्हें थंडर टीम में उनके तीन विदेशी खिलाड़ियों के कवर के रूप में शामिल किया गया था। थंडर ने 28 अक्टूबर को होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ अपना 2024-25 अभियान शुरू किया।

**सिडनी थंडर की अपडेटेड टीम-**

चमारी अटापट्टू, सामंथा बेट्स, हन्ना डार्लिंगटन, सास्किया होर्ले, अनिका लीरॉयड, फोबे लिचफील्ड, क्लेयर मूर, तानेले पेशेल, जॉर्जिया वोल, ताहलिया विल्सन।

## नये एनसीए में क्रिकेटरों के अलावा एथलीट भी कर सकेंगे अभ्यास : जय शाह



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने कहा है कि कुछ ही समय में नई राष्ट्रीय क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) तैयार हो जाएगी। जय शाह ने कहा कि इसमें क्रिकेट के अलावा एथलेटिक्स सहित अन्य खेलों से जुड़े खिलाड़ी भी अभ्यास कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि बोर्ड हमेशा भारतीय एथलीटों को बेहतर सुविधाएं देने के पक्ष में रहा है। साथ ही कहा, इस नये एनसीए में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा सहित कई अन्य ओलंपियन खिलाड़ी भी अभ्यास कर सकेंगे। नई एनसीए का उद्घाटन अगले महीने होने की संभावना है। ये हाई परफॉरमेंस सेंटर बीसीसीआई की सबसे बड़ी योजनाओं का हिस्सा रहा है। हाल ही में जय शाह ने नीरज चोपड़ा से मुलाकात के दौरान कहा था कि नये एनसीए में अन्य खेलों से जुड़े खिलाड़ियों को भी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। नई एनसीए में 100 पिचें होंगी, जिनमें 45 इनडोर टर्फ रहेंगे। इसकी खासियत ये है कि इसमें सभी प्रकार की पिचें हैं। जैसे ब्रिस्बेन के गाबा, डरबन के किंग्समीड या जो दुनिया के किसी भी अन्य स्टेडियम में देखी जाती हैं। भारतीय टीम विदेश दौरे पर जाने से पहले उन पिचों पर अभ्यास कर सकती है। जय शाह ने कहा कि हमें जो भी मिला, हम उसका सबसे अच्छा उपयोग करना चाहते थे।

### जूनियर पुरुष अकादमी हॉकी चैम्पियनशिप

# पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने पुरुष वर्ग का खिताब जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने फाइनल में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर को यहां मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में जोन ए और बी में 8-3 से हराकर दूसरी हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप 2024 के अंतिम दिन पुरुष वर्ग का खिताब जीता। दिन के पहले मैच में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर को हराकर प्रतियोगिता में अपना वर्चस्व स्थापित किया।

राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी के लिए, सुमित राजभर (6'), अमनदीप (11', 36'), गुरसेवक सिंह (17', 26'), इंद्रजीत सिंह (38'), अर्शदीप सिंह (43') और अर्जनदीप सिंह



( 59') गोल करने वाले खिलाड़ी थे, जबकि प्रताप टोप्पो (10'), बिलकन ओरम (28') और हरीश सिंह लीतानथेम (50') ने ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर के लिए गोल किए। तीसरे/चौथे स्थान के लिए हुए मैच में नामधारी इलेवन ने एसजीपीसी हॉकी अकादमी को 5-3 से हराया। नामधारी क के लिए उनके कप्तान नवराज सिंह (17', 19', 31', 37', 55') ने पांचों गोल दागे, जबकि एसजीपीसी हॉकी अकादमी के लिए हर्षदीप सिंह (12'), प्रभजोत सिंह (38') और दिलजीत सिंह (50') ने गोल किए। इससे पहले, ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर ने राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी को 2-2 (5-3 शूट आउट) से हराकर महिला वर्ग का खिताब जीता।

ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर के लिए, प्रभजोत कौर (34') और सुरेखा बहला (54') ने गोल किए, जबकि राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी के लिए रूबी (14') और रिबका (45') ने गोल किए। शूटआउट में, चेतना रानी दास ने दो बार गोल किया, प्रभजोत कौर, आनंदिता टोप्पो और पटेल प्रज्ञा ने भी अपने गोल बदले, जबकि राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी के लिए, नमनीत कौर और नेहा ने अपने गोल बदले।

# राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख बने रहेंगे वीवीएस लक्ष्मण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख के रूप में अपना कार्यकाल कम से कम एक साल के लिए बढ़ाएंगे। उनका शुरूआती तीन साल का अनुबंध इस सितंबर तक था।

ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, लक्ष्मण को आईपीएल की एक फ्रेंचाइजी मुख्य कोच पद के लिए चुन रही थी, लेकिन अब एनसीए में उनकी ड्यूटी के कारण यह पद संभव नहीं है। उन्हें भारतीय घरेलू क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ियों शितांशु कोटक, साईराज बहुतुले और ऋषिकेश कानितकर सहित कोचों की उनकी टीम द्वारा सहायता प्रदान किए जाने की संभावना है।

लक्ष्मण के अनुबंध का विस्तार बेंगलुरु के बाहरी इलाके में एक नए अत्याधुनिक एनसीए परिसर के उद्घाटन से पहले हुआ है, जिसकी



नींव कर्नाटक सरकार द्वारा 99 साल के पट्टे पर भूमि स्वीकृत किए जाने के 14 साल बाद जनवरी 2022 में रखी गई थी।

माना जा रहा है कि एनसीए में कम से कम 100 पिचें, 45 पिचों वाली इनडोर सुविधाएं, तीन अंतरराष्ट्रीय आकार के मैदान, एक आधुनिक पुनर्वास केंद्र, आवास सुविधाएं और ओलंपिक आकार के पूल के अलावा कई अन्य सुविधाएं होंगी। एनसीए निर्माण के अंतिम चरण में है। अगले साल की शुरूआत से इसके चालू होने की संभावना है।

लक्ष्मण की चुनौतियों में से एक पहले से ही व्यापक इंडिया ए टूर प्रोग्राम को आगे बढ़ाना होगा, जिसे उन्होंने राहुल द्रविड़ के कार्यकाल से आगे बढ़ाया है। हालांकि, हाल ही में व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के कारण इसमें बाधा आई है।

एनसीए में अपने पहले तीन साल के कार्यकाल के दौरान, लक्ष्मण ने चोट प्रबंधन, खिलाड़ी पुनर्वास, कोचिंग कार्यक्रमों और वरिष्ठ टीमों, आयु-समूह और महिला क्रिकेट के लिए रोडमैप तैयार करने के लिए निर्धारित मजबूत प्रक्रियाओं पर काम किया है।

### केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने मनु भाकर को किया सम्मानित

# 10 लाख रुपये का दिया चेक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में अपने आवास पर दोहरी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को सम्मानित किया और उन्हें 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

इससे पहले पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर ने इतिहास रच दिया था जब वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। भाकर और उनके साथी सरबजोत सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

मनु और सरबजोत की जोड़ी ने कांस्य पदक के प्ले-ऑफ मैच में दक्षिण कोरिया के ली वोनहो और ओह ये जिन को 16-10 से हराया। मनु और सरबजोत दोनों ने दक्षिण कोरियाई निशानेबाजों के खिलाफ श्रृंखला में लगातार 10 अंक बनाए और भारत के लिए दूसरा पदक जीता। भाकर ने महिलाओं की व्यक्तिगत 10 मीटर



एयर पिस्टल स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल करके ओलंपिक में भारत का पदक खोला, इसके बाद, सरबजोत सिंह और भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल (मिश्रित टीम) स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जो भारत का पहला शूटिंग टीम पदक था।

अपने अंतिम इवेंट में, वह ऐतिहासिक तीसरे पदक से चूक गईं और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। वह ओलंपिक में तीन पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने का अवसर चूक गईं। भाकर स्वतंत्रता के बाद पेरिस ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली भारतीय एथलीट हैं। इससे पहले 1900 ओलंपिक में, नॉर्मन प्रिचर्ड ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दो पदक जीते थे, दोनों ही 200 मीटर और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक थे।

# दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले संस्करण के लिए तैयार ईशांत शर्मा, ऋषभ पंत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के उद्घाटन संस्करण में भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी ऋषभ पंत और ईशांत शर्मा अपने शानदार कौशल से प्रशंसकों को चकित करने के लिए तैयार हैं। दोनों खिलाड़ी पुरानी दिल्ली 6 टीम का हिस्सा हैं। डीपीएल शनिवार से नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू होने वाला है।

पुरानी दिल्ली 6 डीपीएल के अपने शुरूआती मैच में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स (डीपीएल) का सामना करेगी। यह डीपीएल का भी



पहला मैच होगा। पुरानी दिल्ली 6 में विस्फोटक विकेटकीपर पंत और अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा के इर्द-गिर्द बनी एक जबरदस्त टीम है। फ्रैंचाइजी ने ऑलराउंडर ललित यादव और बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम शर्मा को भी टीम में शामिल किया है। पुरानी दिल्ली 6 ने 20 वर्षीय सलामी बल्लेबाज और ऑफ स्पिनर अर्पित राणा और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को भी टीम में शामिल किया।

पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने फ्रैंचाइजी की प्रेस रिलीज के हवाले से कहा, हम इस तरह के रोमांचक लाइनअप के साथ डीपीएल की शुरूआत करके रोमांचित हैं। ईशांत शर्मा और ऋषभ पंत के होने से हमारे पास जबरदस्त अनुभव और कौशल है, जिसने हमारे युवा खिलाड़ियों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया है। हमें विश्वास है कि पुरानी दिल्ली 6 लीग में एक मजबूत प्रभाव डालेगी।

# ग्रां शतरंज टूर : प्रज्ञानानंदा फिरौजा की बढ़त कायम

**सेंट लुइस (अमेरिका), एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा यहां सेंट लुइस रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में अंतिम दिन भी आखिरी स्थान पर बने हुए हैं। हालांकि इससे पहले उन्होंने ब्लिट्ज वर्ग में दो बाजियां जीतीं।

प्रज्ञानानंदा ने टूर्नामेंट से पूर्व दावेदारों में शामिल रूस के इयान नेपोमनियाश्चि और रूस के हिकारू नाकामुरा पर दो जीत दर्ज की। इसके अलावा उन्होंने टूर्नामेंट में शीर्ष पर चल रहे फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा से ड्रा खेला। पर वह ब्लिट्ज के पहले चरण के बचे हुए छह मैच गंवा बैठे जिससे वह तालिका में निचले स्थान पर बने हुए हैं। अब ब्लिट्ज वर्ग में केवल नौ ही दौर बचे हैं। फिरौजा ने मौकों का पूरा फायदा उठाया और 17.5 अंक से एकल बढ़त बनाये हैं। वह अमेरिका के वेस्ले सो और नेपोमनियाश्चि से 1.5 अंक आगे चल रहे हैं। नाकामुरा ने ब्लिट्ज वर्ग में प्रबल दावेदार के तौर पर शुरूआत की और वह 13.5 अंक से छठे स्थान पर बने हुए हैं। वहीं हमवतन फैबियानो कारूआना के 13 अंक हैं। अमेरिका के लेनिय डोमिंगुएज 12 अंक से आठवें स्थान पर हैं। वह उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव से आगे चल रहे हैं जिनके 10 अंक हैं।

## एक नजर

### पीकेएल नीलामी 2024: गुरदीप को पटना पाइरेट्स ने 59 लाख रुपये में खरीदा

**मुंबई, एजेंसी।** प्रो कबड्डी लीग 2024 की नीलामी के दूसरे दिन शुक्रवार को मुंबई में गुरदीप को पटना पाइरेट्स ने 59 लाख रुपये में खरीदा। सातवें सीजन में यूपी योद्धा के साथ पदार्पण करने वाले इस ऑलराउंडर ने पिछले साल तक इसी फ्रैंचाइजी के साथ काम किया। पीकेएल के आठवें सीजन में योद्धा चौथे स्थान पर रहे, जो लीग के इतिहास में उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

हालांकि, पिछले सीजन में योद्धा 11वें स्थान पर रहे, जो तेलुगु टाइटन्स से थोड़ा ऊपर था। पीकेएल 10 में गुरदीप ने 16 मैच खेले और 30 अंक अर्जित किए, जिसमें उनका टैकल स्ट्राइक रेट 51 प्रतिशत रहा। इसके अलावा पटना ने दक्षिण कोरियाई रेडर जैंग कुन ली को 17.50 लाख रुपये में खरीदा। इस तरह रेडर की चार साल बाद भारत वापसी हुई। ली ने आखिरी बार पीकेएल में सीजन सात में खेला था, संयोग से उस समय भी वह पटना पाइरेट्स के साथ ही थे। उस सीजन में, पाइरेट्स अंक तालिका में आठवें स्थान पर रहे।

दक्षिण कोरियाई रेडर ने उद्घाटन सत्र में बंगाल वॉरियर्स के साथ लीग में पदार्पण किया और फ्रैंचाइजी के साथ छह सीजन पूरे किए। जब बंगाल वॉरियर्स ने उन्हें 80.30 लाख रुपये की कीमत पर रिटेन करने का फैसला किया, तो वह पांचवें सीजन में सबसे महंगे पिक थे। बंगाल की टीम के साथ उनका सबसे अच्छा सीजन छठा सीजन था, जब टीम प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन एलिमिनेटर में बाहर हो गई।

### रूट तोड़ सकते है सचिन के सर्वाधिक टेस्ट रन का रिकार्ड: पोंटिंग

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि जो रूट महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रनों का सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं बशर्ते इंग्लैंड के इस बल्लेबाज की रनों की भूख और रन बनाने की निरंतरता अगले चार वर्ष तक बरकरार रहे। रूट टेस्ट क्रिकेट में 12000 रन का आंकड़ा पार करने वाले सातवें बल्लेबाज बन गए। उन्होंने अब तक 143 टेस्ट में 12027 रन बना लिए हैं। तेंदुलकर के नाम 200 टेस्ट में 15921 रन हैं। पोंटिंग ने 168 टेस्ट में 13378 रन बनाए हैं और वह सूची में दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्?ट्रेलिया के पूर्व कप्?तान पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, "रूट यह रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। वह 33 वर्ष के हैं और 3000 रन ही पीछे हैं। देखना है कि वह कितने टेस्ट खेलते हैं।" उन्?होंने आगे कहा, "अगर जो रूट साल में 10 से 14 टेस्ट खेलते हैं और प्रतिवर्ष 800 से 1000 रन बनाते हैं तो तीन-चार सालों में वहां तक पहुंच सकते हैं। अगर इंग्लिश बल्?लेबाज की रनों की भूख बरकरार रहती है तो वह सचिन तेंदुलकर के महा रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं।"

### दक्षिण अफ्रीका-वेस्टइंडीज दूसरे टेस्ट के पहले दिन 17 विकेट गिरे

**प्रोविडेंस, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा और कुल 17 विकेट गिरे । शामार जोसेफ ने 33 रन देकर पांच विकेट लिये जिसकी मदद से मेजबान टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 160 रन पर आउट कर दिया । इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया।

दक्षिण अफ्रीका के लिये तेज गेंदबाज हरफनमौला वियान मूल्डर ने 18 रन देकर चार विकेट चटकाये और पहले दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज के सात विकेट 97 रन पर गिर गए थे । वह अभी भी दक्षिण अफ्रीका के पहली पारी के स्कोर से 63 रन पीछे है । जैसन होल्डर ने वेस्टइंडीज के लिये सर्वाधिक नाबाद 33 रन बनाये जबकि दक्षिण अफ्रीका के लिये डैन पीट ने नाबाद 38 रन की पारी खेली । त्रिनिदाद में खेला गया वर्षाबाधित पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था ।

### येरे गौड़ होंगे कर्नाटक के नये कोच

**बेंगलुरू, एजेंसी।** पूर्व बल्लेबाज के येरे गौड़ को आगामी घरेलू सत्र के लिये कर्नाटक का नया कोच नियुक्त किया गया है । वह पी वी शशिकांत की जगह लेंगे जो पिछले दो सत्र में कर्नाटक के कोच रहे थे । गौड़ प्रदेश की अंडर 23 टीम के साथ काम कर रहे थे । इससे पहले 2018 से चार सत्र तक सीनियर टीम के कोच रहे थे । पूर्व तेज गेंदबाज मंसूर अली खान गेंदबाजी कोच रहेंगे । पूर्व बल्लेबाज करूणा जैन को सीनियर और अंडर 23 महिला टीम का कोच बनाया गया है ।

### वेंकटेश अय्यर के दो गेंद पर दो विकेट से जीती लैंकशायर

**लंदन, एजेंसी।** वेंकटेश अय्यर ने वनडे कप में लैंकशायर की ओर से खेलते हुए 49वें ओवर में वूस्टरशायर के लगातार दो गेंद पर दो विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाई। बुधवार को खेले गए इस मुकाबले में लैंकशायर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 237 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेंकटेश ने 42 गेंद में दो चौके लगाते हुए 25 रनों की पारी खेली। वेंकटेश सातवें गेंदबाजी विकल्प के तौर पर फिर से 49वें ओवर गेंद थमाई गई। वह पांच ओवर पहले डाल चुके थे। उस समय कप्तान जेक लिबी 104 गेंद में 83 रन बनाकर खेल रहे थे। वूस्टरशायर को आखिरी दो ओवरों में 15 रनों की आवश्यकता थी और उनके पास दो ही विकेट शेष थे। 49वां ओवर करने आये वेंकटेश की पहली दो गेंदों पर एक चौका लेग बाय और दूसरा बाय के तौर पर आया और लैंकशायर की मुश्किलें बढ़ने लगी थी। तीसरी गेंद वेंकटेश ने वाइड फेंक दी। इसके बाद अगली तीन गेंद पर एक-एक रन और एक वाइड का आया। अब लग रहा था कि वूस्टरशायर यह मुकाबला जीत लेंगे। इसी बीच वेंकटेश की गेंद पर टॉम हिनली डीप मिडविकेट पर पुल करके बाउंड्री निकालने के प्रयास में कैच आउट हो गए। अगली गेंद पर हैरी डेरली स्लॉग करने का प्रयास करते हुए चूक गए और पगबाधा हो गए। इसी के साथ लैंकशायर यह रोमांचक मुकाबला तीन रनों से जीत लिया।

### दो ड्रॉ के साथ नए ला लीगा सीजन की हुई शुरूआत

मैड्रिड, एजेंसी। एथलेटिक क्लब बिलबाओ और गेटाफे ने गुरुवार रात एथलेटिक के सैन मैम्स स्टेडियम में 1-1 से ड्रॉ के साथ नए ला लीगा सीजन की शुरूआत की। एथलेटिक के आक्रामक मिडफील्डर ओइहान सैंसेट ने 27वें मिनट में मैच का पहला गोल किया, हालांकि क्रिसेंटस उचे, जो पहली बार ला लीगा में खेल रहे थे, ने 64वें मिनट में हेडर के जरिये गोल कर अपनी टीम को 1-1 से बराबरी दिला दी।

स्पेन के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निको विलियम्स 20 मिनट के खेल के बाद एथलेटिक के लिए मैदान पर आए और कुछ मिनटों तक जादू दिखाया, लेकिन गेटाफे के गोलकीपर डेविड सोरिया ने कुछ महत्वपूर्ण बचाव किए। अंत में मैच 1-1 से ड्रा रहा। पिछले सीजन में तीसरे स्थान पर रहने वाली गिरोना को सेविले के बेनिटो विलामारिन स्टेडियम में बेटिस के खिलाफ एक अंक से संतोष करना होगा।

मार्क बार्ट्रा ने कॉर्नर के बाद खेल के पांचवें मिनट में ही बेटिस को आगे कर दिया। घरेलू टीम ने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ बेहतर मौके बनाए, जिसने गेंद पर अधिक नियंत्रण किया। हालांकि गेब्रियल मिसेहौय ने मैच में पदार्पण करने के एक मिनट बाद ही 72वें मिनट में गोल कर गिरोना को 1-1 से बराबरी दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।



## फैमिली का प्यार और सम्मान ही हाउस वाइफ की सैलरी है, वे परिवार की रीढ़ होती हैं!

दिव्या खोसला को अगर विविधरंगी कलाकार कहा जाए, तो कुछ गलत न होगा। अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों से अपने एक्टिंग करियर का आगाज करने वाली दिव्या ने जब निर्देशक के रूप में यारियां बनाई, तो उनकी यह फिल्म 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई थी। बीते सालों में कई म्यूजिक विडियोज में काम कर चुकीं दिव्या को यारियां 2 में अपने रोल के लिए तारीफ मिली। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी फिल्म सावी को लेकर। उनकी यह फिल्म ओटीटी पर तकरीबन 15 से भी ज़्यादा देशों में नंबर वन पर ट्रेंड कर रही है। दिव्या का मानना है कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। उनसे एक खास बातचीत।

**ओटीटी पर आने के बाद आपकी फिल्म सावी दुनिया भर के तकरीबन 15 से भी ज़्यादा देशों में नंबर वन पर ट्रेंड कर रही है? आपको क्या लगता है, दर्शकों को इसमें क्या भाया?**

मुझे बेहद खुशी हो रही है कि दुनिया भर के 15 देशों में ये फिल्म ट्रेंड कर रही है और ग्लोबल ऑडियंस द्वारा देखी जा रही है। सही मायनों में ये मेरी पहली फिल्म है, जहां मुझे एक अभिनेत्री के रूप में खुद को साबित करने का मौका मिला। मेरे निर्माता मुकेश भट्ट ने भी यही कहा था कि मुझे अभी तक मौका नहीं मिला है, मगर जब मौका दिया जाएगा, तभी मैं खुद को साबित कर पाऊंगी।

**कहानी, किरदार और सभी कलाकारों का अभिनय लोगों को भा रहा है**

यह एक महिला प्रधान फिल्म है और पूरी जिम्मेदारी मुझ पर ही थी। अब जब ओटीटी पर इस फिल्म को इतना प्यार मिल रहा है, तो मैं खुश हूं कि मेरी मेहनत रंग लाई। इसकी कहानी ने लोगों को काफी कनेक्ट किया है। हमारे निर्देशक अभिनय देव ने इसे जिस थ्रिलर अंदाज में पेश किया, वो किरदार लोगों को पसंद आया। एक औरत और वो भी हाउसवाइफ का जेल तोड़ कर अपने निर्दोष पति को आजाद कराना लोगों को दिलचप्स लगा। एक हाउसवाइफ अपने परिवार के लिए जिंदगी भर खटती रहती है, मगर हम उसके एफर्ट्स को अहमियत नहीं देते। यह किरदार हमारे कल्चर के सत्यवान और सावित्री से लिया गया है, जहां सावित्री अपने पति सत्यवान की जान बचाने के लिए यमराज से लड़ गई थी। कहानी, किरदार और सभी कलाकारों का अभिनय लोगों को भा रहा है।

**फिल्म के अपने साथी कलाकार अनिल कपूर से आपने क्या सीखा?**

बहुत कुछ। काम को लेकर उनमें एक पैशन है। मैं भी उन्हीं की तरह जुनूनी हूं, तो उनके साथ काम करके बहुत मजा आया। उन्हें तो इंडस्ट्री में कई साल हो गए हैं, मगर इसके बावजूद काम को लेकर उनका लगाव जरा भी कम नहीं हुआ है। वे लगातार काम में लगे रहते हैं। मुझे याद है, अनिल कपूर जी के साथ शूटिंग का पहला दिन था। एक्शन सीन में चोटिल हो जाने के कारण मैं सेट पर रो रही थी। बहुत दर्द हो रहा था। रात के ढाई बज रहे थे और अनिल जी मेरे पास आए और बोले कि पिक्चर हिट है। मेरी जिस फिल्म में भी एक्टर को चोट लगी है, वो फिल्म जरूर चली है। आज जब इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर सराहा जा रहा है, तो मुझे उनकी बात याद आ रही है। हालांकि शूटिंग में चोट लगने के बाद का दौर बहुत मुश्किल था। मेरा पूरा चेहरा छिल गया था। मैं पेनकिलर और स्टेरॉयड पर थी। मैंने दो दिन का ब्रेक लिया और फिर काम में लग गई।

एक्शन सीन में चोटिल हो जाने के कारण मैं सेट पर रो रही थी। बहुत दर्द हो रहा था। रात के ढाई बज रहे थे और अनिल जी मेरे पास आए और बोले कि पिक्चर हिट है



## फिर आई हसीन दिलरुबा की रिलीज से पहले तापसी ने दिया तीसरे भाग पर अपडेट, कनिका के साथ फिर मिलाएंगी हाथ

अभिनेत्री तापसी पन्नू इन दिनों अपनी फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। वे लगातार फिल्म के प्रचार में व्यस्त हैं। फिल्म में वे विक्रांत मैसी और सनी कौशल के साथ नजर आएंगी। वहीं अब हाल ही में फिल्म में रानी कश्यप की भूमिका निभा रही अभिनेत्री तापसी ने फिल्म के तीसरे भाग के बारे में संकेत दिए हैं। उन्होंने बताया है कि फिल्म के हसीन दिलरुबा 3 पर काम चल रहा है। फिल्म की पटकथा लेखिका कनिका ढिल्लों के साथ भविष्य में आगामी परियोजना के बारे में उन्होंने संकेत दिए हैं।

फिल्म के प्रचार के दौरान हाल ही में तापसी ने स्क्रीन राइटर कनिका ढिल्लन के साथ अपनी भविष्य की योजनाओं का खुलासा किया। जब उनसे पूछा गया कि क्या हसीन दिलरुबा 3 पर काम चल रहा है तो तापसी ने सकारात्मक टिप्पणी के साथ संकेत दिया कि न केवल तीसरा भाग, बल्कि प्रशंसक कई और किश्तें देख पाएंगे। उन्होंने यह भी बताया है कि वे चाहती हैं कि थ्रिलर फ्रेंचाइजी कभी खत्म न हो। तापसी ने कहा, मैं विक्रांत और सनी की तरह ज्यादा पढ़ती नहीं हूं, लेकिन मैं हसीन दिलरुबा के तीसरे भाग के लिए कनिका को किताब दूंगी। उम्मीद है कि हसीन दिलरुबा बार-बार आती रहेगी और कभी जाए ही ना। आप भविष्य में भी मेरे और कनिका के बीच कई सहयोग देखेंगे। अब हम ऐसी कई चीजों के बारे में सोच रहे हैं, जो हम साथ मिलकर कर सकते हैं। दिलचस्प बात यह है कि फिर आई हसीन दिलरुबा तापसी और लेखिका कनिका ढिल्लों के बीच पांचवां सहयोग है। अभिनेता-लेखक की जोड़ी ने पहले मनमर्जियां, हसीन दिलरुबा, रश्मि रॉकेट और डंकी में काम किया है। कनिका के साथ अपनी बहन जैसी बॉन्डिंग और केमिस्ट्री के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, हर गुजरते साल के साथ हम एक-दूसरे के साथ और भी ज्यादा स्कैंडलिंग होते जा रहे हैं। स्कैंडल्स तेजी से बढ़ रहे हैं।

## राम चरण की गेम चेंजर को लेकर आया बड़ा अपडेट

**मेगा पावर स्टार राम चरण के सभी प्रशंसक इन दिनों उनकी आगामी फिल्म गेम चेंजर की हर जानकारी पर अपनी नजर रखते हैं। प्रशंसकों को उनकी फिल्म गेम चेंजर की रिलीज का बेसब्री से इंतजार हैं। इस फिल्म से जुड़ी एक रोमांचक जानकारी सामने आई है, जिसे सुनकर राम चरण के प्रशंसक खुशी से झूम रहे हैं।**

गेम चेंजर एक आगामी भारतीय तेलुगु भाषा की राजनीतिक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन एस शंकर ने किया है और इसका निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस ने किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में राम चरण ट्रिपल भूमिकाएं निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में राम चरण के अलावा कियारा आडवाणी, अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत, जयराम, सुनील, समुथिरकानी और नासर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रशंसित शंकर शनमुगम द्वारा निर्देशित इस बहुप्रतीक्षित राजनीतिक थ्रिलर में फिल्म में जो रोमांचक जानकारी सामने आई है कि अब गेम चेंजर की डबिंग का काम आज से शुरू किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की डबिंग का काम आधिकारिक तौर पर हैदराबाद में शुरू हो गया है, जिसमें मुख्य टीम ने पारंपरिक पूजा समारोह में भाग लिया। श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के तहत मशहूर निर्माता दिल राजू द्वारा निर्मित इस फिल्म में प्रतिभाशाली थमन द्वारा रचित साउंडट्रैक है। यह दिसंबर 2024 में स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है, और सटीक रिलीज की तारीख जल्द ही बताई जाएगी।



## कृतिका ने किया ग्यारह ग्यारह के किरदार को यूं बनाया खास


अभिनेत्री कृतिका कामरा वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह में अपना पुलिस ऑफिसर का अंदाज दिखाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसके साथ वे इस सीरीज को लेकर उत्साहित भी हैं। सीरीज में उन्होंने डीएसपी वामिका रावत की भूमिका निभाई है। हाल ही में कृतिका कामरा अमर उजाला के शुक्ल पक्ष में ग्यारह ग्यारह के साथी राघव जुयाल और धैर्य करवा के साथ शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने सीरीज में अपने किरदार को लेकर दिलचस्प खुलासे किए और अपनी निजी जिंदगी के बारे में भी मजेदार बातें बताईं। अभिनेत्री कृतिका कामरा ने ग्यारह ग्यारह वेब सीरीज की कहानी को लेकर कहा कि इसमें केस के बीच टाइमलाइन आपस में जुड़ रही है, लेकिन कोई टाइम ट्रैवल नहीं है और इसी वजह से उन्हें यह कहानी काफी दिलचस्प लगी, जिसके लिए उन्होंने तुरंत इस कहानी को हां कह दी। अपने किरदार और कहानी के बारे में दिलचस्प खुलासा करते हुए कृतिका ने बताया कि वे इस सीरीज में तीन केस सुलझाते करते हैं और दोनों ही टाइमलाइन में कृतिका का किरदार वहां मौजूद है। दोनों के बीच उम्र का भी अंतर है। ग्यारह ग्यारह बजने पर जो वॉकी-टॉकी का कनेक्शन होता है, वह काफी दिलचस्प है। यह सीन काफी मजेदार है, जिसे भारत में पहले कभी नहीं देखा गया है। कृतिका ने कहा कि उनके लिए यह किरदार काफी चैलेंजिंग था। उन्होंने कहा कि वे काफी अलग-अलग किरदार निभाना चाहती हैं। पहले गैंगस्टर का किरदार निभा चुकी हैं और अब इस सीरीज में डीएसपी का किरदार निभाने जा रही हैं। अपनी निजी जिंदगी के बारे में भी बताते हुए कृतिका ने कहा कि वे बरेली में काफी कम दिन रही हैं। उनका कानपुर मध्य प्रदेश जैसी जगहों पर बचपन में खूब आना-जाना हुआ है और इतनी जगह पर रहने की वजह से ही उनकी हिंदी इतनी अच्छी हुई है। सीरीज में पुलिस वाली का किरदार निभाने के बारे में बात करते हुए कृतिका ने बताया कि यह किरदार काफी मुशिकल था। उन्होंने इससे पहले कई सीरीज और फिल्में देखी हैं, जिसमें अन्य अभिनेत्रियों ने महिला पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाई है, लेकिन वे किसी को कॉपी नहीं करती हैं, क्योंकि सबका किरदार और किरदार में घुसने की क्षमता अलग होती है। वे सभी के काम की प्रशंसा करती हैं, लेकिन अपने किरदार को लेकर वह चाहती हैं कि उनका किरदार असली लगे। जब पर्दे पर प्रशंसक उन्हें देखें तो कहें कि हां यह भी एक तरीका है किरदार को लोगों से जोड़ने का। इसके साथ ही कृतिका कामरा ने बताया कि उन्होंने हाल ही में ओटीटी पर वेब सीरीज दहाड़ देखी है, जिसमें उन्होंने पुलिस ऑफिसर के किरदार में सोनाक्षी सिन्हा को देखा। उन्होंने काफी अच्छा अभिनय किया है। कृतिका उनकी तारीफ करती हैं, लेकिन वे चाहती हैं कि ग्यारह ग्यारह में उनका किरदार काफी अलग हो और उसके लिए उन्होंने काफी मेहनत की है।



## टाइम ट्रेवल पर आधारित फिल्म में नजर आएंगी श्रद्धा

इन दिनों श्रद्धा कपूर अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म स्त्री 2 को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म के प्रमोशन में लगातार व्यस्त श्रद्धा की कई फिल्में इस साल तो कुछ अगले साल रिलीज होंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रद्धा की आने वाली फिल्मों में स्त्री 2 के बाद स्त्री 3 से लेकर टाइम ट्रेवल पर आधारित फिल्म शामिल है। यही नहीं बल्कि एक फिल्म में श्रद्धा कपूर नागिन के किरदार में भी नजर आ सकती हैं। सबसे पहले बात करते हैं श्रद्धा की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म स्त्री 2 की। इस फिल्म में श्रद्धा के अलावा राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। स्त्री 2 अमर कौशिक द्वारा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियो के बैनर तले दिनेश विजन और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। यह एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। अब बात करते हैं श्रद्धा कपूर की एक और आने वाली फिल्म की, जो टाइम ट्रेवल पर आधारित है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रद्धा एक टाइम ट्रेवल पर आधारित फिल्म में नजर आएंगी। बहरहाल, फिल्म का नाम अभी तक तय नहीं हुआ है और ना ही फिल्म की बाकी स्टारकास्ट के बारे में कोई जानकारी सामने आई है, लेकिन इतना जरूर तय है कि इस फिल्म में श्रद्धा कपूर जरूर नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नागिन नाम की फिल्म या फिर फिल्म में नागिन के किरदार में श्रद्धा दिखाई देंगी। यह किरदार पहले दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी ने निभाया था। हालांकि श्रद्धा कपूर के लिए यह रोल आसान होने वाला नहीं है। लेकिन, श्रद्धा को इस रोल में देखना वाकई दिलचस्प होगा। बता दें फिल्म के प्रोड्यूसर हैं निखिल द्विवेदी और डायरेक्टर विशाल फुरिया। फिलहाल, फिल्म के बाकी कलाकारों की घोषणा नहीं हुई है।





## आईएफएफएम 2024 में चंदू चैंपियन का जश्न मनाएंगे कार्तिक

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन आखिरी बार फिल्म चंदू चैंपियन मं नजर आए थे। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रुपये बटोरने में असफल साबित हुई थी। मगर फिल्म की कहानी ने दर्शकों के दिलों को छू लिया था। ये फिल्म भारत के पहले पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर पर आधारित है। बताया जा रहा है कि कार्तिक आर्यन और निर्देशक कबीर खान मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफएम) में इस फिल्म का जश्न मनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### फैंस के साथ भी करेंगे सेशन

भारतीय फिल्म महोत्सव के 15वें संस्करण में कार्तिक आर्यन और कबीर खान के साथ एक फैन इंटरेक्टिव सेशन भी होगा। इसे लेकर दोनों 17 अगस्त को चंदू चैंपियन के बारे में लाइव दर्शकों से बात करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सत्र में दोनों खिलाड़ी स्पोर्ट्स बायोपिक के निर्माण के बारे में बात करेंगे। वे इसमें आई चुनौतियों और मुरलीकांत पेटकर की कहानी को जीवंत करने के लिए आवश्यक असाधारण समर्पण के बारे में दर्शकों के साथ जानकारी साझा करेंगे।

### 15 से शुरू होगा आईएफएफएम

चंदू चैंपियन जून 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कार्तिक आर्यन ने फिल्म में मुरलीकांत पेटकर की भूमिका निभाई थी। अभिनेता ने अपने किरदार को बखूबी पर्दे पर उतारा। इसके लिए उन्हें खूब सराहना भी मिली। यह दूसरी बार होगा जब कार्तिक इस महोत्सव में शामिल होंगे। आईएफएफएम 15 अगस्त से शुरू होगा। उन्होंने पहली बार 2023 में भारतीय सिनेमा के उभरते वैश्विक भारतीय सुपरस्टार के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी।

### मितु भौमिक ने कही ये बात

महोत्सव के निदेशक मितु भौमिक लांगे ने एक बयान में कहा, चंदू चैंपियन पर उनके सहयोग ने खेल बायोपिक के लिए एक नया मानक स्थापित किया है, जो दर्शकों को अपनी शक्तिशाली कहानी और कार्तिक आर्यन द्वारा दिए गए उनके असाधारण प्रदर्शन से प्रेरित करती है। मुझे यकीन है कि लाइव दर्शकों के साथ यह फैन इंटरेक्टिव सेशन काफी दिलचस्प होगा।

## यश ने शुरू की टॉक्सिक की शूटिंग, बोले- द जर्नी बिगिन्स

कन्नड़ अभिनेता यश ने अपनी बहुचर्चित फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग शुरू कर दी है। बता दें टॉक्सिक से पहले यश केजीएफ 2 में नजर आए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टॉक्सिक की शूटिंग आज यानी 8 अगस्त से शुरू हो गई है। यश ने आज कुछ ही देर पहले सुबह एक तस्वीर साझा की और इसकी पुष्टि की। इस फिल्म की शूटिंग की शुरुआत आज से हो गई है। तस्वीर में यश एक नए लुक में नजर आ रहे हैं उन्होंने एक्स पर फोटो साझा करते हुए लिखा, यात्रा शुरू हुई – टॉक्सिक। फिल्म केजीएफ 2 के बाद से ही यश के प्रशंसक फिल्म टॉक्सिक का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग शुरू करने से पहले यश ने कर्नाटक के कई मंदिरों में भगवान के दर्शन किए और उनसे अपनी फिल्म की सफलता के लिए आर्शिवाद लिया। इस दौरान यश के साथ फिल्म निर्माता वेंकट के. नारायण और उनके परिवार के सदस्य भी थे। यश ने श्री सदाशिव रुद्र सूर्य मंदिर, धर्मस्थल में श्री मंजुनाथेश्वर मंदिर और सुब्रमण्य में कुक्के सुब्रमण्य मंदिरों के दर्शन किए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यश अपनी आगामी फिल्म टॉक्सिक में एक शातिर अंडरवर्ल्ड नेता की भूमिका निभाते नजर आएंगे।

